# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार, 4 अप्रैल 2026












## खबर संक्षेप

### अप्रैल तक जारी होगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट



**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड से शैक्षिक सत्र 2025-26 में 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा देने वाले छात्रों की अपने रिजल्ट के लिए बेचैनी हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रही है। छात्र टकटकी लगाए रिजल्ट से जुड़ी खबरों पर नजर रख रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश इन छात्रों का इंतजार खत्म करने के लिए काफी तेजी से प्रयास कर रहा है। बोर्ड 10वीं एवं 12वीं दोनों ही कक्षाओं का रिजल्ट 15 अप्रैल 2026 के आस-पास जारी करने की कोशिशों में लगा हुआ है।

### फसल काटते समय धड़ थ्रेशर में कुचला, मौत



**मुरैना।** मुरैना में गुरुवार रात फसल काटते समय एक युवक थ्रेशर मशीन की चपेट में आ गया। उसका धड़ उसमें कुचल गया। सिर्फ कमर के नीचे का हिस्सा बचा है। वह पत्नी के साथ यहां काम करने आया था। घटना चिन्नौनी थाना क्षेत्र के मोहन पुरा गांव की है। खेत मालिक कल्ला सिकरवार के खेत पर फसल काटने का काम चल रहा था। यहां श्योपुर से आए मजदूरों की टोली काम कर रही थी।

### बिल्डिंग का मलबा गिरा रेलवे कर्मचारी की मौत



**खंडवा।** खंडवा के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन पुलिया इलाके में शुक्रवार को एक हादसा हो गया। मीटर गेज के पुराने और जर्जर रेलवे कार्यालय से लोहा निकालने के दौरान अचानक भवन का हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। मलबे की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी शशिकांत कश्यप पिता रामदुलारे कश्यप (41), निवासी शंकर नगर खंडवा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। खंडहर बने इस पुराने रेलवे भवन से स्क्रैप निकालने का कार्य चल रहा था।

उज्जैन में 'महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम' इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का किया शुभारंभ

# धार्मिक नगर उज्जैन में 15 करोड़ लागत के विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

सीएम डॉ. यादव ने कहा- उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में भी स्थापित किया जा रहा

*केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के स्थान पर महाकाल स्टैंडर्ड टाइम (एमएसटी) की तार्किक स्थापना करें*



सीएम डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सब के लिए गौरव का विषय है कि उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को 15 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। वास्तव में यह अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस नीति की भावना के अनुरूप युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की माटी में विज्ञान, गणित, खगोल और ब्रह्मांड चिंतन सदियों से विद्यमान है। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है, जहां प्राचीन काल में सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित हुई।

- अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का यह सशक्त प्रयास
- इस मौके पर विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी विशेष रूप से मौजूद थे



विज्ञान केंद्र का लोकार्पण

*महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम से स्टैंडर्ड टाइम तक ले जाना इस विमर्श का उद्देश्य: केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान*

*नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का हुआ लोकार्पण, 'द हेरिटेज इकाई की विस्तार परियोजना का हुआ भूमिपूजन*

### उज्जैन और डोंगला के आधार पर खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत



डॉ. यादव ने अपने ग्रीनविच भ्रमण के अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्जैन और डोंगला के आधार पर होने वाली खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत है। डोंगला को एस्ट्रोनोमिकल स्टडीज के लिए विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उज्जैन का यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर सिद्ध होगा। भूमध्य रेखा और कर्क रेखा का कटाव या केंद्र बिंदु पहले उज्जैन में था, जो अब उज्जैन से 32 किमी दूर डोंगला में शिफ्ट हो गया है। यहां 21 जून को सूर्य की छाया शून्य हो जाती है। ग्रीनविच के मीन टाइम में रात को 10 बजे तक सूर्य के दर्शन होते हैं।

### *हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकलना होगा*

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जोर दिया कि हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकालकर सृजनशीलता, डिजाइन थिंकिंग और क्रिटिकल थिंकिंग की ओर ले जाना होगा। आज का युग एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग का है, भारत के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर इस दौड़ में पीछे न रहें, इसके लिए स्कूली स्तर पर ही एआई जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।

दतिया विधानसभा क्षेत्र शून्य घोषित

## विधानसभा सचिवालय ने रिक्त घोषित की, नोटिफिकेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र 22-दतिया से निर्वाचित सदस्य राजेंद्र भारती का निर्वाचन शून्य घोषित करने की अधिसूचना जारी हो गई। सुप्रीम कोर्ट से तीन वर्ष की सजा व एक लाख रुपए के जुर्माने की सुनाए जाने के बाद विधानसभा सचिवालय ने देर रात यह निर्णय लिया है। हालांकि, कोर्ट ने ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए उन्हें दो महीने का समय दिया है। अब यदि ऊपरी अदालत से उनके फैसले पर स्थगन मिलता है तो विधानसभा नियमों के तहत उनकी सदस्यता फिर से बहाल कर सकती है। नई दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने एक दिन पहले ही विधायक भारती के खिलाफ निर्णय पारित किया है। विधानसभा ने अपने नोटिफिकेशन में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में संविधान के अनुच्छेद 191 (1) (ई) सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत राजेंद्र भारती उक्त तिथि अर्थात 2 अप्रैल, 2026 से विधान सभा की सदस्यता से निरर्हित हो गए हैं।

ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए दो महीने का समय



हमलावर कार से गांव पहुंचे थे

## मुरैना में 11 साल की बच्ची के पर फेंका तेजाब, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏩ मुरैना

जिले के खाड़ोली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 11 साल की बच्ची पर बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई है। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार हमलावर कार से गांव पहुंचे और बच्ची पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए हैं। हमले में बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिजन ने बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बर्न वार्ड में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर बनी हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।


सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश



एक दिन बाद थाने पहुंचकर बताई आपबीती

## राजगढ़ में महिला से तीन बार हुई दुष्कर्म की घटना

आरोपी ने धमकाया-मुह बंद रखना



हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार एक 35 वर्षीय महिला जीरापुर थाने पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि नर्मदेश्वर कॉलोनी निवासी मुकेश पिता रामप्रताप दांगी उसे भंडावद रोड स्थित जंगल की ओर ले गया। आरोप है कि 31 मार्च की रात करीब 10 बजे से 1 अप्रैल की रात करीब 2 बजे के बीच आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती तीन बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार घटना के दौरान आरोपी लगातार उसे धमकाता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की बात कहता रहा। डर और सदमे के कारण वह तुरंत किसी को कुछ नहीं बता सकी, लेकिन एक दिन बाद गुरुवार को महिला हिम्मत जुटाकर थाने पहुंची और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। महिला की शिकायत पर जीरापुर पुलिस ने आरोपी मुकेश दांगी के खिलाफ भारतीय न्याय संहित की धारा 64(2), 87 और 351(3) के तहत प्रकरण क्रमांक 100/2026 दर्ज किया।

टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन

## आज दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा हल्ला-बोल, 20 लाख शिक्षक प्रभावित

*सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को दिए अपने फैसले में टीईटी को अनिवार्य कर दिया था*

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ देशभर में शिक्षकों का विरोध तेज हो गया है। अब शिक्षकों का आंदोलन दिल्ली पहुंचने वाला है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के नेतृत्व में 4 अप्रैल को बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।



फाइल फोटो

### सुप्रीम कोर्ट का क्या था फैसला?

सुप्रीम कोर्ट ने इस परीक्षा को अनिवार्य कर दिया था। अगर कोई शिक्षक 1 सितंबर 2027 तक यह परीक्षा पास नहीं करता, तो उसे हर साल मिलने वाली वेतन वृद्धि से वंचित कर दिया जाएगा।

एलपीजी सिलेंडर को लेकर अफवाह फैलाने पर केंद्र की सख्ती

## केंद्र की तरह सभी राज्य सरकारों को रोजाना ब्रीफिंग की सलाह, जमाखोरों पर लिया जाए सख्त 'एक्शन'

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर केंद्र सरकार ने चिंता जताई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि सिर्फ 17 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं, जो स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है।

- *अभी सिर्फ 17 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे*
- *प्रिंट, सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए सही और समय पर जानकारी दी जाए*



फाइल फोटो

### कालाबाजारी पर सख्ती करें

मंत्रालय ने सलाह दी है कि वरिष्ठ स्तर पर रोजाना प्रेस ब्रीफिंग की जाए और प्रिंट, सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए सही और समय पर जानकारी दी जाए, ताकि लोगों को एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता और सुचारु वितरण का भरोसा मिल सके और अफवाहों पर रोक लगाई जा सके।

### एलपीजी डिस्ट्रिब्यूशन को प्राथमिकता

देश के तमाम राज्यों को एलपीजी डिस्ट्रिब्यूशन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। 23 मार्च से अब तक 5 किलो एफटीएल सिलेंडर की बिक्री 5 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है, जबकि गुरुवार को ही 67 हजार से अधिक सिलेंडर बेचे गए। पीएनजी विस्तार अभियान में तेजी आई है।







भाजपा ने असम चुनाव फतह करने के लिए झोंकी पूरी ताकत, तीन शीर्ष नेता पहुंचे

# शाह ने राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने यूसीसी लाने का किया वादा, इसे देश और राज्य के लिए बताया हितकर, योगी ने भी ललकारा

एजेंसी ▶▶ गोलपाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के लागू होने से कथित घुसपैठियों की बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और वे 4 शादियां भी नहीं कर पाएंगे। शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार जनजातीय विकास के लिए एक ठोस रोडमैप पर काम कर रही है। दुधनोई में चुनावी रैली में गृह मंत्री शाह ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद घुसपैठियों के लिए चार शादियां करना संभव नहीं रहेगा, साथ ही उन्होंने दावा किया कि यूसीसी से जनसंख्या असंतुलन की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। शाह ने कहा कि यह कदम देश और राज्य दोनों के हित में है।

शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में चुनावी रैली में कहा- बढ़ती आबादी पर लगेगी रोक और 4 शादियां भी नहीं कर सकेंगे लोग

## शाह ने गोलपाड़ा जिले में की चुनावी रैली


जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे

शाह ने यह भी साफ किया कि जनजातीय क्षेत्रों को यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करती है। पार्टी का उद्देश्य विकास के साथ सामाजिक संतुलन बनाना है।

### जनजातीय विकास के लिए रोडमैप तैयार

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिलकर जनजातीय विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना को तभी लागू किया जा सकेगा, जब राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बने। शाह ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे विकास की योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

### हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, धुबरी रैली को रद्द किया

शाह के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण असम के धुबरी जिले के गोलकगंज में शुक्रवार को होने वाली पहली चुनावी रैली रद्द कर दी गई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह गुवाहाटी से गोलकगंज के लिए रवाना हुए थे लेकिन उनका हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका, जिसके कारण रैली रद्द कर दी गई।

### यूसीसी पर कांग्रेस फैला रही अफवाह

शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे। लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृति को बचाया।

### कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया

शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ। शाह ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने उन्हें भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

असम में गरजे मुख्यमंत्री योगी

### लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे



**बारपेटा ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने असम के बारपेटा में जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी। असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की

तमिलनाडु चुनाव

### 27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी शामिल



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को टिकट दिया है। डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने टिकट दिया है। पर, अन्नामलाई का नाम शामिल नहीं है।

तमिलनाडु का सियासी रण

### कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरंबुदूर मैदान में



**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने भी सूबे में अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का है।

पुडुचेरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

### लंबे रोड शो में लोगों का उत्साह दिखा



पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां चुनाव से पहले शहर में रोडशो शुरू किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया।मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ प्रधानमंत्री ने अजंता सिग्नल पॉइंट के पास अपने रोडशो की शुरुआत की, जो 2 किलोमीटर से कुछ कम दूरी पर स्थित कामराजर स्टैच्यू/राजा थिएटर सिग्नल के पास समाप्त हुआ।

भाजपा अध्यक्ष नितिन ने कहा

### कांग्रेस शासन में घुसपैठियों ने जमीनें लूटी



कामरूप। यहांभाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा असम के हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय घुसपैठियों ने लोगों की जमीनें लूट ली थीं। हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने उन जमीनों को वापस दिलाने का बड़ा काम किया है।

केरल पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा

### कांग्रेस, लेफ्ट ने लोगों को बेवकूफ और मुस्लिमों को वोट बैंक बनाया



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं।

ममता का भाजपा पर आरोप


### मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी।

हिंसा रोकने ईसी का कदम

### केंद्रीय पुलिस बल की 500 कंपनियां रहेंगी तैनात




बंगाल में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। वोटिंग पूरी होने के बाद भी कानून और व्यवस्था बनाने 500 कंपनियां लगाई है।


## खबर संक्षेप

### दरभंगा में दिनदहाड़े 2 करोड़ की ज्वेलरी लूटी



**दरभंगा।** यहां के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार चार अपराधियों ने 'प्रेम ज्वेलर्स' नामक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपए नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

### महाराष्ट्र में 40 किमी लंबा महाजाम, जिंदगी थमी



**धाराशिव।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में इन दिनों आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि सड़कें छोटी पड़ गई हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र की कुलदेवी मां येडेश्वरी के दर्शनों के लिए 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से सोलापुर-धुले हाईवे पर हालात बेकाबू हो गए। करीब 40 किलोमीटर लंबा महाजाम लग गया है। महाराष्ट्र के इस प्रमुख हाइवे पर लगे ट्रैफिक जाम के चौंकाने वाले ड्रोन वीडियो सामने आए हैं। हाइवे पर वाहनों की अंतहीन कतारें लगी हुई थीं।

### राजनगर सोसाइटी के फ्लैट में भीषण आग



**गाजियाबाद।** यहां के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में क्लासिक रेजिडेंसी सोसायटी में शुक्रवार दोपहर एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। यह फ्लैट बी-टावर के तीसरे फ्लोर पर स्थित था। आग की शुरुआत तब हुई जब फ्लैट बंद और ताले में था, जिससे शुरुआती समय में किसी को आग लगने की जानकारी नहीं मिल सकी। फ्लैट के अंदर रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू वस्तुएं पूरी तरह जलकर राख हो गई। हताहत की जानकारी नहीं मिली है।

होर्मुज संकट पर सतापक्ष और विपक्ष में वार-पलटवार तेज

# थरूर व तिवारी के बाद शर्मा ने किया केंद्र की नीतियों का समर्थन, सियासी चश्मे से न देखें

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने देश के हित को सबसे ऊपर कहा

## कहा- संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। शशि थरूर और मनीष तिवारी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का खुलकर समर्थन किया है। शर्मा ने कहा कि इस संकट के समय भारत के राजनयिक, दूतावास और अधिकारी बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और उनकी कोशिशों को राजनीतिक नजर से नहीं देखना चाहिए। इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा। शर्मा ने कहा भारत ने होर्मुज संकट को अब तक संतुलित और समझदारी भरे तरीके से संभाला है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जहां सबसे अधिक जहाज या तो सुरक्षित निकल पाए हैं या उन्हें भारत की ओर मोड़ दिया गया है। अब तक भारतीय प्रवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं। शर्मा ने कहा कि ऐसे संकट में देश के भीतर राष्ट्रीय सहमति और एकजुटता जरूरी होती है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन जब देश, विदेशों में काम कर रहे अधिकारियों की बात हो, तो एक सुर में बोलना चाहिए।

■ सरकार की कूटनीतिक नीति को सराहा


आनंत शर्मा


शशि थरूर


मनीष तिवारी

### राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि बताया

शर्मा के बयान का सबसे बड़ा संदेश यही रहा कि इस संकट में भारत की पहली चिंता अपने नागरिकों, प्रवासियों और समुद्री हितों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि भारत का संतुलित रुख इसलिए जरूरी है, क्योंकि उसे किसी खेमे में खड़े होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हित को देखना है। यही कारण है कि उन्होंने राजनीतिक बहस से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता की बात की। उनके बयान ने दिखाया कि कांग्रेस के भीतर ऐसे नेता मौजूद हैं, जो विदेश नीति जैसे मामलों में सरकार के अच्छे कदमों को स्वीकार करने में हिचक नहीं रखते। शर्मा का बयान यही दिखाता है।

### सरकार लोगों के लिए काम कर रही

शर्मा के बयान में सरकार के रुख की साफ सराहना दिखी। उन्होंने कहा कि भारत के राजनयिक तिरंगे को ऊंचा रखे हुए हैं और वे देश के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में उनका हौसला बढ़ाया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि भारत इस संकट में न किसी एक तरफ झुका है और न ही किसी के दबाव में आया है। उन्होंने इसे कुशल कूटनीति बताया। उनका कहना था कि यही वजह है कि भारत अब तक अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाया है। इस समय सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि भारत की साख भी बनी रहे।

### पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक हो

शर्मा से जब यह पूछा गया कि क्या उनका बयान कांग्रेस की तय लाइन से अलग है, तो उन्होंने उलटा सवाल किया कि आखिर पार्टी लाइन है क्या? उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति के बयान को पार्टी लाइन नहीं माना जा सकता। शर्मा ने सुझाव दिया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हो। और वहीं चर्चा के बाद पार्टी का आधिकारिक रुख तय होना चाहिए।

### सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी

शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार ने ऑल पार्टी मीटिंग की है, लेकिन इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह संवाद एक बार की औपचारिकता बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी है। ऐसे संकट में देश को एकजुट दिखना चाहिए। शर्मा ने यह भी साफ किया कि सरकार के पास ज्यादा जानकारी होती है, क्योंकि वही अंतरराष्ट्रीय नेताओं और दूसरे देशों के साथ सीधे संपर्क में होती है। इसलिए कुछ फैसले वही बेहतर तरीके से ले सकती है।

संसद के विशेष सत्र को लेकर तकरार

# जयराम का सरकार पर निशाना पहले सर्वदलीय बैठक बुलाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने एक बार फिर से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। लोकसभा और राज्यसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया है। इसपर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने कहा कि 16 मार्च को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कांग्रेस के साथ चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की थी।

जयराम ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण विधेयक, 2023 में कुछ संशोधन करना चाहती है। जयराम ने बताया किरेन रिजिजू का पत्र 16 मार्च को हमें मिला और खरगे ने उसी दिन जवाब देते हुए कहा था मुझे आपका पत्र प्राप्त हुआ है, लेकिन कृपया सर्वदलीय बैठक बुलाएं। हम इस पर चर्चा करेंगे।

### सभी चुनाव में व्यस्त, बैठक 29 अप्रैल के बाद करें

24 मार्च को तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर सभी विपक्षी दलों ने इस पत्र से सहमति जताई। राहुल गांधी और सभी नेताओं नेरिजिजू को जवाब में लिखा कि आप संविधान में संशोधन करना चाहते हैं, कृपया सर्वदलीय बैठक बुलाएं। 24 मार्च को सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से कहा कि 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। रमेश ने कहा कि 24 मार्च को सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से अनुरोध किया कि सर्वदलीय बैठक 29 अप्रैल के बाद आयोजित की जाए, क्योंकि चुनाव आयोग की आचार संहिता उस तारीख तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी दल वर्तमान में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

### सरकार ने एकतरफा फैसला कर लिया

रिजिजू ने खरगे को पत्र लिखकर कांग्रेस से बातचीत के लिए मिलने की अपनी मांग दोहराई, ताकि प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर आगे बढ़ा जा सके। आधे घंटे के भीतर ही खरगे ने किरेन को जवाब भेजकर अपने पहले के रुख को दोहराया-सभी दलों को आमंत्रित करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सर्वदलीय बैठक एक सामूहिक प्रक्रिया होनी चाहिए। सरकार ने पहले ही अपना मन बना लिया था। उनका प्राथमिक उद्देश्य 2, 3 या 4 अप्रैल को विशेष सत्र बुलाना था। चूंकि पत्रों का यह आदान-प्रदान 8 से 9 दिन तक चला, अंततः सरकार ने एकतरफा निर्णय लिया कि एक विशेष सत्र बुलाया जाएगा। 16, 17 और 18 तारीख को सत्र आयोजित किया जाए।

सीबीएसई का नया फैसला

# कक्षा 6 से थर्ड लैंग्वेंज अनिवार्य अब 2 की जगह 3 भाषाएं पढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए नया करिकुलम जारी किया है। नए शैक्षणिक सत्र से क्लास 6 के छात्रों के लिए थर्ड लैंग्वेंज अनिवार्य होगा। हर छात्र को कम से कम 2भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी। बोर्ड इसके जरिए 2031 तक कक्षा 10वीं के बोर्ड एग्जाम से पहले स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा को जरूरी विषय बनाने की तैयारी में है जो कि एनईपी का हिस्सा है। छात्रों को कक्षा 10वीं तक 3 भाषाएं सीखनी होंगी। अभी छात्र केवल 2 भाषाएं पढ़ते हैं। चेयरमैन राहुल सिंह ने कहा अभी क्लास 9 में तीसरी भाषा अनिवार्य नहीं होगी। इस साल तीसरी भाषा की किताबें शुरू होंगी।

चड्ढा पर बरसे सीएम मान और पूर्व मुख्ययमंत्री आतिशी

# समोसे-पिज्जा का मुद्दा उठाते हैं, वे कम्प्रोमाइज्ड

## डिप्टी लीडर पद से हटाए जाने के बाद साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर पद से हटाने के बाद सियासी गरमी है। आप नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। मान ने कहा कि बंगाल में मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने का मामला हो या गुजरात में आप कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का, चड्ढा ने कैंटीन में समोसे महंगे होने और पिज्जा में देरी का मुद्दा उठाया।

### व्हिप का उल्लंघन किया



पार्टी में संसदीय बोर्ड के नेता समय-समय पर बदलते रहते हैं और यह एक सामान्य प्रक्रिया है। मान ने कहा कई गमुद्दे ऐसे होते हैं, जिन पर पार्टी उम्मीद करती है सांसद वॉकआउट करें या आवाज उठाएं। उन्होंने तो व्हिप का उल्लंघन किया।

### पीएम की गोद में बैठे हैं



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आतिशी ने कहा है कि चड्ढा, पीएम मोदी की गोद में बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चड्ढा किसी भी मुद्दे पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने से डरते हैं।

चड्ढा मामले में दिशा की बहन खुशबू बोलीं

### वे खुद अपनी पार्टी बनाएं



चड्ढा को डिप्टी लीडर के पद से हटा दिया है। इसके बाद से एक पॉलिटिकल बहस छिड़ गई है। कई लोगों ने इस मामले में राघव को सपोर्ट किया है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू ने चड्ढा को सलाह दी कि वे खुद की एक पार्टी लॉन्च करें। चड्ढा पर आरोप है वे देश के लिए जरूरी अहम मुद्दे नहीं उठा रहे थे।

जबलपुर
शनिवार, 4 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -02
वर्ष : 20, अंक : 333
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13
'वंडर ब्वॉय' वैभव के सामने गुजरात...




विचार पेज
8 पाषाण की धमकी और...

शिक्षा मंत्रालय ने दी कैंपस खोलने और कोर्स चलाने की मंजूरी

# तीन साल के इंतजार के बाद डीम्ड यूनिवर्सिटी बना एनसीईआरटी

बड़ी खबर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) अब छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर की डिग्रियां भी प्रदान कर सकेगा। संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया है, जिसके बाद यह विभिन्न कोर्स संचालित करने के लिए अधिकृत हो गया है। इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्धारित प्रावधानों के तहत एनसीईआरटी को ऑफ-कैंपस और ऑफशोर केंद्र स्थापित करने की अनुमति भी होगी। यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत, एनसीईआरटी को डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी का दर्ज दिया जाता है। एनसीईआरटी, अपने छह घटक इकाइयों के साथ,एक डीम्ड यूनिवर्सिटी होगा।



फाइल फोटो

**ग्रेजुएशन से लेकर डॉक्टरेट तक की डिग्रियां देगा एनसीईआरटी**

### मुनाफा कमाने वाली गतिविधि में शामिल नहीं होगा

सरकार ने एनसीईआरटी को कुछ सख्त शर्तों के साथ यह दर्जा दिया है। संस्थान अपनी संपत्ति या फंड बिना सरकार और यूजीसी की अनुमति के ट्रांसफर नहीं कर सकता। साथ ही, वह किसी भी तरह की मुनाफा कमाने वाली गतिविधि में शामिल नहीं होगा। एनसीईआरटी को रिसर्च, पीएचडी और नए शैक्षणिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना होगा। साथ ही, उसे नैक और एनबीए जैसी संस्थाओं से मान्यता लेनी होगी। इसके अलावा, संस्थान को हर साल एनआईआरएफ रैंकिंग में भी भाग लेना अनिवार्य होगा, ताकि उसकी गुणवत्ता और प्रदर्शन का आकलन किया जा सके।

### डीम्ड यूनिवर्सिटी का मतलब

*एनसीईआरटी को यह दर्जा मिलने का मतलब है कि एनसीईआरटी अब सिर्फ स्कूल कोर्स डिजाइन करने तक सीमित नहीं है। एनसीईआरटी अब अपने नए एकेडिमक प्रोग्राम्स के साथ ही डॉक्टरेट और नए डिग्री कोर्सेज भी लॉन्च कर सकता है। यूनिवर्सिटीज के अलावा हायर एजुकेशन के स्पेशलाइज्ड इंस्टीट्यूट्स को केंद्र सरकार यूजीसी की सलाह पर डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा देती है।*

### ये हैं 6 यूनिट्स

एनसीईआरटी के पांच रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन और भोपाल में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन डीम्ड यूनिवर्सिटी बन गए हैं। ये यूनिट्स हैं


1. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, अजमेर, राजस्थान
2. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल, मध्य प्रदेश
3. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भुवनेश्वर, ओडिशा
4. रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, मानसगंगोत्री, मैसूर, कर्नाटक
5. नॉर्थ ईस्ट रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, शिलांग, मेघालय
6. पंडित सुंदरलाल शर्मा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, भोपाल, मध्य प्रदेश

## खबर संक्षेप

### कांगो में आईएस के हमले में 43 मरे

**गोमा (कांगो)।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 43 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एडीएफ) के लड़ाकों ने बुधवार रात बाफवाकोआ गांव में नागरिकों को निशाना बनाया। युगांडा में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा यह विद्रोही समूह खुली सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। गांव में घरों को आग लगा दी।' अन्य रिपोर्ट के अनुसार मृतकों की संख्या कम से कम 56 है। कई लोग लापता हैं। और कम से कम दो लोगों को बंधक बनाया गया है। कांगो की सेना एडीएफ सहित पूर्वी क्षेत्र में कई अन्य विद्रोही समूहों से जूझ रही है। इनमें सबसे प्रमुख रवांडा समर्थित 'एम23' है जिसने पिछले साल पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया था।

### गहरी खाई में कार गिरने से 2 की मौत



**बड़वानी।** पाटी थाना क्षेत्र के गोलगांव स्थित बिलियापानी घाट पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें वाहन चालक इकराम और सकरीया नामक युवक की मौत हो गई। कार सवार चारों युवक एक मरीज को अस्पताल छोड़कर वापस सेमलेट लौट रहे थे। आशंका है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ।

### मंत्री के नाम के आगे 'माननीय' क्यों नहीं?

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में केंद्रीय मंत्री के नाम से पहले 'माननीय' या 'श्रीमान' न लिखने के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने राज्य के गृह सचिव से पूछा कि नाम के आगे सम्मानसूचक शब्द क्यों नहीं लिखा गया। शिकायत करने वाले ने यह शब्द नहीं भी लिखा हो, तब भी पुलिस की जिम्मेदारी थी।



दुनिया का सबसे एडवांस और महंगा फाइटर जेट, जिसकी कीमत करीब 840 करोड़

**अमेरिका को बड़ा झटका, ईरान को युद्ध में बड़ी कामयाबी**

# अमेरिका का एक और अत्याधुनिक लड़ाकू विमान एफ-15 मार गिराया

*एफ-15 को न सिर्फ अमेरिका बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली और घातक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। इसे अपराजित रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है*



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने अमेरिका का एक लड़ाकू विमान कथित तौर पर मार गिराया है। विमान को टारगेट किए जाने के बाद पायलट ने छलांग लगा दी। ऐसे में जेट के दो क्रू सदस्यों का पता लगाने के लिए ईरान में तलाशी और बचाव अभियान जारी है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहली बार है, जब अमेरिका का कोई विमान ईरान ने सफलता के साथ मारकर नीचे गिराया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की है कि ईरान के ऊपर एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया है ईरानी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को गिराए गए विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। इससे पहले 2 मार्च को कुवैत के ऊपर तीन अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल विमान पर फ्रेंडली फायर यानी अपनी ही सेना की गोलीबारी में गिर गए थे। ईरानी सेना ने पायलट का पता देने पर इनाम का ऐलान किया है।

**पायलट को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन ईनाम का ऐलान**



**ईरानी सरकारी मीडिया ने विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए**

**अमेरिका ने भी की इसकी पुष्टि**

### इस जहाज का गिरना अमेरिका की साख पर बड़ी चोट

एफ-15 को न सिर्फ अमेरिका बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली और घातक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। इसे अपराजित रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है यानी इसे कभी भी दुश्मन के हवाई जहाज ने नहीं गिराया गया है। ऐस में ईरान में इस जहाज का गिरना इसकी साख पर बड़ी चोट है। अमेरिका का एफ-15 मैक 2.5 (2,800 किमी/घंटा) की अधिकतम गति से उड़ सकता है और 13,000 किलोग्राम से अधिक हथियार अपने साथ ले जा सकता है। इसे अमेरिका की मेकडोनल डगलस कंपनी ने बनाया है। अमेरीकी एयरफोर्स काफी समय से इस विमान का इस्तेमाल करती रही है। दुनिया का सबसे एडवांस और महंगा फाइटर जेट है। जिसकी कीमत 100 मिलियन (करीब 840 करोड़ रुपए) है।

*ट्रंप ने अपनी ही सेना पर कर दी 'सर्जिकल स्ट्राइक'*

### आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल को हटाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ही रात में अपनी सेना और सरकार के बड़े अधिकारियों को हटाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। ट्रंप प्रशासन ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटाकर उन्हें तुरंत रिटायर होने का आदेश दे दिया है। अब ट्रंप सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है।



■ अब काश पटेल-तुलसी गबार्ड की भी बारी

**मालदा हिंसा मामला : 19 एफआईआर दर्ज**

# एनआईए जांच शुरु, मास्टरमाइंड को एयरपोर्ट से दबोचा, 33 गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी और एआईएमआईएम नेता मोफक्करुल इस्लाम को भी पुलिस ने पकड़ा**



बीच में मुख्य आरोपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारियों पर हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही, शुक्रवार दोपहर तक बंगाल पुलिस की ओर से इस मामले में की गई कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अधिकारियों पर हुए हमले की जांच एनआईए को सौंपी है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक जांच दर्ज की है। इधर, गिरफ्तारियों की संख्या की पुष्टि करते हुए उत्तरी बंगाल के एडीजी के. जयरामन ने बताया कि पुलिस ने कुल 19 मामले दर्ज किए हैं। ये मामले अधिकारियों के साथ बदसलूकी और कालियाचक के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से सड़क जाम करने से जुड़े हैं। सड़क जाम करने का यह सिलसिला बुधवार को शुरू हुआ था और गुरुवार तक जारी रहा।

### भागने की फिराक में था मास्टरमाइंड

उन्होंने बताया कि 33 गिरफ्तारियों में से मुख्य आरोपी और इस पूरी घटना का मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम है। वह पेशे से वकील है और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का नेता है। उसे शुक्रवार सुबह दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा हवाई अड्डे पर तब गिरफ्तार किया गया, जब वह राज्य से भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, वह मुख्य व्यक्ति था जो बुधवार को कालियाचक में भीड़ को उकसा रहा था। उसे उसके करीबी साथी अकरमुल बागानी के साथ बागडोगरा हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया। उनकी योजना बेंगलुरु भागने की थी।

राज्य सरकार ने नामों को दी मंजूरी

# आलोक नागर और राजेश भट्ट बनेंगे सूचना आयुक्त

**इस बार भी किसी पत्रकार का नाम नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार राज्य सूचना आयोग में दो नए सूचना आयुक्त नियुक्त किए हैं। सरकार ने पूर्व रजिस्ट्रार (फर्म एवं सोसायटी) आलोक नागर और आकाशवाणी के पूर्व कार्यक्रम प्रभारी राजेश भट्ट को सूचना आयुक्त बनाने का निर्णय लिया है। इन दोनों नामों को राज्यपाल की मंजूरी भी मिल गई है। इन नियुक्तियों का फैसला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच हुई बैठक में लिया गया। बैठक में दोनों नामों पर सहमति बनने के बाद इन्हें अंतिम रूप दिया गया। राज्य सरकार ने तीन सूचना आयुक्तों के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था, हालांकि फिलहाल केवल दो पदों पर नियुक्ति की जा रही है।


आलोक नागर


राजेश भट्ट

शिवपुरी में हृदयविदारक हादसा, 2 की मौत

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई ट्रैक्टर ट्रॉली, महिला और बालक जिंदा जले

**दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में कोलारस थानांतर्गत देहरदा-डोंड़याई रोड पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इससे ट्रॉली में सवार एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं सात वर्षीय बालक ने भी झुलसने से दम तोड़ दिया। इस हादसे में एक अन्य महिला और पुरुष घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलारस थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के अनुसार राजस्थान के बारां जिले के खेड़ली गांव में रहने वाला बंजारा परिवार भूसा खरीदने के लिए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ कोलारस में पूरनखेड़ी टोल टैक्स के पास डेरा डालकर रह रहा था। शुक्रवार सुबह बंजारा परिवार के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गांवों में भूसा खरीदने के लिए डोंड़याई गांव जा रहे थे। आगे चल रहे ट्रैक्टर में विनोद पुत्र रंजीत बंजारा (27), लीला(30) पत्नी विनोद बंजारा, केसर (30) पत्नी मेंबर बंजारा और अनिल(7) पुत्र मेंबर बंजारा सवार थे। जब ट्रैक्टर चला रहे विनोद ने ट्रैक्टर सड़क से खेत वाले कच्चे रास्ते पर उतारा, तभी अचानक ट्रॉली पर लगा लोहे का पोल हाईटेंशन लाइन से टकरा गया।

नागरिक कर्तव्य का एक 'प्रेरणादायक' उदाहरण

# सीजेआई ने जनगणना 2027 के लिए अपना स्व-गणना कार्य खुद पूरा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय (एमचएए) के एक अधिकारी ने बताया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपने आवास पर जनगणना 2027 की स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लिया। जनगणना 2027 ने सोशल मीडिया पर एक संदेश जारी कर इस बात की पुष्टि की और नागरिकों को स्व-गणना करने के लिए प्रोत्साहित किया। जनगणना आयुक्त कार्यालय ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने अपने आवास पर सेंसस 2027 के प्रथम चरण यानी गृह सूचीकरण और आवास जनगणना की स्व-गणना सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। नागरिक कर्तव्य का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सीजेआई ने सुरक्षित स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कराया। यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो नागरिकों को एक सुविधाजनक और पारदर्शी डेटा संग्रह प्रक्रिया प्रदान करती है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं जनगणना पूरी की।



जारी की तस्वीर

# 93 लाख घोटालाः सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा निलंबित, जांच में मिली मिलीभगत

**जबलपुर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में सामने आए 93 लाख रुपये के फर्जी देयक घोटाले में बड़ा एक्शन लेते हुए राज्य शासन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर भोपाल मुख्यालय से की गई। दरअसल, फर्जी देयकों के जरिए बिना सामग्री प्राप्त किए भुगतान किए जाने की शिकायतों के बाद कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। जांच में सामने आया कि 12 फर्जी देयकों के माध्यम से भोपाल की निजी फर्म "सिंह एंटरप्राइजेज" को साइनेज निर्माण और स्वास्थ्य केंद्र सामग्री के नाम पर 93 लाख 4 हजार 998 रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि मौके पर कोई सामग्री प्राप्त नहीं हुई।

जांच रिपोर्ट में सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा पर वित्तीय नियमों की अनदेखी और संदिग्ध भुगतान को नजरअंदाज करने के आरोप प्रमाणित पाए गए। साथ ही सरकारी दस्तावेजों के गायब होने और विभागीय स्तर पर गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि भी हुई है। इससे पहले कलेक्टर ने स्टोर कीपर की जिम्मेदारी संभाल रहे फार्मासिस्ट नीरज कौरव को भी निलंबित कर दिया था। वहीं संविदा जिला कार्यक्रम प्रबंधक आदित्य तिवारी और फार्मासिस्ट जवाहर लोधी को हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहोरा में अटैच किया गया है।

**कलेक्टर का बयान-**

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि बिना सामग्री खरीदे इतनी बड़ी राशि का भुगतान गंभीर वित्तीय अनियमितता है। जांच में सीएमएचओ सहित अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है। सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।स्वास्थ्य विभाग में हुए इस बड़े घोटाले के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और आगे और भी बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

चार दिन तक रहेगा बारिश-ओले का मौसम

# 3 दर्जन शहरों में बारिश, 7 में गिरे ओले, सेंधवा में सबसे ज्यादा 38 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही प्रदेश के लोगों को तेज गर्मी से राहत मिल रही है, हालांकि ओले-बारिश की वजह से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है। शुक्रवार को भी 3 दर्जन जिलों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें अलीराजपुर के सेंधवा में सबसे ज्यादा 38 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि 7 जिलों में ओले भी गिरे, जिसमें धार, राजगढ़, बुरहानपुर, भिंड, उज्जैन, अलीराजपुर और देवास शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में ओले गिरने की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी चलेगी। कुछ जिलों में इसकी अधिकतम रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। बाकी में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान है। इसके साथ बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

**तीन से चार डिग्री गिरा दिन और रात का तापमान**

**ग्रामीण क्षेत्रों में ओले गिरने से फसलों को नुकसान**



भोपाल सेमरा रोड का दृश्य

**आज यहां रहेगा बारिश का अलर्ट**

भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नरसिंहपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, आगर-मालवा, राजगढ़, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ और रतलाम में आंधी, बारिश का अलर्ट है।

### खजुराहो में 40.4 और रतलाम में 39.5 डिग्री

दरअसल प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का सिस्टम सक्रिय है। शुक्रवार को सुबह से भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। वहीं, 17 जिलों में तेज आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। बावजूद इसके प्रदेश में अधिकतम तापमान खजुराहो में 40.4 और रतलाम में 39.5 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ अधिकतर शहरों में दिन और रात के तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को प्रदेश के 14 शहर रतलाम, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, उज्जैन, इंदौर, खंडवा, भोपाल, खरगौन, बुरहानपुर, बड़वानी, राजगढ़, नर्मदापुरम और भिंड में बारिश दर्ज की गई है।

**विश्लेषण:** वरिष्ठों और युवाओं के समन्वय के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति को भी स्थान

# भारतीय जनता पार्टी ने जारी की 33 प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची, 41 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट की भी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


भाजपा संगठन द्वारा लगातार प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अब भाजपा ने 33 प्रदेश प्रवक्ताओं और 41 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही प्रदेश मीडिया विभाग में 6 सदस्यों और 9 प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की सूची भी जारी की है। खास बात यह है कि इन नियुक्तियों में वरिष्ठों और युवाओं के समन्वय के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं को जगह दी गई है।

इसमें पूर्व मंत्री सहित 10 विधायक, 5 पूर्व विधायक, पुराने अनुभवी प्रवक्ताओं को शामिल करने के साथ ही नए चेहरों को भी जगह दी गई है। आगामी विधानसभा-लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह टीम तैयार की गई है। इसमें हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नजर आता है, वहीं जातिगत समीकरण भी साधे गए हैं। जारी सूची के अनुसार, प्रदेश प्रवक्ता टीम में 6 और प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट में 8 महिलाएं हैं। बता दें कि पार्टी का पक्ष रखने के लिए पहली बार इतनी बड़ी टीम उतारी गई है।

### [ पूर्व मंत्री सहित 10 विधायक, 5 पूर्व विधायक भी शामिल ]


अर्चना चिटनीस


संतोष बरकडे


संजय शाह


ऊषा ठाकुर

### 9 प्रदेश सहमीडिया प्रभारी भी नियुक्त

भाजपा द्वारा 9 प्रदेश सहमीडिया प्रभारी की सूची भी जारी की गई है। इसमें रायसेन से बृजगोपाल लोया, भोपाल से मिलन भार्गव, पवन दुबे इंदौर से आलोक दुबे, उज्जैन से राकेश पण्डया, ग्वालियर से राजलखन सिंह, बैतूल से विशाल बन्ना, जबलपुर से श्रीकांत साहू और सागर से प्रदीप राजौरिया को शामिल किया गया है।

## विधायक, पूर्व विधायकों के साथ कुछ नए चेहरे

### बुरहानपुर से अर्चना चिटनीस, इंदौर से उषा ठाकुर सहित अन्य को सौंपी जिम्मेदारी

जानकारी के अनुसार, बुरहानपुर से पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनीस, सीधी से विधायक कुंवर सिंह टेकाम, इंदौर से विधायक उषा ठाकुर, बालाघाट से विधायक गौरव पारधी, जबलपुर से विधायक नीरज सिंह लोधी, विधायक संतोष बरकडे, कटनी से विधायक संदीप जायसवाल, हरदा से पूर्व विधायक संजय शाह, खंडवा से विधायक छाया मोरे, बैतूल से विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नीमच से विधायक दिलीप परिहार, झाबुआ से पूर्व विधायक कलसिंह भाबर, मंदसौर से पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, अनूपपुर से रामलाल रौतेल, दतिया से पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, उज्जैन से बक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल और पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, रूप पमनानी, विवेक गुप्ता, भोपाल से पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. हितेश वाजपेयी, डॉ. दुर्गेस केसवानी, इंदौर से डॉ. दिव्या गुप्ता, वैभव शुक्ला, सचिन बघेल, सहित अन्य को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।

### मीडिया विभाग में इन्हें मिली जिम्मेदारी

भाजपा मीडिया विभाग में भोपाल से योगेश गुप्ता, एड. गुंजन चौकसे, वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, सत्येंद्र जैन, कर्नल ईशान आर, महेश वर्मा, शाहवर आलम, रश्मि अग्रवाल, योगेश तिवारी, माही भजनी, डॉ. एसके तिवारी, सुमित रघुवंशी, सूरज खरे, सुमित पाण्डे, अर्चिता जोशी, इंदौर से मनस्वी पाटीदार, सागर कसेरा, एड आदित्य दीक्षित, प्रमे व्यास, नितिन द्विवेदी, जेपी मूलचंदानी, कमल वर्मा, विवेक सिन्हा, डॉ. अविनाश पटवारी, ग्वालियर से सुबोध दुबे, गौरव कुलश्रेष्ठ, सागर से रिशांक तिवारी सहित अन्य को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं ग्वालियर से नवीन चौधरी, अनिल कौरव, सुभाष शर्मा, इंदौर से नितिन द्विवेदी, सतना से दीपक बलेचा, रीवा से योगेंद्र शुक्ला को सदस्य, प्रदेश मीडिया विभाग बनाया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### शासकीय कर्मचारियों महंगाई भत्ते में 3% वृद्धि, डीए हुआ 58%

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। इस फैसले के बाद अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार नई दरें निर्धारित तिथि से प्रभावी होंगी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों नियमित कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान आगामी वेतन में शामिल किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की मासिक आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही, पेंशनरों को भी संशोधित दर के अनुसार महंगाई राहत (डीआर) का लाभ मिलेगा।

### कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय रणनीतिकार बने डॉ. अतुल

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने सामाजिक कार्यों और राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले डॉ. अतुल मलिकराम को संगठन का राष्ट्रीय रणनीतिकार नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य कुर्मी क्षत्रिय समाज को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक संगठित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है।नियुक्ति पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राघव पटेल और राष्ट्रीय सचिव कैलाश गौर ने बताया कि डॉ. मलिकराम का रणनीतिक दृष्टिकोण समाज के असल मुद्दों को प्रकाश में लाने में सहायक होगा।



### महुआ बीनने गए बुजुर्ग को हाथी ने कुचला, मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** मरवाही वन मंडल अंतर्गत सिवनी बीट के डडिया जंगल में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां महुआ बीनने गए 55 वर्षीय त्रिलोचन सिंह पर हाथी ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ग्राम पंचायत पोंडी के डडिया गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, नर हाथी ने कटघोरा वन मंडल के पसान क्षेत्र से होते हुए 2 अप्रैल को मरवाही वन मंडल में प्रवेश किया था। यह हाथी विभिन्न जंगल क्षेत्रों से गुजरते हुए शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे डडियाडोंगरी जंगल पहुंचा। इसी दौरान त्रिलोचन सिंह पर हाथी ने अचानक हमला कर दिया।

---

31 मार्च तक नहीं हो सकी थीं आवंटित, विभाग ने शुरू की शराब बेचने की प्रक्रिया

# 650 वाइन शॉप की नीलामी नहीं, शराब दुकानों के लिए आबकारी ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

31 मार्च तक आवंटित नहीं हो पाई प्रदेश की 650 शराब दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी आबकारी विभाग के अमले ने ले ली है। आबकारी अमला इन दुकानों पर शराब बेचने की प्रक्रिया शुरु कर चुका है। इन दुकानों के ठेके आवंटन के लिए अब आबकारी विभाग ने अपनी रणनीति बदली है। शराब दुकानों का ऑक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब इन दुकानों के आवंटन के लिए शराब ठेकेदारों से ई टेंडर बुलाए गए हैं।

बारहवे चरण में शराब दुकान, समूह का निष्पादन केवल ई टेंडर के माध्यम से होगा। इस चरण में ऑक्शन नहीं होगा। दसवें और 11वें चरण में शराब दुकानों के लिए आरक्षित मूल्य से अस्सी प्रतिशत और उससे ऊपर के उच्चतम ऑफर स्वीकृति की प्रक्रिया में है। आरक्षित मूल्य से अस्सी प्रतिशत से नीचे के उच्चतम ऑफर होल्ड पर रखे जाएंगे।

### शराब दुकानों का ऑक्शन पूरी तरह से बंद कर दिया गया | दुकानों के आवंटन के लिए ठेकेदारों से बुलाए गए ई-टेंडर

### आरक्षित मूल्य 70 प्रतिशत से कम न हो

ऑफसेट प्राइज आरक्षित मूल्य से अधिकतम तीस प्रतिशत नीचे तक ही अनुमत होंगे। बीओक्यू में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आरक्षित मूल्य सत्तर प्रतिशत से कम का ऑफर प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। इस चरण में शराब दुकान का निष्पादन में सम्मिलित प्रत्येक एकल शराब दुकान के लिए अलग-अलग किया जाएगा। अधिक राजस्व प्राप्ति की संभावना को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक सीमित संख्या में समूह का पुनर्गठन का जिला समिति द्वारा आबकारी आयुक्त के अनुमोदन से किया जाएगा लेकिन दो सौ करोड़ से अधिक के आरक्षित मूल्य वाले जिले में किसी भी समूह का आरक्षित मूल्य जिले के आरक्षित मूल्य के बीस प्रतिशत मूल्य से अधिक नहीं होगा।

### आज खुलेंगे ई-टेंडर

ई टेंडर के लिए ऑनलाईन टेंडर डॉउनलोड करने और सबमिट करने के लिए तीन अप्रैल दोपहर दो बजे तक का समय तय किया गया है। जो ई टेंडर प्राप्त होंगे उन्हें तीन अप्रैल 2026 को दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर खोला जाएगा।

### मंदाकनी चौराहे पर खुली शराब दूकान का विरोध

कोलार स्थित मंदाकिनी चौराहे पर खुली शराब दुकान को लेकर विरोध शुरु हो गया है। गुरुवार को रहवासियों ने शराब दुकान के सामने एकत्रित होकर दुकान को बंद करने की मांग रखी। इस मौके पर महिलाओं ने भी शराब दुकान के विरोध में नारेबाजी कर दुकान बंद करने की मांग रखी। रहवासियों का कहना है कि दुकान को मंदाकनी चौराहे से हटाकर सर्वधर्म पुल के बाद बनी नगर निगम की दुकान में शिफ्ट किया जाना चाहिए। इधर रहवासियों के विरोध को देखते हुए हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से शराब दुकान को हटाने के संबंध में बात की है। कलेक्टर ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।


शराब दुकान का विरोध।

### शराब ठेकेदारों की बैंक गारंटी से होगी 62 करोड़ की वसूली

राजधानी की 87 शराब दुकानों की नीलामी के बाद आबकारी अमले ने पुराने शराब ठेकेदारों से वसूली शुरु कर दी है, जिसके तहत शराब ठेकों की नीलामी में शेष बची राशि को बैंक में जमा गारंटी राशि से वसूल किया जाएगा। शहर की तीन शराब ठेका कंपनियों से 62 करोड़ 39 लाख 4 हजार 97 रुपए की वसूली की जानी है। आबकारी उपायुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने साउथ वर्क ट्रेडर्स समूह-4 की दुकानों के लिए जमा 19 करोड़ 7 लाख 37 हजार रुपए की बैंक गारंटी में से 8 करोड़ 36 लाख 55 हजार 421 रुपए की राशि ट्रांसफर करने का पत्र लिखा है। इसके साथ केंटबरी ट्रेडर्स समूह-1 की 26 करोड़ 86 लाख 80 हजार रुपए की बैंक गारंटी में से 25 करोड़ 28 लाख 81 हजार 511 रुपए वसूल किए जाने हैं। जबकि रिचमंड शाइन ट्रेडर्स समूह-2 की जमा 29 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी में से 28 करोड़ 73 लाख 67 हजार 165 रुपए सरकारी खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। इधर नए टेंडर होने के बाद दुकानों की इधर से उधर शिफ्टिंग भी शुरु हो गई है।

---

महासमुंद के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का मामला

## एंटी नारकोटिक फोर्स की कार्रवाई मादक पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को थाना सिंघोड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अफीम पोस्त डोडा की बड़ी खेप जब्त की है।

इस कार्रवाई में हरियाणा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर जा रहे थे। पुलिस ने चेकिंग लगाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में अफीम पोस्त डोडा भरकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की तरफ लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एनएच-53 स्थित रेहटीखोल के पास पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक पिकअप वाहन को रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे।

### जब्त माल की कीमत दो करोड़ से ज्यादा

पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम हरविंदर सिंह और सहयात्री ने सत्यवान वाल्मीकि बताया, जो दोनों हरियाणा के करनाल जिले के निवासी हैं। जब वाहन के पीछे रखी बोरियों के बारे में जानकारी ली गई तो आरोपियों ने स्वीकार किया कि उसमें अफीम पोस्त डोडा भरा हुआ है, जिसे वे झारखंड के गुमला से रायपुर ले जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन की तलाशी ली, जिसमें कुल 1432 किलोग्राम अफीम पोस्त डोडा बरामद किया गया। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 14 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए है और दो मोबाइल फोन, जिनकी कीमत 20 हजार रुपए है, भी जब्त किए गए। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजते हुए मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स को मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, इसके स्रोत और गंतव्य बिंदुओं की पहचान करने तथा वित्तीय जांच को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

उरगा के तरदा भारतमाला मार्ग की घटना

## स्कार्पियो और ट्राले में जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बीती रात उरगा थाना अंतर्गत तरदा भारतमाला मार्ग पर स्कॉर्पियो और ट्रेलर वाहन में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो पर सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



इस हादसे के बाद वाहन को गैस कटर से काटकर फंसे लोगों को निकाला गया और अस्पताल के लिए रवाना किया गया, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया है। वहीं इसकी सूचना उरगा थाना पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंच जांच कार्रवाई शुरु की गई। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो पर तीन लोग सवार थे, जो रायपुर के एक निजी कंपनी में काम करते हैं। तरदा के पास दोनों वाहनों में टक्कर होने के चलते यह घटना सामने आई। रायपुर से कोरबा आते समय हुई दुर्घटना मृतक अरुण कुमार यादव 27 वर्षीय है, जो झारखंड के गढ़वा जिले के सुनई गांव के रहने वाला था। वहीं घायल 26 वर्षीय चंद्र प्रकाश यादव रायपुर निवासी और 30 वर्षीय नागेंद्र साहू सेमरा धमतरी निवासी बताया जा रहा है। जहां दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

---

**सिर और गर्दन पर घातक वार के निशान, चेहरा कुचला**

## अधेड़ महिला का शव मिलने से सनसनी, रेप-हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

जिला के अंबिकापुर शहर के व्यस्त रिंग रोड स्थित महामाया मंदिर द्वार के पास शुक्रवार को एक अधेड़ महिला का खून से सना शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। महिला की रेप के बाद बेरहमी से हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जांच में पुलिस को महिला के प्राइवेट पार्ट में बोतल मिला है, जिससे महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार महिला के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। हमलावरों ने सिर और गर्दन पर घातक वार किए हैं। इतना ही नहीं, पहचान छिपाने के उद्देश्य से चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया है। घटना को देखकर मामला आपसी रंजिश या सुनियोजित हत्या का प्रतीत हो रहा है।



### बारीकी से निरीक्षण कर जुटाए साक्ष्य

घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पंचनामा कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्ग पर इस तरह की नृशंस वारदात से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नागरिकों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्टों का मिलान कर शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

---

महिला ने किशोर को बुलाया होटल

## महिला पर नाबालिग लड़के से दुराचार का आरोप, महिला को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम




जिले से एक बेहद चौंकाने वाला और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। एक महिला पर नाबालिग लड़के के साथ अनाचार करने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग बालक की पहचान सोशल मीडिया के जरिए आरोपी महिला से हुई थी। बातचीत धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई और मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। इसी दौरान 1 मार्च 2026 को महिला ने बालक को भोरमदेव रोड स्थित एक होटल में बुलाया। आरोप है कि वहां उसने भावनात्मक दबाव और मानसिक प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ अनाचार किया। घटना के बाद आरोपी महिला ने पीड़ित को डराया-धमकाया, जिसके कारण वह मानसिक दबाव में आ गया और तुरंत शिकायत दर्ज नहीं करा सका। हालांकि, बाद में हिम्मत जुटाकर उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

---

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार की भूमिका पर उठाए सवाल

# मिलावटखोरी जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को लेकर सियासत तेज हो गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि मिलावटखोरी अब आम शिकायत नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर संकट बन चुकी है। पटवारी ने हाल ही में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2000 से अधिक फूड सैंपल फेल पाए गए हैं, जो बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर ग्वालियर में सामने आए करीब 420 मामलों ने सरकार की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या किसी एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैल चुकी है।


जीतू पटवारी

### खाद्य पदार्थों में मिलावट पर कांग्रेस का हमला | स्वास्थ्य हितों के मुद्दे पर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

### दूध, मावा, पनीर और घी में सबसे ज्यादा मिलावट

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि दूध, मावा, पनीर और घी जैसे रोजमर्रा के डेयरी उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट पाई जा रही है, जो सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की मिलावट से फूड पॉइजनिंग के अलावा डायबिटीज, हृदय रोग और हार्मोनल असंतुलन जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है और प्रशासनिक ढिलाई के चलते ऐसे अवैध कारोबार फल-फूल रहे हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर नियमित जांच और कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। कांग्रेस ने मांग की है कि मिलावटखोरों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएं, खाद्य पदार्थों की पारदर्शी जांच व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी।

---

# लोकतंत्र पर हमले का आरोपः नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा- विधायकों को तोड़ने-खरीदने की हो रहीं कोशिशें

### सत्ता के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से किया जा रहा समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आगामी राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता हासिल करने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता किया जा रहा है।


उमंग सिंघार

उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की जा रही है। जब इसमें सफलता नहीं मिल रही, तो उनके खिलाफ पुराने मामलों को सक्रिय कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि 25 साल पुराने प्रकरण में सजा सुनाकर गिरफ्तारी की गई, जबकि दूसरी ओर पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा का पेड न्यूज मामला लंबे समय से लंबित है। इसे उन्होंने दोहरे मापदंड का उदाहरण बताया। सिंघार ने विजयपुर (श्योपुर) से विधायक मुकेश मल्होत्रा की सदस्यता समाप्त किए जाने और उन्हें राज्यसभा चुनाव में मतदान से वंचित करने पर भी सवाल उठाए। साथ ही सेमरिया विधायक अभय मिश्रा और भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद के पुराने मामलों को अचानक सक्रिय किए जाने को भी उन्होंने राजनीतिक दबाव की रणनीति बताया।

### डराकर, सदस्यता समाप्त कर चुनाव जीतने की कोशिश

*नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो विधायक सत्ता पक्ष के दबाव में नहीं आ रहे, उन्हें चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश रची जा रही है। यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विधायकों को डराकर, सजा दिलाकर और सदस्यता समाप्त कर चुनाव जीतने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जनता इन घटनाओं को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।*

नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 'भक्तिमति शबरी, रानी दुर्गावती, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व-बोध एवं स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, शंकर शाह रघुनाथ शाह' जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी जाएगी।

## 5 से 13 अप्रैल आयुर्वेद कॉलेज में होगी जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की श्रीराम कथा

हरिभूमि जबलपुर।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के समरस एवं समर्थ भारत के संदेश को लेकर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज 05 अप्रैल से 13 अप्रैल तक अवधपुरी (आयुर्वेदिक कॉलेज) परिसर गौरीघाट में श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। कथा का विषय 'राम जनम जग मंगल हेतु' रहेगा। यह आयोजन समरसता सेवा संगठन की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर हो रहा है, जिसकी आधारशिला स्वयं महाराजश्री ने 13 अप्रैल 2023 को रखी थी। समापन दिवस 13 अप्रैल को संगठन का वार्षिकोत्सव भी महाराजश्री के सानिध्य में मनाया जाएगा।

अवधपुरी नाम से सुसज्जित कथा पंडाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कथा की भव्यता और सामाजिक उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संगठन की तीन वर्ष की विकास यात्रा का उल्लेख किया। इस अवसर पर समाजसेवी उद्योगपति कैलाश गुप्ता, स्वागत समिति अध्यक्ष गुलशन माखीजा, आयोजन समिति सचिव अखिल मिश्रा और पं. रोहित दुबे उपस्थित रहे।




### 35 से अधिक समाजों के प्रतिनिधि बनेंगे यजमान

संदीप जैन ने कहा कि प्रभु श्रीराम सबके हैं और सभी श्रीराम के हैं। कथा पंडाल में सभी वर्गों और समाजों के प्रतिनिधि यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे। अब तक 35 से अधिक समाजों के प्रतिनिधियों ने शामिल होने की जानकारी दी है। सभी समाजों के लोग एक साथ मिलकर समरसता का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि समरसता सेवा संगठन का उद्देश्य समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ाना है। मां नर्मदा की कृपा और प्रभु श्रीराम के समरसता दर्शन से प्रेरित होकर संगठन निरंतर कार्य कर रहा है।

### नाट्य प्रस्तुतियां भी दी जाएगी

श्रीराम कथा के दौरान प्रतिदिन 10 से 15 मिनट की नाट्य प्रस्तुतियां भी होंगी। नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 'भक्तिमति शबरी, रानी दुर्गावती, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व-बोध एवं स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, शंकर शाह रघुनाथ शाह' जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी जाएगी।

### नर्मदा पूजन और शोभायात्रा

कथा प्रारंभ से पहले मां नर्मदा का अभिषेक और पूजन किया जाएगा। इसके बाद 05 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे गौरीघाट से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके साथ पूज्य गुरुदेव कथा स्थल पर पहुंचेंगे।

बीडीएस फाइनल में प्रदेश की 'टॉप-10' सूची में बनाई जगह, बीडीएस के बाद अब एमडीएस का मिशन

## जबलपुर की बेटी अनन्या मिश्रा ने बढ़ाया मान

हरिभूमि, जबलपुर।



मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी.डी.एस. फाइनल ईयर के परीक्षा परिणामों में जबलपुर की होनहार छात्रा अनन्या मिश्रा ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में टॉप-10 स्थान प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है। न्यू राम नगर अधारताल की निवासी अनन्या मिश्रा हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए न केवल कॉलेज, बल्कि पूरे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर चमकाया है। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन और सहपाठियों में हर्ष का माहौल है।

### परिजनों और गुरुजनों का मार्गदर्शन

अपनी इस शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अनन्या ने इसका श्रेय अपनी माता मीरा मिश्रा, पिता सहायक उप निरीक्षक संजय मिश्रा और अपने गुरुजनों को दिया है। अनन्या का मानना है कि परिवार के अटूट सहयोग और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। माता-पिता के प्रोत्साहन और शिक्षकों की मेहनत ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा दी।

### भविष्य की राह अब एमडीएस का लक्ष्य

अनन्या केवल यहीं रुकने वाली नहीं हैं। बीडीएस में शानदार प्रदर्शन के बाद अब उन्होंने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने का निर्णय लिया है। वे आगे एमडीएस. की पढ़ाई कर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहती हैं। अनन्या की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनका यह प्रदर्शन जबलपुर के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

पश्चिमी विक्षोप से फिर बारिश के आसार

## बादलों ने उमस बढ़ाई, तापमान पर ब्रेक



**जबलपुर**। देश के पश्चिमी भागों में बारिश के बाद और पश्चिम बंगाल से बिहार तक प्रभावी टर्फ लाईन और पश्चिमी विक्षोप का असर पूर्वी मध्य प्रदेश पर भी पड़ेगा. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों के दौरान तड़ित झंझावात तेज हवाओं के बीच बारिश की संभावना है. बादलों के छाने से उमस बढ़ गई थी।

मौसम के बदलते रुख से किसान चिंता में आ गए हैं। क्योंकि बारिश होती है तो खेतों में खड़ी मूंग उड़द भिंडी टमाटर भाजी प्याज धनिया तुरई जैसी फसलों के खराब होने और उनमें कीट लगने की संभावना बढ़ जाती है। हाल ही में पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव समाप्त होने पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा, धूप भी तेज होने लगी। इससे वातावरण में गर्माहट आने लगी। मौसम विभाग का कहना है कि गरज के साथ व्रजपात होने की संभावना को देखते हुए जबलपुर संभाग को येलो अलर्ट पर रखा गया है। संभव है कि 24 घंटों के दौरान एक बार मौसम फिर बदलेगा। मौसम विभाग की मानें तो एक और पश्चिमी विक्षोप बन रहा है, जो आने वाले दिनों में मौसम प्रभावित कर सकता है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जम्मू काश्मीर में बर्फबारी का दौर थमने के बाद उत्तरी हवाओं के रूख ने तापमान की बढ़त पर ब्रेक लगा रखा है।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.59 बजे हुआ। सूर्यास्त शाम 6.27 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 38 डिग्री तापमान टीकमगढ दतिया में और सबसे कम 24.5 डिग्री तापमान जबलपुर में दर्ज किया गया। उत्तरी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ जिलों में कही-कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ने की संभावना है।



40 फील्ड ट्रेनर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण

## जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

**जबलपुर**। जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मकानसूचीकरण और मकानों की गणना के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संपन्न हुआ।

कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जबलपुर ग्रामीण के 40 फील्ड प्रशिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन और अतिरिक्त जनगणना अधिकारी बलवंत सिंह राहंगडाले की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान भोपाल से आए जनगणना प्रभारी अधिकारी मनोज नाथानी ने प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया समझाई। उनके साथ डॉ. चन्द्रशेखर राजहंस, डॉ. तृप्ति उकास और डॉ. शिवम शुक्ला ने तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। फील्ड प्रशिक्षण के तहत सभी 40 फील्ड ट्रेनर्स को तहसील बरेला के ग्राम सालीवाड़ा गौर ले जाया गया। यहां प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, जिससे आगामी जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके।

## गोल बाजार शहीद स्मारक में सजी सांस्कृतिक संध्या, विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

**जबलपुर**। विगत दिवस गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक आयोजित भव्य पुस्तक मेले के अंतर्गत एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि विद्या मंदिर–1 के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य शिक्षा केंद्र के जिला प्रभारी राजेश बरसैया रहे। उनके समक्ष विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें राजस्थानी लोकनृत्य (चिरमी डांस) प्रमुख आकर्षण रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने इस लोकनृत्य को अत्यंत मनमोहक ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर के छात्र साहिब सिंह द्वारा राग यमन पर सोलो ऑर्केस्ट्रा की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छात्रा रिद्धिमा शुक्ला ने मधुर स्वर में सुंदर गीत प्रस्तुत कर वातावरण को सुरमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय की नृत्य शिक्षिका ज्योति नामदेव, संगीत शिक्षिका सुजाता पाल एवं विद्यालय के प्राचार्य राजेश नरूला की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित दर्शकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह सांस्कृतिक संध्या विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करती है।

नशा करने से रोकने पर भड़के बदमाश

## देर रात घर पर हमला, पथराव

**जबलपुर**। शहर के गढ़ा थाना क्षेत्र स्थित सिंघई मोहल्ला (बीटी तिराहा) में गत देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब आधा दर्जन से अधिक असामाजिक तत्वों ने एक घर पर हमला कर दिया। रात करीब 3 बजे हुए इस घटनाक्रम से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। बदमाशों ने घर के बाहर जमकर पथराव किया और धारदार हथियारों से दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। पीड़ित संदीप नामदेव ने बताया कि उनके घर के पास कुछ युवक रोजाना देर रात शराब और अन्य नशा करते हैं। कई बार समझाने और विरोध करने के बावजूद वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। गुरुवार रात भी जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी भड़क गए और थोड़ी देर बाद अपने साथियों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला कर दिया।

पीड़ित के अनुसार, हमलावर गाली-गलौज करते हुए घर के बाहर पहुंचे और अचानक पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से घर के दरवाजे और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा। इसके बाद बदमाशों ने धारदार हथियारों से दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। घटना के समय परिवार के सदस्य घर के अंदर ही मौजूद थे और डर के कारण बाहर नहीं निकल सके। बच्चों और महिलाओं में खासा भय व्याप्त हो गया।

घटना के बाद पीड़ित परिवार ने गढ़ा थाने पहुंचकर आशु वर्मन, अनिल वर्मन, अनिल सिंघई, लकी सिंघई समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी और मोबाइल वीडियो सौंपे

परिवार ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल से बनाए गए वीडियो पुलिस को सौंप दिए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## श्रीकान्त साहू एवं दीपमाला सोनकर हुए सम्मानित



**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू एवं अनुसूचित जाति मोर्चा की नवनियुक्त आईटी सह प्रभारी सुश्री दीपमाला सोनकर की नियुक्ति पर समरसता सेवा संगठन द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, गुलशन माखीजा, अखिल मिश्रा, पं. रोहित दुबे, नीलेश रावल, पवन पांडे, विनय असाठी, मनोज सेठ, नितिन भाटिया, रवि शर्मा, आसु रजक आदि ने स्वागत किया।

## 11 सिलेंडर के साथ युवक गिरफ्तार

**जबलपुर**। ईरान, इजरायल, अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के दौरान रसोई गैस की किल्लत ने कालाबजारी बढ़ा दी है। लगातार कालाबजारी की शिकायत सामने आ रही है। ऐसी ही एक शिकायत के आधार पर गौरीघाट पुलिस ने हनुमान मंदिर के सामने टपरिया में अवैध रुप से स्टॉक कर रखे 11 घरेलू सिलेंडर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गौरीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन अटनेरे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर हनुमान मंदिर के सामने टपरिया में गौरीघाट रेलवे स्टेशन के सामने गैस सिलेण्डर की काला बजारी करने वाले सुदामापुरी रामपुर छापर गोरखपुर निवासी 31 वर्षीय अनिल केवट को गिरफ्तार कर लिया है। घरेलू सिलेण्डरों के संबंध में पूछताछ करने पर ज्यादा कीमत पर गैस सिलेण्डर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी अनिल केवट के कब्जे से एचपी कम्पनी के भरे हुये 11 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए है, जिसकी कीमत लगभग 35 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### शराब दुकान खुलने के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**जबलपुर**। तहसील पाटन के ग्राम कंतोरा में मुख्य मार्ग पर शराब दुकान (कलारी) खोले जाने के विरोध में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर पुलिस चौकी नुनसर में ज्ञापन सौंपा और दुकान खोलने पर आपत्ति दर्ज कराई। ग्राम कंतोरा की सरपंच श्रीमती अंजु सिंह और उपसरपंच डॉ. सीता साहू के नेतृत्व में ग्राम सिमरिया, बिलथरा, कंतोरा, रानीताल, नीची, हट्टपुर और नुनसर की महिलाएं विरोध में शामिल हुईं। महिलाओं का कहना है कि मुख्य मार्ग पर शराब दुकान खुलने से गांव का माहौल खराब होगा और परिवारों पर बुरा असर पड़ेगा। महिलाओं ने उस स्थान पर पहुंचकर भी विरोध प्रदर्शन किया, जहां शराब दुकान खोली जा रही है। प्रदर्शन में सुमन पटेल, कल्पना पटेल, सुमन झारिया, किरण रैकवार, सिलोचना रजक, ज्योति ठाकुर, सोनिया आशा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में शराब दुकान खोलने की अनुमति निरस्त की जाए।

युवती को चाकू मारा, युवक को उठाकर पटका

## अवैध वसूली को लेकर मारपीट की 2 वारदातें

**जबलपुर**। पनागर और गढ़ा थाना क्षेत्र में मारपीट के दो मामलें सामने आए है। बताया गया है कि अवैध रुप से रुपयों की मांग करते हुए बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे पटक दिया और एक युवती पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगलदीप पनागर निवासी 40 वर्षीय दिनेश असाटी गत दिवस ग्राम पंचायत के पास स्थित अपनी किराना दुकान में था तभी शाम लगभग 7 बजे गांव का रंजीत पटेल उर्फ जगीरा उसकी दुकान में आकर उससे 10 हजार रूपये की मांग करते हुए गालियां देने लगा, मना करने पर झूमाझपटी कर उसे जमीन पर पटक दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह गढ़ा में गुप्तानगर मजार के पास निवासी 26 वर्षीय जयंती यादव गत रात लगभग 8.30 बजे अपनी सहेली प्रतिभा, लकी ठाकुर व उसकी बहन लक्ष्मी के साथ रामायण मंदिर दर्शन के लिए स्कूटी से गई थी। रात लगभग 9 बजे रामायण मंदिर के पास गाड़ी खड़ी कर रही थी तभी एक 25 से 30 वर्ष का अज्ञात लड़का अपने साथी के साथ आया और उससे दीदी नमस्ते कहते हुये बातचीत करने लगे, दोनों बोले कि तुम मेडिकल के सामने मैगी का ठेला लगाती हो कहकर शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों गाली गलोज करते हुए एक लड़के ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 351(3), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अज्ञात कार की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटी घायल

**जबलपुर**। गढ़ा थाना अतंर्गत रामायण मंदिर के पास तालाब के सामने एक अज्ञात कार ने एक स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार मां बेटी स्कूटी सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगानगर संजीवनीनगर निवासी 20 वर्षीय कनिष्का बैरागी अपनी मां रजनी बैरागी के साथ अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडजी 2407 से गुप्तेश्वर से लौटकर घर जा रही थी, तभी रास्ते में रामायण मंदिर के पास तालाब के सामने पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों स्कूटी सहित गिर गये और दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं, वहीं कार चालक त्रिपुरी तरफ भाग गया। इस दौरान वह कार का नम्बर नहीं देख पाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 5 लाख और कार की मांग को लेकर दहेज प्रताड़ना

**जबलपुर**। मदनमहल थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। बताया गया है कि महिला के ससुराल वाले मायके से पांच लाख और कार लाने की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करते है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरमान कला थाना सुआताल जिला नरसिंहपुर निवासी 26 वर्षीय श्रीमति रिंकी विश्वकर्मा की शादी 30 अप्रैल 2025 को शुक्ला नगर, मदनमहल निवासी अभिषेक विश्वकर्मा के साथ हुई थी। विवाह के समय ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग की गई थी, जिस पर उनके पिता ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज और नगद राशि दी थी। महिला का आरोप है कि शादी से पहले अभिषेक ने खुद को नौकरीपेशा बताया था, लेकिन शादी के बाद पता चला कि वह कोई काम नहीं करता और सिगरेट व शराब का सेवन करता है। विवाह के बाद से पति अभिषेक, सास शिवकुमार विश्वकर्मा तथा ननद दुर्गा विश्वकर्मा द्वारा पांच लाख रुपये और कार की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता था। ननद दुर्गा के घर आने या फोन पर बातचीत के दौरान भी पति और सास को दहेज लाने के लिए उकसाया जाता था। आरोप है कि 31 मार्च 2026 की रात लगभग 9:40 बजे तीनों ने मिलकर दहेज की मांग को लेकर महिला के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर, हाथ और पैर में चोटें आईं। साथ ही गाली-गलौज करते हुए घर से निकालने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पिता को फोन पर दी। पिता के पहुंचने पर ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे दहेज की मांग पर अड़े रहे। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने महिला का स्त्रीधन अपने पास रख लिया और उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 296(ए), 115(2), 351(2), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# अधारताल में निकली संकट मोचन रथ यात्रा



**जबलपुर।**

उपनगरीय क्षेत्र अधारताल में पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रही संकट मोचन रथ यात्रा एवं विराट महाआरती शोभा यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ गोहलपुर थाना स्थित श्री हनुमान मंदिर से शाम 7 बजे किया गया, जो रद्दी चौकी, आनंद नगर, धनी की कुटिया, बिरसा मुंडा तिराहा होते हुए श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर अधारताल पहुंची।

यात्रा के दौरान धर्म ध्वजा के साथ आकर्षक झांकियां निकाली गई तथा अश्व घोड़े पर विराजमान संतों के सानिध्य में विभिन्न अखाड़ों द्वारा शौर्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण मार्ग में विभिन्न स्वागत मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा रथ यात्रा का भव्य स्वागत एवं पूजन.अर्चन किया गया। श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर पहुंचने पर महाआरतीए पूजन.अर्चन एवं प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं हनुमान भक्त उपस्थित रहे।इस धार्मिक आयोजन में अंचल सोनकर, भरत सिंह यादव, राकेश सोनकर, जगत बहादुर सिंह, अशोक रोहाणी, लखन घनघोरिया, अभिलाष पाण्डेय, प्रभात साहू, रिंकू विज, अमित राय, अंजना मनीष अग्रहरी, विमल राय,







महेश राजपूत, ऋषभ यादव, बाबा शरद श्रीवास्तव, किशोर सोनी, आनंद पारे, योगेश सिंह, रजनीश चौहान, पिंटू पटेल, सतीश साहू, सोनू विश्वकर्मा, शैलेन्द्र बिसेन,



पिंटू पाण्डेय, मोनू नामदेव, संजू दीक्षित, करण परसवानी, गौरव दुबे, महेश झारिया, विनय परोहा, पवन लोधी, ऋषभ मिश्रा, सुमन शुक्ला, हेमराज उपाध्याय, संजय बघेल,



भैयालाल अग्रवाल, मनोज भदौरिया, वरुण सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव, अनिल सिंह, अंजू ठाकुर, मोनू चौहान, मनोज पटेल आदि मौजूद रहे।



## महाराष्ट्र व्यायाम शाला में हनुमान जन्मोत्सव व 137वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**जबलपुर।** नगर की सुप्रसिद्ध खेल एवं योग प्रशिक्षण संस्था महाराष्ट्र व्यायाम शाला, मढ़ाताल में गुरुवार, 02 अप्रैल को "मंथन" कार्यक्रम के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं संस्था का 137वां वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया।

प्रातःकालीन सत्र में श्री हनुमान जी की महाआरती एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि मेजर जनरल निश्चय राउत (सेवानिवृत्त) एवं मुख्य वक्ता पंडित अनय अविनाश देशमुख की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्था के तीन वरिष्ठ सदस्यों को 'संस्था गौरव' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही अश्विनी परांजपे राजवाड़े को मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष नियुक्ति तथा दिलीप कुम्भोजकर को बृहन महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर 'मराठी गौरव' पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयवंत खारापाटे एवं आभार प्रदर्शन धनंजय बेहरे ने किया। आयोजन में संस्था के पदाधिकारी, महिला मंडल, सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



**मझौली।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर मझौली में पवनसुत आश्रम, इनदाना रोड से शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए त्यागी आश्रम पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में भगवान हनुमान के जयकारों से भक्ति का माहौल बना रहा और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों का जीवंत चित्रण किया गया। भजन-कीर्तन व ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मझौली द्वारा किया गया, जिसमें युवाओं का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## बिजली कर्मचारियों का शक्ति भवन पर धरना 16 अप्रैल को बड़े आंदोलन की चेतावनी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेशव्यापी आंदोलन के तृतीय चरण में पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा शक्ति भवन मुख्यालय के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी के सुंदरकांड पाठ से हुई। अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार नायक ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 11 सूत्रीय मांगों पर जोर दिया। प्रमुख मांगों में संविदा कर्मचारियों का नियमितिकरण, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए हरियाणा व उत्तरप्रदेश की तर्ज पर कंपनी गठन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की



पेंशन कोषालय से दिए जाने की मांग शामिल रही। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर 16 अप्रैल 2026 को भोपाल में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरने में कार्यवाहक अध्यक्ष उमाकांत मालवीय, उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, संयुक्त महामंत्री हरि सिंह मरावी, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री किशोरी लाल रैकवार, मीडिया प्रभारी राकेश रमन रैकवार, प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा, ओ.पी. यादव, सौरभ साहू, राहुल चंद्रालकर, लोकेश ठाकुर, दीपक पांडे सहित विजय जैन, अमर गावरकर, ए.के. नाहटकर, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक, आंदोलन का ऐलान



**जबलपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए संयुक्त मोर्चा बनाकर आंदोलन की रूपरेखा तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद अब शिक्षक सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जबलपुर के गांधी स्मारक में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल को जिलेभर के शिक्षक प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर तथा 18 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में उमाशंकर पटेल, नरेंद्र त्रिपाठी, राकेश उपाध्याय, जगत पटेल, अजय रजक, संध्या अवस्थी, दीपक पटेल, शिव चौबे, महेंद्र अहवासी, संतोष झारिया, मथुरा उपाध्याय, भूमिका पटेल, अनिल पटेल, राकेश मिश्रा, विनय नामदेव, उमाकांत पटेल, दुष्यंत श्रीवास्तव, इंद्र सिंह राजपूत, प्रियाशु शुक्ला, रामकिशोर हल्दकार, श्रुति जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया कि मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा।

## भाजपा स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को 1056 बूथों पर आयोजन, 8 को सक्रिय सदस्य सम्मेलन

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर की आवश्यक बैठक रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें 6 अप्रैल को स्थापना दिवस, 8 अप्रैल को सक्रिय सदस्य सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, महामंत्री पंकज दुबे एवं रंजीत पटेल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। रत्नेश सोनकर ने बताया कि स्थापना दिवस पर महानगर के 1056 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालयों व बूथ स्तर पर ध्वज वंदन कर सोशल मीडिया पर फोटो साझा करेंगे तथा प्राथमिक सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 8 अप्रैल को जबलपुर में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। साथ ही 7 से 12 अप्रैल तक मंडल स्तर पर



विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

बैठक को अखिलेश जैन, अभिलाष पांडे एवं महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने भी संबोधित किया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों श्रीकांत साहू, वाणी अहलुवालिया, संजय यादव एवं कृष्णा चौधरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा 12 से 18 अप्रैल तक आयोजित

**जबलपुर।** तेजस्विनी महिमा कल्याण मंडल, महिमा महिला कल्याण मंडल की आवश्यक बैठक 03 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को इंडियन कॉफी हाउस घंटाघर में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में स्वामी डॉक्टर आनंद मयानंद महाराज जो अमेरिका से जबलपुर भागवत के लिए पधार रहे हैं, तीर्थ क्षेत्र ग्वारीघाट में मोहनदास बाबा के आश्रम के सामने स्थित मैदान में श्रीमद् भागवत की मीमांसा करेंगे। कथा की समाप्ति के उपरांत 19 अप्रैल को 51 असहाय, निर्धन, बेसहारा, विधवा, तलाकशुदा, बेटियों का विवाह कार्यक्रम सामूहिक रूप से संपन्न किया जाएगा, जिसमें संस्कारधानी जबलपुर के तमाम सम्मानीय जनों से सहयोग और मार्गदर्शन की अपील की गई ।



## मध्य भारत मोर्चा ने राघव चड्ढा के समर्थन में जलाए केजरीवाल के पोस्टर

**जबलपुर।** राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाये जाने के विरोध में मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के पोस्टर जलाए। मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ यादव ने बताया कि राघव चड्ढा संसद में आम नागरिकों की आवाज हैं, जो कि आम जनता के हक के लिए हमेशा लड़ते हैं और उनको न्याय दिलाने का काम करते हैं। राघव चड्ढा द्वारा विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठाई गई, तो अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने उसी राघव चड्ढा को उप नेता पद से हटा दिया, ताकि वे संसद में बोल न पाएं, उनके बोलने पर पाबंदी लगा दी गई, जिसका विरोध करते हुए मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने केजरीवाल का पोस्टर जलाते हुए राघव चड्ढा का समर्थन किया। साथ ही मांग की है कि ऐसे राजसभा सांसद को बोलने दिया जाए जो जनता की आवाज बनकर संसद में बैठे हुए हैं। प्रदर्शन के दौरान मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, अभिराज सोनी, राजा बाबा, समीर, लक्की सोनी, शोभित राजपूत, मनीष सिंधी, रोहित भोजक, निक्की विश्वकर्मा, शुभम, बल्लू पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 6 माह से नहीं मिल रहा फ्यूल सरचार्ज

### विद्युत नियामक आयोग से जांच की मांग

**जबलपुर।** कोयले पर 400 रुपए प्रतिटन सरचार्ज गत 22 सितंबर 2025 से हटने के बाद बिजली उत्पादन की लागत भी घटी है। लेकिन उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। यह आपत्ति बिजली कंपनियों के विद्युत दर वृद्धि के प्रस्ताव के दौरान विद्यत नियामक आयोग को भेजी गई थी। इसके बाद आयोग ने अपने टैरिफ आदेश में स्पष्ट किया है कि इस घटती हुई लागत का लाभ फ्यूल सरचार्ज् के जरिए उपभोक्ताओं को पहुंचाया जायेगा, लेकिन बिजली कंपनियों ने इस आदेश का पालन नहीं किया और पिछले 6 महिनों से लगातार फ्यूल सरचार्ज नहीं घटाया गया। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि सितंबर के बाद के 6 माहों में लागू हुए फ्यूल सरचार्ज की तुलनात्मक अध्ययन किया गया तो पाया गया की कोयला सस्ता होने के बावजूद भी फ्यूल सरचार्ज घटा नहीं, बढ़ा है। फ्यूल सरचार्ज का निर्धारण 2 माह पूर्व के फ्यूल कॉस्ट पर होता है इस कारण नवंबर माह से अध्ययन कर अक्टूबर फ्यूल सरचार्ज से तुलना की गई तो अक्टूबर 2025 - मायनस 4.73 प्रतिशत, नवंबर 2025 - मायनस 2.23 प्रतिशत बढ़ गया, दिसंबर 2025 - 1.05 प्रतिशत बढ़ गया। जनवरी 2026 - 1.05 प्रतिशत बढ़ गया, फरवरी 2026 - मायनस 1.71 प्रतिशत अक्टूबर की तुलना में बढ़ गया। मार्च 2026 - मायनस 0.63 प्रतिशत बढ़ गया।

उपभोक्ता मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी. के. रायघटक, डी.के.सींग, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, एड. बेदप्रकाश अधौलिया, डी.आर. लखेरा, पी.एस. राजपूत ने नियामक आयोग को इमेल भेजकर इस मामलें में जाँच की मांग की है।

## भाजपा ग्रामीण में चार विधानसभा क्षेत्रों के 24 मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति

**सिहोरा।** भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने जबलपुर जिले की पाटन, बरगी, पनागर एवं सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 24 मंडलों में मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की है। जारी सूची के अनुसार पाटन विधानसभा में मझौली पूर्व से हेमंत मिश्रा, मझौली पश्चिम से पुष्पराज सिंह बघेल, नुनसर से राकेश पटेल, पाटन से रूपेश पटेल (लोधी), पोड़ा से नरेंद्र पटेल (लोधी) एवं कटंगी से देवेंद्र यादव को प्रभारी बनाया गया है। बरगी विधानसभा में बरगी से ओमनारायण दुबे, चरगवां से संतोष शुक्ला, भेड़ाघाट से नीता जैन, तिलवारा घाट से आशीष पटेल, बेलखेड़ा से छाया जैन एवं शहपुरा से कृष्ण शेखर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पनागर विधानसभा में नगर मंडल से सुधीर चौबे, पनागर पूर्व से दीनदयाल पटेल, पनागर पश्चिम से अंकुर जैन, बरेला से मनोज यादव, रानी दुर्गावती से प्रतीक दुबे, महाराजपुर से गोवर्धन खेतपाल एवं सुहागी करमेता से आनंद साहू को नियुक्त किया गया है। सिहोरा विधानसभा में मझगवां से अनुपम सराफ, कुंडम से अभिषेक सिंह हरि, सिहोरा ग्रामीण से के.के. दुबे, बघराजी से सतीश अवस्थी, सिहोरा नगर से राजेश राय एवं चौरईकला से अर्चना साहू को मंडल प्रभारी बनाया गया है।

## सिविल कोर्ट चौराहे पर पलटा ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक सवार घायल

**पाटन।** सिविल कोर्ट चौराहे पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा युवक कूदकर बच निकला।



जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे घास के बंडलों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली जबलपुर की ओर मुड़ते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान पास खड़े कांटी गांव निवासी दो बाइक सवार इसकी चपेट में आ गए। घायल युवक साहिल को उपचार के लिए पाटन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सिविल कोर्ट चौराहे पर गति अवरोधक नहीं होने से लगातार हादसे हो रहे हैं। शहपुरा ब्रिज क्षतिग्रस्त होने के बाद इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने यहां स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है।

## खेत की मेढ़ पर लगे पेड़ पर बिजली गिरने से फसल में लगी आग



**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम गत दिवस ढकरवाह में खेत की मेढ़ में लगे पेड़ पर बिजली गिरने से खेत में लगी गेहूं की फसल जल गई। ढकरवाह के किसान मनोज पटेल ने बताया कि उनके खेत के मेढ़ में लगे पेड़ पर बिजली गिरने से करीब ढाई डिस्मिल की फसल जलकर राख हो गई वो तो गनीमत रही की पानी गिरते समय बिजली गिरी तो जल्दी ही बुझ भी गई जिससे छति कम हुई नहीं तो बहुत बड़ा नुक़सान हो सकता था।




**श्री सत्य प्रिय विश्वकर्मा-** ऐरावत अपार्टमेंट हाथीताल निवासी श्री संतोष विश्वकर्मा के पुत्र श्री सत्य प्रिय विश्वकर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई-** बापू नगर मद्रास लाइन रांझी निवासी श्री राम मूर्ति की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी वर्मा-** भोले कुटि शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री कैलाश चंद्र वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी वर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सोमवती-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री सुनील की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शोभना यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री राम कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शोभना यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता तिवारी-** मांडवा रामपुर निवासी श्री राजेंद्र तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता तिवारी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण कुमार जैना-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री कृष्ण कुमार जैना (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री अमित कुमार झा-** चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री चंद्रिका प्रसाद झा के पुत्र श्री अमित कुमार झा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वासुदेव गुप्ता-** करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री वासुदेव गुप्ता (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू रजक-** गोरा बाजार मनीराम का बगीचा निवासी श्री भैया लाल रजक के पुत्र श्री राजू रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई पटेल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री लक्ष्मण पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री अशीष पटेल-** रानीताल चेतराम की मढिय़ा के पीछे निवासी श्री अशोक पटेल के पुत्र श्री आशीष पटेल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकुमारी शर्मा-** कछियाना जवाहरगंज वार्ड निवासी श्री नंद किशोर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रामकुमारी शर्मा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 12x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## अभिभावकों को जागरूक करने यश स्कूल का सराहनीय प्रयास



जबलपुर। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट **CLAP** के अंतर्गत यश हायर सेकेंडरी स्कूल यूनिट द्वारा पुस्तक मेले में "पेरेंटल केयर" विषय पर प्रभावशाली नाटक का मंचन किया गया।

नाटक के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की सही देखभाल, मार्गदर्शन और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। कलाकारों ने संदेश दिया कि बच्चों की सफलता के लिए अभिभावकों का समय और सही दिशा में मार्गदर्शन बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बच्चों का समग्र विकास विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही संभव है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों को निशुल्क पुस्तकें, स्कूल बैग और यूनिफॉर्म वितरित किए गए। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में लगभग 5000 अभिभावकों की उपस्थिति रही और सभी ने इस पहल को जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS SHABNAM ANSARI AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS SHABNAM PARVEEN W/O TANVEER AKHTAR SHEIKH RESIDENT OF- H.NO. 635/A-1, RAMANGAR, ADHARTAL, NEAR TANVEER MANZIL, JABALPUR (M.P.) 482004.

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, THAVARU TOPU RATHOD is legally Father of No 15677869M RANK HAV NAME SANTOSH RATHOD presently residing at VILL- ATHARGA LT, POST- ATHARGA, TEHSIL- INDI, DISTT- VIJAYAPURA (KARNATAKA)- PIN CODE - 586112 I, have changed of my name and date of birth from name THAVARU RATHOD and date of birth 01/07/1962 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name THAVARU TOPU RATHOD and date of birth 01/01/1951 (name and date of birth as per my AADHAR CARD NO. 6178 7560 8297) vide affidavit dated 02/04/2026 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
THAVARU TOPU RATHOD
CORRECT DATE OF BIRTH - 01/01/1951
INCORRECT NAME - THAVARU RATHOD
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1962

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, SOMALABAI THAVARU RATHOD is legally Mother of No 15677869M RANK HAV NAME SANTOSH RATHOD presently residing at VILL ATHARGA LT, POST- ATHARGA, TEHSIL- INDI, DISTT-VIJAYAPURA (KARNATAKA) PIN CODE 586112 1, have changed of my name and date of birth from name SOMALA BAI E and date of birth 01/07/1965 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name SOMALABAI THAVARU RATHOD and date of birth 01/06/1967 (name and date of birth as per my AADHAR CARD NO. 8125 4255 4329) vide affidavit dated 02/04/2026 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
SOMALABAI THAVARU RATHOD
CORRECT DATE OF BIRTH - 01/06/1967
INCORRECT NAME - SOMALA BAI E
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1965


## खबर संक्षेप

### बजाज ऑटो की बिक्री 20% बढ़कर 4,45,377 इकाई




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड की मार्च में कुल बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 4,45,377 इकाई हो गई। मार्च 2025 में यह 3,69,823 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मार्च में घरेलू बाजार में कुल बिक्री 2,66,290 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,21,474 इकाई थी।

### सेनको गोल्ड को राजस्व में 30 फीसदी उछाल की उम्मीद




**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कंपनी 'सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स' को वित्त वर्ष 2025-26 में अपना कुल राजस्व 8,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचने और शुद्ध मुनाफा दोगुना होने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुवांकर सेन ने बताया कि राजस्व में यह उछाल सालाना आधार पर लगभग 30 प्रतिशत अधिक होगा।

### गॉडियम आईवीएफ की एआई के इस्तेमाल की पेशकश




**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने देश में कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी है। बयान के मुताबिक, इस उपचार के तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को नियमित इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है।

### डब्ल्यूसीएल ने 6.3 करोड़ टन कोयले का किया उत्पादन

**नागपुर।** नागपुर स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, डब्ल्यूसीएल ने 6.3 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और छह करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की।

### चुनौतियों के बावजूद निर्यात में वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के निर्यात ने मजबूत गति बनाए रखी और वित्त वर्ष 2025-26 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय मार्च महीने और समूचे वित्त वर्ष 2025-26 के निर्यात-आयात के आंकड़े 15 अप्रैल को जारी करेगा। अधिकारी ने कहा, ''31 मार्च तक, युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद हम वर्ष का समापन सकारात्मक वृद्धि के साथ करेंगे। अमेरिकी शुल्क, पूरे साल पेश हुईं कई बाधाओं, यूक्रेन युद्ध के जारी रहने, ईरान युद्ध शुरू होने.. इन सभी के बावजूद वस्तु निर्यात ने अपनी गति बनाए रखी है।'' देश का वस्तु निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत घटकर 36.61 अरब डॉलर रह गया।

# आरबीएल का बिक गया 74 फीसदी हिस्सा, आरबीआई ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इससे यह बैंक, विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

- अब आरबीएल विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा

आरबीएल बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने यह मंजूरी एक अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दूसरे सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का प्रस्ताव पेश किया था जिसके बाद यह मंजूरी दी गई।

### दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने खरीदी हिस्सेदारी

#### बैंक का कुल मतदान अधिकार 26 फीसदी तक सीमित रहेगा

*बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 12(2) के तहत ईएनबीडी के मताधिकार को आरबीएल बैंक के कुल मतदान अधिकारों के 26 प्रतिशत तक सीमित रखा जाएगा। एनबीडी को 'सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस' की शर्त से अस्थायी छूट दी गई है जब तक कि भारत में उसकी शाखाओं का आरबीएल बैंक के साथ विलय नहीं हो जाता या अधिकतम एक वर्ष की अवधि पूरी नहीं हो जाती।*




#### विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान होंगे लागू

आरबीआई ने कहा कि ऐसे बैंक पर पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान लागू होंगे। हालांकि निदेशक मंडल बैठकों में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की शर्त इस पर लागू नहीं होगी।

***आरबीआई ने नहीं जताई आपत्ति*** *: बैंक को अपने 'आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेने को कहा गया है और बैंक इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा। आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अधीन ईएनबीडी को आरबीएल बैंक का प्रवर्तक वर्गीकृत करने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई है।*

#### ईएनबीडी को 51 फीसदी हिस्सा बनाए रखना होगा

मंजूरी पत्र के अनुसार, एमिरेट्स एनबीडी (ईएनबीडी) को आरबीएल बैंक की चुकता पूंजी का कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखना होगा। इसके बाद बैंक को सब्सिडी मॉडल के तहत विदेशी बैंक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जिसमें निवेशक, मूल विदेशी बैंक होगा।

***मंजूरी लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी***
*आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह मंजूरी भारत सरकार से 49 प्रतिशत से अधिक निवेश के लिए आवश्यक स्वीकृति, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999, सेबी नियमों तथा अन्य लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी।*

### मिडिल ईस्ट संकट से वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ गई अस्थिरता

# रूस ने भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है।

घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बृहस्पतिवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले।

#### बैठक में तेल व गैस के सहयोग पर विशेष ध्यान

रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नयी दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। बयान में कहा गया, ''डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है।''




- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जताई सहमति
- रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस ने की डोभाल व जयशंकर से चर्चा
- डेनिस, प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री सीतारमण से भी मिले

#### रूस उर्वरकों में भारत की जरूरत पूरी करने तैयार

इस बैठक की सह-अध्यक्षता मंतुरोव और जयशंकर ने की। रूस के बयान के अनुसार, परस्पर लाभकारी व्यापार, निवेश एवं औद्योगिक सहयोग का विस्तार बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल था। मंतुरोव ने कहा कि 2025 के अंत तक रूस ने भारत को उर्वरकों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत वृद्धि की है और वह आगे भी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

#### दुनिया का 20 प्रतिशत परिवहन होर्मुज के रास्ते

फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी के परिवहन को संभालता है। पश्चिम एशिया भारत के लिए भी ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत रहा है। दोनों देशों के बीच भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक में भी द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

#### आवागमन अवरूद्ध होने से तेल व गैस की कीमतें बढ़ी

यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण पश्चिम एशिया संकट वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव डाल रहा है। जलडमरूमध्य के रास्ते आवागमन लगभग अवरुद्ध हो जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस कीमतों में तेज वृद्धि हुई है।

#### *एलपीजी आपूर्ति स्थिर : इंडियन ऑयल*

*देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कंपनी बयान के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति जारी है। आईओसी ने बताया कि करीब 87 प्रतिशत 'रीफिल बुकिंग' डिजिटल माध्यमों से की जा रही हैं।*

# ईरान युद्ध का सूरत के कपड़ा केंद्र पर बुरा असर काम के दिन घटाए गए

एजेंसी ▶▶ सूरत



- उद्योग को इस समय रोजाना 100 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा
- सूरत मानव निर्मित कपड़े के उत्पादन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गुजरात के कपड़ा केंद्र सूरत में लागत बढ़ने का असर अब महसूस होने लगा है।

कई इकाइयों ने या तो अपने रोजाना काम करने के घंटे कम कर दिए हैं या फिर अपने उत्पादन के सक्रिय दिन घटा दिए हैं। कुछ पदाधिकारियों ने दावा किया कि उद्योग को इस समय रोजाना लगभग 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सूरत शहर भारत में मानव निर्मित कपड़े के उत्पादन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। साउथ गुजरात टेक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने बढ़ती लागत को नियंत्रित करने के लिए इन इकाइयों के काम करने के दिनों को सात से घटाकर हफ़्ते में पांच दिन करने का फैसला किया है। संघ के अध्यक्ष जितेंद्र वक्तानिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''कच्चे माल और कोयले की बढ़ती कीमतों के कारण, सूरत और दक्षिण गुजरात का कपड़ा प्रसंस्करण उद्योग संकट का सामना कर रहा है। फेडरेशन ऑफ गुजरात वीवर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदर्न गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष अशोक जिरावाला ने बताया कि कई इकाइयों ने अपने उत्पादन चक्र को भी 24 घंटे से घटाकर 12 घंटे प्रतिदिन कर दिया है, जिससे कुल उत्पादन पर असर पड़ा है।

#### उद्योग को पटरी पर लौटने में लगेंगे दो से तीन महीने

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंपालाल बोथरा ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय संकट से पहले, उद्योग रोजाना लगभग सात करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन करता था। लेकिन अब उत्पादन घटकर लगभग आधा रह गया है। उन्होंने कहा कि संघर्ष शांत होने और धागे की कीमतों तथा श्रमिकों की उपलब्धता जैसे कारकों के स्थिर होने के बाद भी उद्योग को पटरी पर लौटने में दो से तीन महीने लग सकते हैं।

# यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि छह फीसदी घटने का अनुमानः इक्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्च आधार और बदलती हुई वृहद-आर्थिक परिस्थितियों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि दर घटकर चार से छह प्रतिशत रह जाने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया।

इक्रा ने एक बयान में कहा कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन उद्योग की थोक बिक्री लगभग सात-नौ प्रतिशत बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान इसे मजबूत त्योहारी मांग, जीएसटी दरों में कटौती और कई नए मॉडलों की पेशकश से समर्थन भी मिला। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''उद्योग में संरचनात्मक बदलाव लगातार देखे जा रहे हैं, जिसमें कुल बिक्री में एसयूवी एवं अन्य उपयोगिता वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 67 प्रतिशत है। इससे प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ते रुझान का पता चलता है।'' इसके अलावा, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे वैकल्पिक ईंधन पर चलने वाले वाहनों की बढ़ती पैठ से भी वाहनों की मांग में विविधता आई है।



- आर्थिक परिस्थितियों के कारण वर्ष 2026-27 में रहने की उम्मीद

#### नए उत्पाद पर पूंजीगत व्यय जारी रह सकता है


इक्रा ने कहा कि वृद्धि में अपेक्षित नरमी के बावजूद यात्री वाहन विनिर्माता नए उत्पादों के विकास और इलेक्ट्रिक वाहन मंच पर महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय जारी रख सकते हैं। वहीं, ट्रैक्टर विनिर्माताओं को स्थिर लागत और परिचालन लाभ मिलने की संभावना है।

# हिंदुस्तान जिंक का खनन व परिष्कृत धातु उत्पादन बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का खनन एवं परिष्कृत धातु का उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़ा जबकि चांदी के उत्पादन में मामूली गिरावट दर्ज की गई। जनवरी-मार्च (चौथी तिमाही) में खनन धातु उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 3,15,000 टन हो गया, जबकि परिष्कृत धातु उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़कर 2,82,000 टन रहा। खनन धातु उत्पादन से तात्पर्य पृथ्वी से कच्चे अयस्क को निकालकर ऐसा संकेंद्रित पदार्थ तैयार करना है, जिसमें कुछ अशुद्धियां होती हैं। इसके बाद परिष्कृत धातु उत्पादन की प्रक्रिया में शुद्धिकरण कर धातु की शुद्धता 99 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाई जाती है, ताकि इसे औद्योगिक उपयोग के लिए तैयार किया जा सके। कंपनी ने बयान में कहा कि चौथी तिमाही में चांदी का उत्पादन 0.2 प्रतिशत घटकर 176 टन रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 177 टन था।

- चांदी उत्पादन में मामूली गिरावट
- चौथी तिमाही में उत्पादन दो प्रतिशत बढ़ा



***दुनिया की सबसे बड़ी जस्ता उत्पादक कंपनी***
*इसके अलावा, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का पवन ऊर्जा उत्पादन 11 प्रतिशत घटकर 5.6 करोड़ यूनिट रह गया, जो एक साल पहले 6.3 करोड़ यूनिट था। हिंदुस्तान जिंक दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी है और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में शामिल है। कंपनी 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है। भारत के प्राथमिक जस्ता बाजार में इसकी करीब 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है।*

### मारुति 2031 तक 8000 सर्विस टचप्वाइंट करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी अपने सर्विस नेटवर्क को वित्त वर्ष 2030-31 तक बढ़ाकर लगभग 8,000 टचपॉइंट तक पहुंचाने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 502 नए सर्विस टचपॉइंट्स जोड़े गए हैं। ताकेउची ने कहा, हमारे ग्राहक देशभर में फैले हुए हैं और उनकी जरूरतें लगातार बदल रही हैं। ऐसे में हम अपने सर्विस टचपॉइंट्स का विस्तार और नवाचार कर रहे हैं। वर्तमान में हमारे पास 5,926 टचपॉइंट्स हैं और हम वित्त वर्ष 2030-31 तक इसे बढ़ाकर करीब 8,000 करने का लक्ष्य रखते हैं।

# सोना, चांदी की कीमतें रहीं अपरिवर्तित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम रहने से चांदी और सोने की कीमतें स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर अपरिवर्तित रही।

- चांदी 2,37,000 और सोना 1,51,500 रुपए पर रहा अपरिवर्तित

इसी तरह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) पर स्थिर बनी रही। सर्राफा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में ही रहीं, क्योंकि वैश्विक बाजारों से कोई नया संकेत नहीं मिला।

**वैश्विक बाजार गुड फ्राइडे पर रहे बंद**

वैश्विक बाजार 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बंद थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम होने के कारण भी कीमतें स्थिर रहीं। बाजार के प्रतिभागी अब सर्राफा की कीमतों में आगे की दिशा जानने के लिए विदेशी बाजारों के फिर से खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

### टैफे की ट्रैक्टर बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 23% बढ़ी



**नई दिल्ली।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) की वित्त वर्ष 2025-26 में कुल ट्रैक्टर बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,14,951 इकाई हो गई। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टैफे ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1,74,785 ट्रैक्टर की बिक्री की थी। कंपनी ने कहा कि मार्च 2026 में 37.4 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि के साथ उसने वित्त वर्ष का समापन मजबूत तरीके से किया। टैफे ने यह भी बताया कि उसके दोनों ब्रांड मैसी फर्ग्यूसन और आयशर ट्रैक्टर्स ने बीते वित्त वर्ष में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी की वाइस चेयरमैन लक्ष्मी वेणु ने कहा कि यह साल ट्रैक्टर बाजार और देशभर के किसानों, दोनों के लिए बहुत सकारात्मक रहा।

### एचएसबीसी ने कहा, तेल 100 डॉलर से ऊपर रहने पर संभव

# खुदरा महंगाई छह प्रतिशत से अधिक होने के आसार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बने रहने पर खुदरा महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय दायरे की ऊपरी सीमा है और इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। विदेशी ब्रोकरेज एचएसबीसी ने यह अनुमान जताया है।

- इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है

एचएसबीसी के अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में अपने विश्लेषण के आधार पर कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमतों का औसत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहता है, तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर छह प्रतिशत से नीचे बनी रह सकती है।

#### रुपए को संभालने लेना होगा ब्याज दरों का सहारा

रिपोर्ट कहती है, ''रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों का सहारा लेना महंगा पड़ सकता है, क्योंकि तेल की ऊंची कीमतों के साथ आर्थिक वृद्धि पर दबाव तेजी से एवं असमान रूप से बढ़ सकता है।''

#### ब्याज दरों में बढ़ोतरी संभव

अर्थशास्त्रियों ने कहा, ''यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है और इससे ब्याज दरों में संभवतः बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है।



#### राजकोषीय घाटा पिछले वित्त वर्ष के आसपास रखना होगा

रिपोर्ट में 'तटस्थ' रुख का मतलब स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2025-26 के स्तर के आसपास बनाए रखा जाए और पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर इस घाटे को नियंत्रित करने में मदद ली जाए।

#### मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले अटकलें

अगले बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या आरबीआई डॉलर के मुकाबले रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों के साधन का इस्तेमाल करेगा। इस रिपोर्ट में ऐसे कदम से जुड़े जोखिमों का भी उल्लेख किया गया है।

#### आपूर्ति की स्थिति अभी सामान्य नहीं

अर्थशास्त्रियों ने सुझाव दिया कि फिलहाल मौद्रिक एवं राजकोषीय दोनों मोर्चों पर 'तटस्थ' रुख अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है और मांग को बढ़ावा देने से महंगाई बढ़ सकती है।

#### आघात कुछ और सप्ताह जारी रहा तो प्रभाव अधिक होगा

इसके साथ ही रिपोर्ट कहती है कि ऊर्जा क्षेत्र का यह आघात अगर कुछ और सप्ताह तक जारी रहता है, तो इससे आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाला दबाव महंगाई के प्रभाव से अधिक हो सकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 10.29 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 27 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह में कुल भंडार 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.34 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.**
**फोन नं. 07652-245167 ईमेल - dfotnshahd-mp@gov.in**

क्र./व्यय/758 शहडोल, दिनांक 31/03/2026

**निविदा विज्ञप्ति**

वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न वानिकी एवं अद्योसंरचना कार्यो हेतु प्रयोग होने वाली सामग्रियों की आपूर्ती हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | संत्याकार निधि |
|---|---|---|
| 1 | वानिकी एवं अधोसंरचना हेतु प्रयोग होने वाली सामग्री | 150000 |

निविदा के संबंध मे समस्त जानकारी ई निविदा क्रमांक 2026_MPFD_495052_1 के माध्यम से प्राप्त करे ।


वनमण्डलाधिकारी
G-11073/26 "स्वच्छता ही सेवा" उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.

चिंतन

# अंतर्विरोधों को दूर करे आम आदमी पार्टी

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उभरी आम आदमी पार्टी (आप) ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्म लेकर जनता के बीच विश्वास का मजबूत आधार बनाया, लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेषकर राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक चल रहा है। पहले स्वाति मालिवाल, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास और प्रशांत भूषण सरीखे नेताओं के बाद अब राघव पर कार्रवाई इस बात का संकेत है कि पार्टी में अंदरूनी कलह चल रही है। किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी आंतरिक एकजुटता और अनुशासन पर निर्भर करती है। आप ने हमेशा खुद को अन्य दलों से अलग, अधिक पारदर्शी और लोकतांत्रिक संगठन के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन राघव चड्ढा प्रकरण ने इस छवि को कहीं न कहीं धक्का पहुंचाया है। यदि पार्टी के वरिष्ठ नेता ही पार्टी लाइन से अलग चलते दिखें या उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तो यह संकेत देता है कि अंदरूनी स्तर पर मतभेद गहरे हो चुके हैं। राघव चड्ढा कभी आप के उभरते सितारे माने जाते थे। विशेषकर पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्हें जीत का हीरो माना गया था, लेकिन अब वही नेता पार्टी नेतृत्व के निशाने पर हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत मतभेद का परिणाम नहीं लगता, बल्कि यह संगठनात्मक असंतुलन की ओर इशारा करता है। राघव का यह कहना कि उन्हें खामोश कराया गया है, पार्टी के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सवाल खड़े करता है। लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना किसी भी संगठन की मजबूती का संकेत होता है, न कि कमजोरी का। यदि पार्टी के भीतर ही असहमति को दबाने का प्रयास होगा तो वह धीरे-धीरे संगठन को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, पार्टी के प्रवक्ताओं और नेताओं द्वारा राघव चड्ढा पर लगाए गए आरोप भी कम गंभीर नहीं हैं। उनका कहना है कि जब पार्टी को राघव की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस समय वे पार्टी लाइन से अलग दिखे और अपने हितों को ऊपर रखा। यदि यह सही है कि उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर पार्टी का साथ नहीं दिया या पार्टी के प्रस्तावों से दूरी बनाई, तो यह अनुशासनहीनता का मामला बनता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मतभेदों को बातचीत और समन्वय के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई? आप का उदय अण्णा हजारे के आंदोलन से हुआ था, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी की बात करते थे। ऐसे में पार्टी के भीतर उभरते अंतर्विरोध उन मूल सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर न केवल पार्टी की छवि पर पड़ेगा, बल्कि उसके जनाधार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आप नेतृत्व आत्ममंथन करे। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर संगठन के हित को प्राथमिकता दे। पार्टी को चाहिए कि वह अपने नेताओं के बीच संवाद स्थापित करे, मतभेदों को खुले मंच पर सुलझाए और एक स्पष्ट दिशा तय करे। इससे न केवल आंतरिक एकजुटता मजबूत होगी, बल्कि जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा। अंततः, राजनीति में केवल बाहरी चुनौतियां ही नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। यदि आम आदमी पार्टी अपने अंतर्विरोधों को समय रहते दूर कर लेती है, तो वह एक बार फिर अपनी साख को मजबूत कर सकती है। अन्यथा, ये मतभेद धीरे-धीरे उसकी राजनीतिक ताकत को कमजोर कर सकते हैं।

# पाषाण की धमकी और आधुनिक का डर



जंग
सुनील कुमार महला

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका बमबारी कर ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देगा, जहां वो पहले था। वास्तव में, ट्रम्प के इस बयान का सीधा सा मतलब है किसी देश की सैन्य, आर्थिक और बुनियादी ताकत को पूरी तरह खत्म कर देना। इसे ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद युद्धविराम और हॉर्मुज खुलने की उम्मीद लगा रही दुनिया सकते में हैं। यह सत्य है कि प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल और गैस पर मानव का अधिकार है, किंतु ये संसाधन सीमित हैं और इनका अंधाधुंध दोहन या युद्ध के कारण विनाश अंततः पूरी मानवता के लिए हानिकारक सिद्ध होगा।

मध्य-पूर्व में जंग को चलते हुए एक महीने से भी ज्यादा का समय हो गया है। इस युद्ध के और अधिक लंबा खिंचने से पूरी दुनिया सकते में है। इधर, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका बमबारी कर ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देगा, जहां वो पहले था। वास्तव में, ट्रम्प के इस बयान का सीधा सा मतलब है किसी देश की सैन्य, आर्थिक और बुनियादी ताकत को पूरी तरह खत्म कर देना। इसे ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद युद्धविराम और हॉर्मुज खुलने की उम्मीद लगा रही दुनिया सकते में हैं। ट्रंप ने कहा कि 32 दिन की जंग और अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन के बाद ईरान को अब कोई खतरा नहीं है। अमेरिका ने ईरान की नौसेना और वायुसेना को नष्ट कर दिया है और ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम पर हमला न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी देश युद्ध के बजाय बातचीत, सहयोग और शांति के मार्ग को अपनाएं। हाल फिलहाल, ट्रंप ने कहा कि अगले दो-तीन हफ्तों में ईरान पर कड़ा प्रहार करेंगे और हम उसे पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उसे वास्तव में होना चाहिए था। हालांकि, ट्रंप ने युद्ध को खत्म करने की कोई ठोस योजना नहीं बताई। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि अमेरिका बहुत जल्दी अपना काम पूरा कर लेगा। इधर, ट्रंप की धमकी के बाद ईरान की आईआरजीसी के एयरोस्पेस प्रमुख जनरल सैय्यद माजिद मूसावी ने यह बात कही है कि 250 साल का इतिहास वाला देश छह हजार साल पुरानी सभ्यता को धमकी दे रहा है, और ये सिर्फ उसका भ्रम है। ट्रंप के पाषाण युग वाली धमकी से जुड़े अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की पोस्ट के जवाब में मूसावी ने कहा कि अमेरिका अपने सैनिकों को उनकी कब्रों की ओर ले जा रहा है। हॉलीवुड के भ्रमों से अमेरिका के दिमाग में जहर भर गया है और इसी का नतीजा है कि वो हजारों साल पुरानी सभ्यता को धमका रहा है। अगर उसकी धरती पर कोई उतरता है तो एक भी व्यक्ति जिंदा नहीं बचेगा। ईरान सेना के प्रमुख मेजर जनरल आमीर हतामी ने कहा कि हम पर हमला करने वाले नहीं बचेंगे। हमारे देश से युद्ध का साया हटना चाहिए। सभी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। वहीं, ईरानी सेना के प्रवक्ता ले. कर्नल इब्राहिम जोल्फागरि ने कहा कि ईरान के पास मिसाइलों और विस्फोटों का पर्याप्त भंडार है। जिन सैन्य ठिकानों पर आपने हमला किया वो ईरान के लिए महत्वहीन हैं। वहीं दुनियाभर के निवेशकों को यह उम्मीद थी कि मध्य पूर्व की जंग थम जाएगी। तेल संकट से जूझ रहे देशों को इससे उबरने का मौका मिलेगा, लेकिन ट्रंप के ऐलान से दुनियाभर के बाजार सकते में आ गए। भारत का शेयर बाजार भी शुरुआत में लड़खड़ाकर संभला। कच्चा तेल और महंगा हो गया। सच तो यह है कि मध्य-पूर्व की जंग से पूरी दुनिया को कहीं न कहीं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एशियाई बाजारों में गिरावट आ गई है और निक्केई, शंघाई, हैंगसैंग और सिंगापुर के बाजार 3% टूटे हैं। हालांकि, सेंसेक्स झटकों के बाद निचले स्तर से 2000 अंक सुधरा है। अमेरिकी बाजारों में



भी जंग का काफी हद तक असर हुआ है और यही कारण है कि डैक्स, फिट्सी, नैस्डेक, डाओ जोन्स आधा फीसदी गिरा है। इधर, रुपये को आरबीआई ने संभाला और यह 1.56 रुपये की बढ़त लेकर 93.14 पर बंद हुआ। इतना ही नहीं, जंग से सोने-चांदी की कीमतों पर भी व्यापक रूप से असर पड़ा है। सोना 3500 रुपये तो चांदी 9000 रुपये की गिरावट लेकर बंद हुई। बहरहाल, अमेरिका-ईरान-इज़राइल युद्ध के कारण ईरान में सबसे भारी नुकसान हुआ है, जहां अब तक लगभग 1,800 से 2,000 तक मौतें और करीब 20 हजार तक घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, इज़राइल में लगभग 19-30 लोगों की मौत और 4,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अमेरिका के करीब 13-15 सैनिक मारे गए हैं। अगर पूरे संघर्ष क्षेत्र को जोड़ें तो कुल मौतों का आंकड़ा 3,000 से 5,000 से अधिक के बीच पहुंच चुका है, जबकि घायलों की संख्या 20,000 से अधिक है। युद्ध अभी जारी है और लगातार हवाई हमलों व मिसाइल हमलों के कारण ये आंकड़े रोज़ बढ़ रहे हैं। इससे यह एक बड़े मानवीय संकट में बदलता जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष-खासतौर पर ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव ने पूरी दुनिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तेल और गैस आपूर्ति पर इसका सीधा असर पड़ा है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। इसका असर यह हुआ कि परिवहन लागत बढ़ी, जिससे खाद्यान्न, दाल-अनाज, सब्जियों और रोज़मर्रा के सभी आवश्यक सामान महंगे हो गए। कई देशों में महंगाई दर तेजी से बढ़ी है और आर्थिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई है। इसके साथ ही पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को भी भारी क्षति पहुंच रही है। लगातार हो रहे हवाई हमलों, मिसाइल हमलों और तेल भंडारण केंद्रों पर हमलों से बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन, आगजनी और प्रदूषण बढ़ा है। समुद्री क्षेत्रों में तेल रिसाव का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे समुद्री जीव-जंतु और तटीय पारिस्थितिकी प्रभावित हो रही है। इस प्रकार यह संघर्ष केवल सैन्य या राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक, पर्यावरणीय और मानवीय संकट का व्यापक रूप ले चुका है। वास्तव में, युद्ध किसी भी समस्या का अंतिम और स्थायी समाधान नहीं हो सकता, बल्कि यह मानवता पर सीधा और गहरा प्रहार है। वर्तमान में अमेरिका, ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ता तनाव इस बात का उदाहरण है कि शक्ति प्रदर्शन और सैन्य टकराव केवल विनाश को जन्म देते हैं, समाधान को नहीं। सच तो यह है कि यह जंग जितनी लंबी खिंच रही है, उतना ही दुनिया के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। बड़े देशों के आक्रामक बयान हालात को और बिगाड़ सकते हैं। इसका असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और शांति पर पड़ रहा है। अतः आज आवश्यकता इस बात की है कि ये राष्ट्र आपसी संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से अपने मतभेदों को सुलझाएं।

यह सत्य है कि प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल और गैस पर मानव का अधिकार है, किंतु ये संसाधन सीमित हैं और इनका अंधाधुंध दोहन या युद्ध के कारण विनाश अंततः पूरी मानवता के लिए हानिकारक सिद्ध होगा। युद्ध के चलते न केवल अर्थव्यवस्था और समाज प्रभावित होते हैं, बल्कि धरती भी बंजर होती जा रही है; जंगल नष्ट हो रहे हैं, जैव विविधता खतरे में है और पशु-पक्षियों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है। इसलिए यह समय विनाश के मार्ग से हटकर सह-अस्तित्व, संतुलन और शांति के रास्ते को अपनाने का है, क्योंकि अंततः यही मानव और प्रकृति दोनों के हित में है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ईरान-इजराइल तनाव
मुकेश प्रजापति



# यूएन की प्रासंगिकता, सीमाएं और पुनर्संरचना की जरूरत

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच गहराता तनाव समकालीन वैश्विक राजनीति के सबसे जटिल और संवेदनशील प्रश्नों में से एक बन चुका है। यह संघर्ष केवल द्विपक्षीय विरोधाभास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैचारिक टकराव, क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन, गैर-राज्य कारकों की सक्रियता और महाशक्तियों की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी अंतर्निहित है। विशेष रूप से इस संघर्ष में इजराइल को अमेरिका का स्पष्ट और संरचनात्मक समर्थन प्राप्त है, जो इसे एक क्षेत्रीय विवाद से आगे बढ़ाकर वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बना देता है। ऐसे बहुस्तरीय संकट में संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की भूमिका, उसकी प्रासंगिकता और संस्थागत सीमाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण अनिवार्य हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में उदार अंतरराष्ट्रीयतावाद की उस धारणा पर आधारित थी, जिसमें यह विश्वास निहित था कि बहुपक्षीय संस्थाएं, नियम-आधारित व्यवस्था और सामूहिक सुरक्षा तंत्र विश्व शांति को सुनिश्चित कर सकते हैं। 21वीं सदी के जटिल भू-राजनीतिक यथार्थ में यह आदर्श बार-बार यथार्थवादी शक्तियों की राजनीति से टकराता दिखाई देता है। ईरान-इजराइल संबंधों में अंतर्निहित शत्रुता वैचारिक, सामरिक और राजनीतिक स्तरों पर निर्मित हुई है। इजराइल जहां पश्चिमी खेमे का महत्वपूर्ण सहयोगी है, वहीं ईरान स्वयं को क्षेत्रीय प्रतिरोध की धुरी के रूप में प्रस्तुत करता है और इजराइल के अस्तित्व को चुनौती देता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, इजराइल की सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं के साथ मिलकर एक स्थायी तनाव का आधार तैयार करता है। अमेरिका द्वारा इजराइल को प्रदान किया जाने वाला सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संरक्षण इस समीकरण को और अधिक असंतुलित बनाता है, जिससे यह संघर्ष व्यापक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब बन जाता है। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को यदि संस्थागत दृष्टि से देखा जाए, तो इसके पास शांति स्थापना, प्रतिबंध, मध्यस्थता और मानवीय हस्तक्षेप जैसे अनेक उपकरण उपलब्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी संरचनात्मक बाधा उसकी सुरक्षा परिषद की संरचना है, विशेषकर स्थायी सदस्यों को प्राप्त वीटो शक्ति। यह व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति-संतुलन की उपज है, जो वर्तमान बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में असंगत प्रतीत होती है। इजराइल से जुड़े मामलों में अमेरिका का निरंतर समर्थन और वीटो का संभावित प्रयोग संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वहीं रूस और चीन का दृष्टिकोण कई बार संतुलन स्थापित करने के बजाय शक्ति-राजनीति का ही विस्तार प्रतीत होता है। संयुक्त राष्ट्र की सीमाओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझना भी आवश्यक है। वर्ष 2003 में इराक पर अमेरिकी नेतृत्व में हुआ आक्रमण संयुक्त राष्ट्र की स्वीकृति के बिना संपन्न हुआ, जिसने सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा को गंभीर रूप से कमजोर किया। इसी प्रकार, अफगानिस्तान में अमेरिका के दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के दौरान संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अपेक्षाकृत गौण रही, जो इसकी संस्थागत निर्बलता को रेखांकित करता है। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब महाशक्तियों के रणनीतिक हित दांव पर होते हैं, तब अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अक्सर निष्क्रिय या अप्रभावी हो जाती हैं। इसके विपरीत, संयुक्त राष्ट्र ने 'लो-पॉलिटिक्स' के क्षेत्रों विशेषकर मानवीय सहायता और वैश्विक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रकार, संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक द्वंद्वात्मक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए, जहां एक ओर यह वैश्विक संवाद, वैधता और सहयोग का मंच प्रदान करता है, वहीं दूसरी ओर इसकी संरचनात्मक सीमाएं इसे निर्णायक हस्तक्षेप से रोकती हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की आवश्यकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो शक्ति के प्रयोग पर पुनर्विचार तथा विकासशील देशों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, ये सभी कदम इसे अधिक प्रतिनिधिक और प्रभावी बना सकते हैं। भारत जैसे उभरते राष्ट्र लंबे समय से इस दिशा में सुधार की मांग करते रहे हैं। अंततः संयुक्त राष्ट्र संघ न तो पूर्णतः अप्रासंगिक हुआ है और न ही सर्वशक्तिमान है। यह एक ऐसी संस्था है, जिसकी प्रभावशीलता वैश्विक शक्ति-संतुलन और सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। ईरान-इजराइल संघर्ष के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सीमित होते हुए भी अनिवार्य बनी हुई है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इसे समकालीन वैश्विक यथार्थ के अनुरूप पुनर्गठित किया जाए, ताकि यह वास्तव में "विश्व शांति" के अपने मूल उद्देश्य को साकार कर सके।

(लेखक प्राध्यापक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भ्रष्टाचार, सस्ती शिक्षा, सस्ते इलाज पर भी गौर हो**

बड़ी ख़ुशी की बात है कि गृहमंत्री अमित शाह ने बड़े जोर-शोर से कहा कि देश नक्सल-मुक्त हो गया है। होना भी चाहिए नक्सलमुक्त जिससे जनजीवन सामान्य बना रहे। अब सरकार को देश को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार भी बहुत बड़ा कारण है महंगी शिक्षा और महंगी चिकित्सा व अन्य विकासशील कार्यों में रुकावट के लिए। ये बहुत अच्छी बात है कि कुछ ऐसी सरकारी योजनाएं चल रही हैं जिससे गरीब व उम्रदराज लोगों को सस्ती चिकित्सा उपलब्ध होने लगी है, जिसमें आयुष्मान योजना और जन औषधि केंद्र प्रमुख हैं, जहां इलाज भी फ्री और दवाइयां भी किफायती मिल जाती हैं।

- विनय कुमार, रेवाड़ी

## ट्रेंड

### शिक्षा अनमोल पूंजी



शिक्षा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि जीवन को श्रेष्ठ बनाने का सशक्त माध्यम भी है। यह वो अनमोल पूंजी है, जिसके जरिए आज हमारी युवाशक्ति हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान बनाकर देश का नाम रोशन कर रही है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पाक में कांग्रेस सरकार



पप्पू, ज़रा सुन लो - असम में कांग्रेस की सरकार अगले 50 साल तक नहीं बनने वाली; हाँ, पाकिस्तान में बन सकती है। और यह भी सुन लो कि तुम सात जन्म भी ले लो, तब भी मेरा बाल बाँका नहीं कर पाओगे।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम


### अराजक तत्वों का दबदबा



मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस तरह की घटनाएं बताती हैं कि मुख्यमंत्री ममता के संरक्षण में अराजक तत्वों का मनोबल कितना बढ़ चुका है, जो न्यायपालिका जैसे मजबूत स्तंभ को भी चुनौती देने का दुस्साहस कर रहे हैं।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### बीजेपी बौखलाई




गुजरात में पंचायत और नपा चुनावों के पहले अवैध रूप से हमारे 160 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। "आप" की बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी बुरी तरह से बौखलाई हुई है। गुजरात के लोग इसका जवाब ज़रूर देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


### फ्रांस से जुड़ा कंटेनर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा

माल्टा का ध्वज वाहक और फ्रांसीसी जहाजरानी कंपनी सीएमए सीजीएम द्वारा संचालित जहाज सीएमए सीजीएम क्रिबी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। समुद्री यातायात पर नजर रखने वाली वेबसाइट ने यह जानकारी दी। वेबसाइट के मुताबिक यह संभवतः पहला फ्रांसीसी पोत है जिसने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किये जाने के बाद पार किया है। इसके मुताबिक जहाज बृहस्पतिवार को दुबई के समुद्री क्षेत्र से रवाना हुआ और शुक्रवार को ओमान के मस्कट के तट पर पहुंचा। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया के लिए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी कंटेनर जहाजरानी कंपनी सीएमए सीजीएम से संपर्क किया लेकिन उक्त कंपनी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध की शुरुआत के बाद से जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले पोतों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है। लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस नामक डेटा कंपनी के मुताबिक एक मार्च से अब तक टैंकर और कंटेनर जहाजों सहित लगभग 150 जहाज ही जलडमरूमध्य से गुजरे हैं। इनमें से भी अधिकतर ईरान, चीन, भारत और पाकिस्तान से जुड़े हैं।



## ऑफ बीट

### छोटा दिमाग फिर भी भंवरे कर सकते हैं लय की पहचान



इंसानों की तरह अब भंवरों (बम्बलबी) में भी लय (रिदम) को पहचानने और सीखने की क्षमता पाई गई है, जबकि उनका दिमाग तिल के दाने जितना छोटा होता है। 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। अब तक माना जाता था कि लय को समझने और पहचानने की क्षमता केवल बड़े और जटिल दिमाग वाले जीवों, जैसे इंसानों या कुछ पक्षियों और स्तनधारियों तक सीमित है। लेकिन इस अध्ययन से पता चलता है कि छोटे दिमाग वाले जीव भी इस जटिल कौशल को सीख सकते हैं। प्रकृति में लय हर जगह मौजूद है- पक्षियों और मेंढकों की आवाज़ों से लेकर जुगनुओं की चमक और मधुमक्खियों के नृत्य तक। हालांकि पहले यह समझा जाता था कि ये सभी व्यवहार जन्मजात होते हैं और इनमें सीखने की भूमिका नहीं होती। इस धारणा को परखने के लिए शोधकर्ताओं ने भंवरों पर प्रयोग किए। उन्हें कृत्रिम फूलों के जरिए प्रशिक्षित किया गया, जिनमें एलईडी लाइट्स लगी थीं। अलग-अलग लाइट पैटर्न में से एक पैटर्न पर मीठा घोल (इनाम) दिया जाता था, जबकि दूसरे पर नहीं। भंवरों को इन पैटर्न के बीच अंतर केवल उनकी लय के आधार पर समझना था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ईरान का आरोप- युद्ध में 600 से अधिक स्कूल तबाह, बच्चों की पढ़ाई पर असर

ईरान की अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने की मांग

*ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं*

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 35वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है।

ईरान ने दावा किया है कि 28 फरवरी से जारी हमलों में देश के शिक्षा क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं। इस घटनाक्रम के बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने और कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, लगातार जारी हमलों के कारण देश में शिक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।


ईरान ने इजराइल के रमत गन शहर पर क्लस्टर बम से हमले में अपने क्षतिग्रस्त घर को देखती महिला


### ईरान ने बदली युद्ध की रणनीति

## कुवैत में पानी और यूएई में तेल के प्लांट पर किया जोरदार हमला


कुवैत की ऑयल रिफाइनरी पर दूसरी बार हमला

*ईरान ने मिडिल ईस्ट में जंग का रुख बदल दिया है। उसने कुवैत के पानी प्लांट और अबू धाबी के गैस प्लांट पर हमलों से खाड़ी देशों में हड़कंप मच गया है। कुवैत के मीना अल-अहमदी पोर्ट पर बनी ऑयल रिफाइनरी पर दो हफ्तों में तीसरी बार हमला हुआ है। यह मिडिल ईस्ट की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है। कुवैत और ईरान की दूरी सिर्फ 80 किमी दूर है। वहीं, ईरान ने अबू धाबी में हबशन गैस फैसिलिटी के पास एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा एक हमले को इंटरसेप्ट किया गया, लेकिन इसके बाद गिरे मलबे से आग लग गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्लांट का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।*

## ईरान की नई धमकी- छुआ तो मिडिल ईस्ट में 8 ब्रिज उड़ा देंगे



ईरान ने मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की सूची जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघरी ने कहा कि अगर हमारे पुल, बिजली घर या ऊर्जा ढांचे को छुआ, तो हम आपके पूरे क्षेत्र के ठिकाने खत्म कर देंगे। ईरान की सूची मेंशेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज (यूएई), किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका और इजराइल ने ईरान के करज शहर में बी1 ब्रिज पर दो बार हमला किया था। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और पुल पूरी तरह तबाह हो गया। यह पुल इसी साल शुरू हुआ था और इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता था। करीब 1050 मीटर लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस पुल को बनाने में लगभग 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,800 करोड़) खर्च हुए थे।

### ईरान और ओमान के बीच हो रही बातचीत

## होर्मुज प्रबंधन को लेकर बना रहे प्रोटोकॉल

होर्मुज जलडमरूमध्य के संयुक्त प्रबंधन को लेकर ओमान और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। इसका उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा इस जलमार्ग हेतु एक प्रोटोकॉल तैयार करना है। दुनिया के तेल-गैस का पांचवां हिस्सा यहां से गुजरता है। प्रोटोकॉल की जानकारी अस्पष्ट है। हालांकि, अन्य खाड़ी देश भी किसी भी योजना में शामिल होने पर जोर दे रहे हैं।

### आईआरजीसी का दावा

## तेल पर अवीव पर जोरदार हमला



ईरानी रिवॉल्यूशनरी गाड्‌र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने तेल अवीव और एय्लात में इजराइली सेना और सैन्य औद्योगिक कंपनियों पर ताजा हमले करके भारी नुकसान पहुंचाया है। आईआरजीसी ने कहा कि इन हवाई हमलों में इजराइली ठिकानों और उपकरणों को नष्ट किया गया। इजराइल की तरफ से अब तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इलाके में सुरक्षा अलर्ट और एंटी-मिसाइल सिस्टम सक्रिय हैं।

## ईरानी तेल टैंकर चीन की तरफ मुड़ा, 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा


आज पहुंचना था भारत

भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, और इसे 4 अप्रैल को गुजरात के पास पहुंचना था लेकिन उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे भुगतान से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। पहले आपूर्तिकर्ता 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी।

### भारत की ओर बढ़ रहा एलपीजी टैंकर ‘ग्रीन सान्वी’, 58 हजार एमटी एलपीजी

58,811 मीट्रिक टन की क्षमता वाला भारत का एलपीजी टैंकर ‘ग्रीन सान्वी’ होर्मुज के जलडमरूमध्य को पार कर रहा है, जो पश्चिमी एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है। ‘ग्रीन सान्वी’ ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम चालू कर दिया है और क्यूशम-लारक क्रॉसिंग की ओर बढ़ रहा है। ‘ग्रीन सान्वी’ पश्चिम एशिया के तनाव शुरू होने के बाद से होर्मुज से गुजरने वाला सातवां भारत-आने वाला एलपीजी वाहक है। टैंकर अपनी पहचान ‘इंडिया शिप इंडिया क्रू’ के रूप में दिखा रहा है ताकि आईआरजीसी बलों द्वारा लक्षित होने के जोखिम को कम किया जा सके।

### खबर संक्षेप

**लखनऊ में पकड़े गए 4 संदिग्ध आतंकी**



**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने पाकिस्तान हैंडलर और कट्टरपंथी ग्रुपों के निर्देश पर देश में आगजनी, तोड़फोड़ और आतंक फैलाने की साजिश रचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। गैंग टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स से लगातार संपर्क में था। गिरोह का मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल (मेरठ) था। वह अपने 3 साथियों के साथ देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

**पाक में गाय-भैंस पालने पर लगेगा गोबर टैक्स**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब राज्य में गाय और भैंस पालने पर अब ‘टैक्स’ लगाने की तैयारी हो रही है। मरियम नवाज की सरकार हर गाय और भैंस पर रोजाना 30 पाकिस्तानी रुपए फीस देने का नियम बना सकती है। सरकार इस कदम को ग्रीन एनर्जी के रूप में पेश कर रही है। यह योजना ‘सुथरा पंजाब’ बायोगैस प्रोग्राम का हिस्सा बताई जा रही है। यह दिसंबर 2024 में पंजाब राज्य में शुरू किया गया।

**म्यांमार में आर्मी चीफ मिन आंग बने राष्ट्रपति**



**नेप्यीडॉ।** म्यांमार में सेना प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रपति चुन लिया गया है। संसद में हुए वोट में उन्हें जीत मिली। इससे 2021 में तख्तापलट के बाद देश पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है। 69 साल के ह्लाइंग 2011 से म्यांमार की सेना के प्रमुख रहे हैं। उन्होंने 2021 में आंग सान सूची की सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

### नौसेना में शामिल हुए आईएनएस तारागिरी और आईएनएस अरिदमन

# राजनाथ सिंह बोले- हम एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति, भारत की नौसेनिक ताकत में इजाफा

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारत की समुद्री सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में स्वदेशी अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी और आईएनएस अरिदमन को नौसेना में शामिल कराया। इस समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएनएस तारागिरी के जलावतरण से भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ी है। यह ब्रह्मोस और सुपरसोनिक मिसाइल से लैस है। इतिहास हमें बताता है कि कोई भी देश बिना अपनी नौसैनिक ताकत को मजबूत किए शक्तिशाली नहीं माना जा सकता है।


राजनाथ सिंह


आईएनएस तारागिरी

### समुद्र से रिश्ता और मजबूत हुआ

रक्षा मंत्री ने कहा कि ये शहर अपने आप में भारत की समुद्री शक्ति का साक्षी रहा है, इसलिए विशाखापट्टनम से आईएनएस तारागिरी कमीशनिंग अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल है। हमारी सांस्कृतिक विरासत से लेकर आज की रणनीतिक वास्तविकताओं ने समुद्र में हमेशा भारत की दिशा तय की है। भारत का हमेशा से ही समुद्र के साथ अनोखा संबंध रहा है और समय के साथ समुद्र से हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है।

### ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर

*रक्षा मंत्री ने कहा कि 11,000 किमी से अधिक लंबी तटरेखा वाला हमारा देश, जो तीन तरफ से समुद्र से घिरा है, समुद्र से अलग अपने विकास की कल्पना नहीं कर सकता। हमारे लगभग 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। हमारी ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर करती है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना हमारे लिए केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।*

### ‘शब्द नहीं शक्ति है- अरिदमन...’

### भारतीय नौसेना को मिल गई तीसरी परमाणु पनडुब्बी


आईएनएस अरिदमन


भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को परमाणु शक्ति से चलने वाली पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। इस पनडुब्बी के नौसेना में शामिल होने के बाद भारत का न्यूक्लियर ट्रायड और भी ज्यादा मजबूत हो गया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस अरिदमन के नौसेना में शामिल होने के बारे में इशारों में जानकारी दी थी। राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक ‘एक्स’ हैंडल पर लिखा था, ‘शब्द नहीं शक्ति है, ‘अरिदमन’! आईएनएस अरिदमन भारत की एसएसबीएन परियोजना के तहत नौसेना को मिलने वाली तीसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी है। इस ताकत से लैस पहली पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत है और दूसरी आईएनएस अरिघात है। बता दें, भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की सूची लिस्ट में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं।

### अमेरिकी कंपनी पर सख्त एचएएल

## तेजस एमके1ए के इंजन देरी के लिए जीई एयरोस्पेस पर जुर्माना लगाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




तेजस लड़ाकू विमान

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस पर सख्त रुख अपनाते हुए तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान के इंजन आपूर्ति में देरी के लिए जुर्माना लगाने का फैसला किया है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिकी कंपनी को एफ404-आईएन20 इंजन समय पर नहीं देने के कारण लिक्विडेटेड डैमेजेस यानी जुर्माना लगाया जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि तेजस एमके1ए प्रोजेक्ट इंजन की कमी से दो साल से ज्यादा समय से अटका है। भारतीय वायुसेना नए विमानों का इंतजार कर रही है, लेकिन इंजन न मिलने से डिलीवरी रुकी हुई है। जीई एयरोस्पेस के साथ 99 एफ404 इंजनों का अनुबंध हस्ताक्षर हुआ था। इन इंजनों को तेजस एमके1ए के लिए इस्तेमाल किया जाना है। कंपनी को 2024 से डिलीवरी शुरू करनी थी। हर साल 20 से ज्यादा इंजन देने थे। लेकिन अब तक सिर्फ 6 इंजन ही मिले हैं। बाकी इंजनों की डिलीवरी में भारी देरी हो रही है।

*प्रोजेक्ट दो साल से अटका हुआ*

*20 इंजन देने से मिले सिर्फ 6 ही*

### जल्द ही तय होगी प्रति इंजन पेनाल्टी

*जीई एयरोस्पेस ने कहा है कि उसे सप्लाई चेन में दिक्कत आ रही है, लेकिन एचएएल ने इसे मानने से इनकार कर दिया है। भारत की ओर से कई बार बातचीत की गई कि डिलीवरी तेज की जाए, लेकिन जीई एयरोस्पेस इस पर अमल नहीं कर पाई। अब एचएएल हर देरी वाले इंजन पर पेनाल्टी लगाएगा। एचएएल के सीएमडी ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में देरी के लिए लिक्विडेटेड डैमेजेस का साफ क्लॉज है।*

### गांदरबल एनकाउंटर पर उठे सवाल

## एलजी ने दिया आदेश- 7 दिन में मजिस्ट्रियल जांच कर ‘रिपोर्ट’ दें

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में बुधवार की सुबह सेना ने एक ऑपरेशन चलाया। सेना का कहना था कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि इस इलाके में एक स्थानीय आतंकी छुपा हुआ है। ऑपरेशन के बाद सेना ने ऐलान किया कि एक आतंकी मारा गया। लेकिन जब यह पता चला कि गांदरबल के लार गांव का रहने वाला 29 साल का रशीद अहमद मुगल मारा गया है तो प्रदेश के सीएम उमर अब्दुल्ला और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने इस एनकाउंटर यानि सेना के ऑपरेशन पर सवाल उठाए। सीएम ने जांच



की मांग की थी और पीडीपी चीफ ने इसका समर्थन किया था। अब एलजी मनोज सिन्हा ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बता दें, रशीद अहमद ने बीए तक पढ़ाई की थी। अपने गांव में ही कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था और घर-परिवार का खर्च चलाने के लिए मजदूरी भी करता था।

### शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट

## यूएन ने भारतीय सैनिकों को सराहा, कहा- आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**सूडान में भारत के 1,779 जवान शांति मिशन में तैनात**

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य आपूर्ति मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था।


स्टीफन दुजारिक


दक्षिण सूडान के गीगर में भारत ने चिकित्सा शिविर लगाया

### मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा

दुजारिक ने कहा कि भारतीय शांति सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20-पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा।

### कमजोर नागरिकों तक पहुंचाई मदद

*दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मिशन ने बताया कि नया रास्ता बनने से क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ेगी।*

### 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में

*बता दें, जनवरी 2026 तक, भारत सूडान में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाला देश था, जिसके 1,779 जवान इस शांति मिशन में तैनात थे। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दक्षिण सूडान में हालात बहुत खराब थे। 8 राज्यों में करीब 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में आए थे। इस आपदा की वजह से लगभग 3 लाख 75 हजार 600 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। ऐसे में इस मुख्य रास्ते का खुलना वहां के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।*

## पश्चिम बंगाल

# ममता की नॉन-वेज पॉलिटिक्स ने भाजपा को डाला घोर असमंजस में

**भाजपा बोली- 'मांसाहारी' ही होगा मुख्यमंत्री**



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ममता बनर्जी अपनी रैलियों में बीजेपी के सत्ता में आने पर खाने पीने की चीजों पर पाबंदी की आशंका जता रही हैं। चुनाव कैंपेन के दौरान हाल ही में ममता बनर्जी ने अपने समर्थकों से कहा कि बीजेपी पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह मछली, मांस और अंडे खाने पर बैन लगा देगी। बीरभूम में रैली में ममता बनर्जी कह रही थीं, ये लोग (बीजेपी वाले) आपको मछली नहीं खाने देंगे... आप अंडा, मीट कुछ नहीं खा पाएंगे और न ही बांग्ला बोल पाएंगे... अगर आपने ऐसा किया तो ये लोग आपको बांग्लादेशी घोषित कर देंगे।

**संकट में घिरी भाजपा ने ऐसे किया अपना बचाव :** ममता बनर्जी के हमलों को न्यूट्रलाइज करने की कोशिश में सुकांत मजूमदार ने कहा है, देखिए, ममता बनर्जी ऐसी छोटी-छोटी बातें इसलिए कर रही हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह आने वाले चुनाव हारने वाली हैं... वह डर और निराशा की वजह से ऐसा कर रही हैं... बंगाल में ज्यादातर लोग मांसाहारी खाना खाते हैं, और भारतीय जनता पार्टी के नेता भी मांसाहारी खाना खाते हैं। मजूमदार ने अपनी मिसाल देते हुए सुकांत मजूमदार कहते हैं, 'आज भी हमने मांसाहारी खाना खाया है।

### हाथ में मछली लेकर प्रत्याशी कर रहे प्रचार


बीजेपी को पश्चिम बंगाल में मांसाहार के मुद्दे पर बचाव की मुद्रा में आना पड़ा है। हालत यह हो गई है कि बीजेपी का उम्मीदवार हाथों में मछली लिए हुए घूम घूम कर वोट मांगता फिर रहा है और नतीजा यह हुआ है कि बीजेपी नेता बोल रहे हैं कि बीजेपी के सत्ता में आने पर कोई मांसाहारी ही मुख्यमंत्री बनेगा। मीट का मुद्दा बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती है। बीजेपी का बड़ा समर्थक उत्तर भारत में है, जो शाकाहार का समर्थक है। अब बंगाल के चुनावी माहौल में भी बीजेपी को डिफेंसिव होना पड़ा है।

**चुनाव परिणामों से तय होगा भूपेंद्र-जितेंद्र और सचिन पायलट का भविष्य**

# चुनाव बंगाल-केरल-असम का इम्तिहान राजस्थान के नेताओं का!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी चुनाव से सिर्फ इन राज्यों नेताओं की किस्मत फैसला होने के साथ-साथ राजस्थान के चार बड़े नेताओं के भाग्य का भी निर्णय होगा। पांच में से तीन राज्यों की चुनावी कमान राजस्थान के नेताओं के हाथ में है, जहां पर हार और जीत दोनों का श्रेय उनके हिस्से में जाएगा। राजस्थान से आने वाले बीजेपी के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पास पश्चिम बंगाल के चुनावी कमान है, जहां पर बीजेपी के कमल खिलाने का जिम्मा उन्हें मिला है। वहीं, कांग्रेस के दिग्गज नेता व पार्टी के महासचिव सचिन पायलट को केरलम चुनाव का ऑब्जर्वर बनाया है तो साथ में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य हैं। कांग्रेस के महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के पास असम का प्रभार है। इस तरह राजस्थान के चार नेताओं की किस्मत का फैसला पांच राज्यों के चुनावी नतीजे से तय होगा?



भूपेंद्र यादव



सचिन पायलट



जितेंद्र सिंह

### भूपेंद्र यादव क्या बंगाल खिला पाएंगे कमल

राजस्थान से आने वाले भूपेंद्र यादव को भाजपा का संकट मोचक कहा जाता है। महाराष्ट्र से उत्तर प्रदेश और गुजरात तक भाजपा को जिताने में अहम रोल अदा कर चुके हैं। भूपेंद्र यादव के जीत के सियासी ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए बंगाल जैसे चुनौती भरे राज्य की जिम्मेदारी दे रखी है। एक तरह से देखा जाए तो भूपेंद्र यादव को बहुत मुश्किल टॉस्क मिला है अब वे इस टॉस्क को कैसे पूरा करेंगे यह उनकी रणनीति पर तय करेगा। पश्चिम बंगाल देश के उन चुनिंदा राज्यों में से एक है, जहां पर बीजेपी अभी सत्ता में नहीं आ सकी है. ममता बनर्जी पिछले 15 सालों से सूबे की सत्ता में है। बंगाल के समीकरण भी बीजेपी के अनुकूल नहीं है।

### केरल में कांग्रेस को सत्ता में ला पाएंगे पायलट और डांगी

केरलम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सचिन पायलट को सीनियर ऑब्जर्वर बना रखा है, जिसके चलते पूरे चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। यहां से पहले राहुल गांधी और अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लोकसभा सांसद हैं। सचिन पायलट के ऊपर टिकट वितरण की जिम्मेदारी रही है तो डांगी स्क्रीनिंग कमेटी होने के नाते उनकी भूमिका रही है। केरलम की चुनावी लड़ाई कांग्रेस के अगुवाई वाले यूडीएफ और लेफ्ट के नेतृत्व वाले एलडीएफ गठबंधन के बीच है। दस साल से सत्ता में यूडीएफ है और उसके खिलाफ इस बार सत्ता विरोधी लहर भी कही जा रही है। अब इस लहर का कितना फायदा ये दोनों नेता उठा पाएंगे यह भविष्य की गर्त में है।

### असम में क्या बीजेपी को रोक पाएंगे जितेंद्र सिंह

असम में कांग्रेस की कमान जितेंद्र सिंह के कंधों पर है, वो राज्य के प्रभारी हैं। दस साल से बीजेपी सत्ता में है और चुनाव ऐलान के साथ ही कांग्रेस को एक के बाद एक झटके लगे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए सत्ता के सूखा खत्म करने की जिम्मा जितेंद्र सिंह पर है। हिमंत बिस्वा सरमा के चेहरे के सहारे बीजेपी लगातार तीसरी बार असम में सत्ता की कोशिशों में है। ऐसे में क्या बीजेपी को चुनावी मात देने में जितेंद्र सिंह सफल हो पाएंगे यह उनकी रणनीति और मतदाताओं के ऊपर निर्भर है। ऐसे में असम में कांग्रेस को सत्ता में लाने में सफल नहीं होते हैं तो जितेंद्र सिंह पर सवाल खड़े होंगे? असम में कांग्रेस और बीजेपी का सीधा मुकाबाला है।

## केरल — खाड़ी युद्ध का असर केरलम की कम अंतर वाली सीटों पर भी

ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की चल रही जंग का सियासी असर केरलम चुनाव वोटिंग पर पड़ सकता है। इसके चलते कई सीटों सियासी उल्टफेर हो सकता है, क्योंकि मलयाली के लोग बड़ी संख्या में गल्फ में रहते हैं और जंग के चलते इस बार मतदान करने नहीं आ पा रहे हैं। दुबई, कतर, सउदी अरब, बहरीन सहित सभी खाड़ी देशों में बड़ी तादाद में मलयाली लोग हेल्थ और सर्विस सेक्टर में काम करते हैं। आम तौर पर मलयाली वोटर चुनाव के दौरान केरल आकर मतदान करते हैं। ईरान के साथ चल रही जंग के चलते फिलहाल फ्लाइट के मंहगे टिकट और जॉब पर गहराते संकट के चलते गल्फ में रहने वाले मलियाली वोटरों का इस बार आना मुश्किल है जिससे राज्य की कम अंतर से हार जीत वाली सीटों का गेम बदल सकता है।



### केरलम की 50 सीटों पर एनआरआई वोटर अहम

केरलम के तकरीबन 22 लाख लोग गल्फ के अलग-अलग देशों में रहते हैं जो इस बार नहीं आ पा रहे हैं। कन्नूर से पलक्कड़ तक फैली 50 विधानसभा सीटों पर प्रवासी वोटर्स हमेशा महत्वपूर्ण रोल अदा करते रहे हैं। इनके वोटिंग पैटर्न से कई नेताओं की किस्मत बुलंद होती है तो कई का गेम बिगड़ जाता है। केरल की 140 सीटों में से 50 सीटों पर सियासी गेम खराब होने से सत्ता का पूरा समीकरण बदल सकता है।

# पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके ने उड़ाई सबकी नींद जीत सकती है इतनी सीटें

तमिलनाडु



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में इस बार एक नया चेहरा चर्चा में है। अभिनेता से नेता बने विजय थलापति की पार्टी टीवीके पहली बार चुनावी मैदान में उतरी है और आते ही उसने राजनीतिक माहौल को बदल दिया है। लोक पाल सर्वे के मुताबिक टीवीके को 8 से 10 सीटें मिल सकती हैं। सीटों के हिसाब से यह संख्या भले कम लग रही हो, लेकिन इसका असर राजनीति पर साफ दिखाई दे रहा है। अगर वोट प्रतिशत की बात करें तो डीएमके गठबंधन को करीब 40.1 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है, जिससे वह सबसे आगे नजर आ रहा है। वहीं एआईएडीएमके और बीजेपी के गठबंधन को लगभग 29 फीसदी वोट मिल सकते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके को करीब 23.9 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है।

### सीएम के लिए पहली पसंद एमके स्टालिन



मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी सर्वे में लोगों की राय सामने आई है। इसमें एमके स्टालिन सबसे आगे हैं और उन्हें 41% लोगों ने पसंद किया है। दूसरे नंबर पर एआईएडीएमके के ई पलानीस्वामी हैं, जिन्हें 24.1% लोगों का समर्थन मिला है। वहीं विजय थलापति को 27.1% लोग मुख्यमंत्री के तौर पर पसंद कर रहे हैं, जो उन्हें एक मजबूत नए नेता के रूप में दिखाता है।

## 23 फीसदी उम्मीदवारों का क्रिमिनल बैकग्राउंड, 38 पर गंभीर आरोप

पुडुचेरी

पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भिड़ रहे 294 उम्मीदवारों में 23 फीसदी यानी 66 उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं। एडीआर और पुडुचेरी इलेक्शन वॉच ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामों का अध्ययन कर कई चौंकाने वाली और रोचक जानकारी शेयर की है। नामांकन भरने वाले 294 में से 291 प्रत्याशियों के हलफनामे की जांच के दौरान पाया गया कि राष्ट्रीय पार्टियों के 34, राज्य स्तरीय क्षेत्रीय पार्टियों के 63, रजिस्टर्ड लेकिन गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों के 80 और सबसे ज्यादा 117 इंडिपेंडेंट उम्मीदवार हैं. आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 66 उम्मीदवारों में से 38 यानी 13 फीसदी गंभीर श्रेणी के अपराधों के आरोपी हैं।

# यहां मात्र 2 रुपए लीटर मिल रहा है पेट्रोल, पचास रुपए में टंकी हो जाएगी फुल

**युद्ध का भी नहीं पड़ा कोई असर**

**त्रिपोली।** जहां यूएस-ईरान वॉर की वजह से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत देखने को मिल रही है, वहीं एक ऐसा देश है, जिसपर इस वॉर का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस देश में आज भी पेट्रोल मात्र दो रुपए चौदह पैसे प्रति लीटर बिक रहा है। 2 अप्रैल को यहां पेट्रोल मात्र दो रुपए चौदह पैसे प्रति लीटर बिका। यानी मात्र पचास रुपए में आपकी कार की टंकी फुल हो जाती है। यह देश है उत्तरी अफ्रीका का लीबिया। लीबिया दुनिया के सबसे सस्ते पेट्रोल वाले देशों में पहले स्थान पर है।

### नहीं बढ़े पेट्रोल के कीमत

वर्तमान में यहां पेट्रोल की कीमत लगभग 0.15 लीबियन दीनार प्रति लीटर है, जो अमेरिकी डॉलर में करीब 0.023 डॉलर यानी लगभग 2 रुपए प्रति लीटर बैठती है। यह कीमत सालों से लगभग स्थिर है। भले ही वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हों, लीबिया में आम नागरिक को इसका कोई बोझ नहीं झेलना पड़ रहा। इसकी मुख्य वजह है लीबिया के विशाल तेल भंडार। ये देश दुनिया के प्रमुख तेल उत्पादक देशों में शामिल है। यहां तेल उत्पादन बहुत ज्यादा है और सरकार भारी सब्सिडी देती है ताकि आम लोगों को सस्ता ईंधन मिल सके। लीबिया में पेट्रोल की कीमत इतनी कम रखी गई है कि यह नागरिकों के लिए राहत का बड़ा साधन बन गया है।



### कई मुश्किलें झेल चुका है देश

लीबिया की राजनीतिक स्थिति काफी जटिल रही है। 2011 के बाद से यहां गृहयुद्ध, अस्थिरता और विभाजन देखा गया। फिर भी सरकार ने ईंधन सब्सिडी की नीति को नहीं बदला। इसे 'नो पीस नो वॉर'स्ट्रैटजी कहा जाता है। मतलब ना पूर्ण शांति है और ना पूर्ण युद्ध, लेकिन जनता को बुनियादी सुविधाएं जैसे सस्ता पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस नीति से सरकार जनसमर्थन बनाए रखने की कोशिश करती है। वैश्विक स्तर पर जब ईरान, वेनेजुएला जैसे देशों में भी ईंधन सस्ता है, तब लीबिया अभी भी सबसे सस्ता पेट्रोल उपलब्ध कराने में आगे है। ईरान में पेट्रोल करीब 2.5-3 रुपए लीटर है, जबकि वेनेजुएला में भी बहुत कम, लेकिन लीबिया टॉप पर है।

### क्यों नहीं पड़ रहा युद्ध का असर?

लीबिया खुद तेल निर्यातक देश है। यहां का तेल उत्पादन घरेलू जरूरतों से ज्यादा है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर घरेलू बाजार पर नहीं पड़ता। सरकार सब्सिडी के जरिए कीमतों को नियंत्रित रखती है। भले ही निर्यात पर असर पड़े, लेकिन आंतरिक खपत के लिए सस्ता ईंधन जारी रहता है। एक सामान्य कार की 50 लीटर टंकी को फुल करने में यहां सिर्फ 100-110 रुपए लगते हैं। भारत में जहां एक लीटर पेट्रोल 90-100 रुपए का है, वहीं लीबिया में इतना सस्ता मिलना भारतीयों के लिए सपने जैसा लगता है।

# ये हैं दुनिया के 10 सबसे कम खुशहाल देश, अफगानिस्तान सबसे टॉप पर

नई दिल्ली। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 सामने आ गई है। इसमें उन देशों की लिस्ट दी गई है, जहां लोग सबसे ज्यादा परेशान और दुखी हैं। अफगानिस्तान से लेकर मिस्र तक, इन देशों में कंगाली और बदहाली ने खुशियां छीन ली हैं।

### अफगानिस्तान (1.446)

अफगानिस्तान लगातार दुनिया का सबसे नाखुश देश बना हुआ है। सालों से चल रहे मानवीय संकट और तालिबान के शासन के बाद यहां के लोगों की जिंदगी नरक जैसी हो गई है। बुनियादी आजादी की कमी और भयंकर आर्थिक तंगी ने लोगों के मन में गहरी निराशा भर दी है।

### सिएरा लियोन (3.251)

स्थिरता की कोशिशों के बावजूद यह देश लिस्ट में बहुत नीचे है। यहां गरीबी की दर बहुत ज्यादा है और स्वास्थ्य सुविधाओं का नामो-निशान नहीं है। पुरानी लड़ाइयों के जख्म आज भी यहां के लोगों की खुशियों में रुकावट बने हुए हैं।

### मलावी (3.284)

इस देश की सबसे बड़ी समस्या इसकी कमजोर अर्थव्यवस्था है। यहां के लोग खेती पर निर्भर हैं और मौसम की बेरुखी की वजह से अक्सर यहां खाने के लाले पड़ जाते हैं। महंगाई इतनी ज्यादा है कि आम आदमी का पूरा दिन बस पेट भरने की चिंता में ही निकल जाता है।

### जिम्बाब्वे (3.346)

महंगाई और राजनीतिक उठापटक ने इस देश को खोखला कर दिया है। हालांकि, यहां बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं, लेकिन भ्रष्टाचार की वजह से उसका फायदा आम जनता तक नहीं पहुंच पाता, जिससे लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।



### बोत्सवाना (3.464)

यह एक मध्यम आय वाला देश है, फिर भी यहां लोग दुखी हैं। जानकारों का कहना है कि यहां अमीर और गरीब के बीच की खाई बहुत बड़ी है। इसके साथ ही एचआईवी जैसी बीमारियों का बोझ और सामाजिक सहयोग की कमी लोगों को परेशान रखती है।

### एस्वातिनी (3.909)

खराब सेहत और राजनीतिक अशांति की वजह से यह देश टॉप 10 दुखी देशों में शामिल हो गया है। यहां गरीबी और पाबंदियों ने लोगों का दम घोंट रखा है, जिससे जीवन के प्रति उनका नजरिया बहुत नकारात्मक हो गया है।

### लेबनान (3.723)

कभी खुशहाल दिखने वाला लेबनान आज आर्थिक मलबे के नीचे दबा है। यहां का बैंकिंग सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है, जिससे मिडिल क्लास की सारी जमा-पूंजी खत्म हो गई। बुनियादी सुविधाओं के छिन जाने से देश में हर तरफ मायूसी का माहौल है।

### कांगो (3.761)

कांगो में चल रही आपसी लड़ाई और खनिजों की लूट ने यहां के लोगों की शांति छीन ली है। जान बचाने के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है, और भ्रष्टाचार की वजह से देश के संसाधनों का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा।

### मिस्र (3.862)

मिस्र में बढ़ती महंगाई और नागरिक अधिकारों पर पाबंदी ने लोगों को दुखी कर रखा है। सरकार बड़ी-बड़ी इमारतों पर पैसा खर्च कर रही है, लेकिन आम जनता आज भी खाने की सुरक्षा और पैसों की तंगी को लेकर भारी तनाव में जी रही है।

### तंजानिया (3.902)

इस लिस्ट में आखिरी नंबर तंजानिया का है। यहां के लोगों को लगता है कि उन्हें अपनी मर्जी से जीने की आजादी नहीं है। बढ़ते शहरीकरण और खराब ढांचे की वजह से लोगों का एक-दूसरे पर से भरोसा कम होता जा रहा है, जो उनकी नाखुशी का बड़ा कारण है।

**मुझे गर्व है कि मैं स्पेस प्लंबर हूं...**

# चांद के रास्ते में क्रिस्टीना ने खुद ठीक किया टॉयलेट, जीत लिया सबका दिल

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष की सैर सुनने में जितनी ग्लैमरस लगती है, असलियत में वहां खतरा भी उतना ही होता है। ऐसे खतरों से निपटने के लिए कई बार एस्ट्रोनॉट्स को कुछ ऐसा करना पड़ता है, जिसकी कल्पना शायद धरती पर कोई नहीं कर रहा होता है। ऐसा ही कुछ नासा के आर्टेमिस-2 मिशन पर गईं दुनिया की पहली महिला मून एस्ट्रोनॉट क्रिस्टीना कोच ने कर दिखाया है। उन्होंने अंतरिक्ष में उड़ते हुए अपने स्पेसक्राफ्ट का टॉयलेट खराब होने पर उसे खुद ठीक किया और अब दुनिया उन्हें प्यार से 'स्पेस प्लंबर' बुला रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खुद क्रिस्टीना ने भी बड़े गर्व से कहा है कि उन्हें इस खिताब से कोई परहेज नहीं है।



### आधी रात को जब मिस्त्री बनीं क्रिस्टीना

दरअसल, आर्टेमिस-2 मिशन लॉन्च के कुछ ही घंटों बाद ओरियन स्पेसक्राफ्ट के टॉयलेट में खराबी आ गई थी। ओरियन कैप्सूल का लूनर लू (टॉयलेट) जवाब दे गया था। जीरो गुरुत्वाकर्षण में टॉयलेट खराब होना किसी बुरे सपने से कम नहीं होता है, क्योंकि वहां गंदगी नीचे नहीं गिरती, बल्कि हवा में तैरने लगती है। इस मुश्किल वक्त में क्रिस्टीना कोच ने आगे बढ़कर काम संभाला। उन्होंने सिस्टम को जांचा, ग्राउंड टीम से बात की और धीरे-धीरे समस्या को ठीक किया। काफी कोशिश के बाद टॉयलेट सिस्टम फिर से काम करने लगा। यह राहत की बात थी, क्योंकि लंबी यात्रा में यह सुविधा बेहद जरूरी होती है।

### मजाक में कही बड़ी बात

इसके बाद जब इस पूरे मामले पर बात हुई, तो कोच ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'मैं तो अब खुद को स्पेस प्लंबर मानती हूं.' उनकी यह बात सुनकर लोग हंस जरूर पड़े, लेकिन इस एक लाइन में उन्होंने अंतरिक्ष मिशन की असली तस्वीर साफ कर दी। उन्होंने बता दिया कि अंतरिक्ष में कोई भी काम छोटा नहीं होता। टॉयलेट जैसी आम सुविधा भी वहां एक अहम सिस्टम बन जाती है।

### टीमवर्क ही असली ताकत

इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि अंतरिक्ष मिशन अकेले किसी एक इंसान का काम नहीं होता। एक तरफ स्पेसक्राफ्ट में मौजूद एस्ट्रोनॉट्स होते हैं, तो दूसरी तरफ धरती पर बैठे वैज्ञानिक होते हैं, जो हर पल उनकी मदद करते रहते हैं। दोनों के सही तालमेल से ही ऐसी मुश्किलें आसानी से हल हो पाती हैं।

### ट्रेनिंग का दिखा कमाल

नासा ने बताया कि क्रिस्टीना जैसी मिशन स्पेशलिस्ट को हर तरह की 'क्रॉस-ट्रेनिंग' दी जाती है। उन्हें वैज्ञानिक प्रयोगों के साथ-साथ जहाज की मरम्मत, बिजली के काम और प्लंबिंग की भी ट्रेनिंग मिलती है। मुश्किल समय में वे किसी भी भूमिका में ढल सकती हैं. क्रिस्टीना के इस काम ने दुनिया को दिखाया कि चांद पर पहुंचने के पीछे कितनी कड़ी मेहनत और छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखना पड़ता है।

# अमेरिका ने दवाओं पर लगाया 100% टैरिफ

## स्टील-एल्यूमिनियम आयात के नियम भी सख्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और विवादित कदम उठाया है। उन्होंने अमेरिका में आयातित ब्रांडेड दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने स्टील और एल्यूमिनियम जैसी धातुओं के आयात से जुड़े नियम भी सख्त कर दिए हैं। ट्रंप ने इन दोनों फैसलों से जुड़े कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। घोषणा में प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के लिए अलग-अलग शुल्क दरों का भी उल्लेख है। ट्रंप प्रशासन ने आयातित स्टील, एल्यूमीनियम और तांबे पर 50 प्रतिशत टैरिफ से जुड़े नियम बदले हैं। अब इन धातुओं और उनके मिश्रित उत्पादों के लिए टैरिफ पूरी कीमत पर लागू होगा। जिन उत्पादों में 15 प्रतिशत से कम धातु है, उनके लिए देश-विशेष टैरिफ लागू होंगे।



### इन देशों पर लगेगा कम शुल्क

यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया और स्विट्ज़रलैंड से आयात पर लगभग 15 प्रतिशत का कम शुल्क लगेगा, जबकि अनाथ दवाएं, परमाणु दवाएं और जीन थेरेपी जैसी कुछ विशेष श्रेणियां इस शुल्क से मुक्त रहेंगी। फिलहाल जेनेरिक दवाओं और बायोसिमिलर्स को इस शुल्क व्यवस्था से बाहर रखा गया है। घोषणा में कहा गया, "जेनेरिक दवाएं और उनसे जुड़े घटक इस समय शुल्क के अधीन नहीं होंगे।"

## टीएमसी से निकला कनेक्शन

# मालदा कांड का मास्टरमाइंड एयरपोर्ट से पकड़ाया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मालदा में हुई हिंसा में मुख्य आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसे तब पकड़ा गया, जब वह सिलीगुड़ी के पास बागडोगरा एयरपोर्ट पर भागने की फिराक में पहुंचा था। मोफक्करुल के साथ ही अन्य 35 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है जो इस घटना में शामिल रहे। इस गिरफ्तारी के बाद अब बीजेपी मोफक्करुल का कनेक्शन तृणमूल कांग्रेस से होने का आरोप लगा रही है। बीजेपी का आरोप है कि ऐसे लोगों के इस तरह पकड़े जाने से इकोसिस्टम पर गंभीर सवाल उठते हैं।

### टीएमसी नेता के आचरण पर उठाए सवाल

भाजपा के आईटी सेल इंचार्ज अमित मालवीय ने एक तस्वीर ट्वीट करते हुए आरोप लगाया है कि मोफक्करुल इस्लाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी कल्याण बनर्जी के साथ देखा जा चुका है। मालवीय ने कहा कि इससे उस 'इकोसिस्टम' (माहौल) पर गंभीर सवाल उठते हैं जो ऐसे लोगों को बढ़ावा देता है।

**जीप मैरिज लॉन की दीवार से टकराई**

# एयरबैग खुलने के बावजूद दो युवकों की नहीं बच सकी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बैतूल-सारणी मार्ग पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने दो युवकों की जान ले ली, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गोठाना क्षेत्र में तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मैरिज लॉन की दीवार से जा भिड़ी। पुलिस के अनुसार, रात करीब 11:15 बजे जीप (एमपी 48 टी 1317) का चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और जीप लहराते हुए जोरदार टक्कर के साथ दीवार में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि दीवार क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन बुरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के समय हल्की बारिश हो रही थी, जिससे सड़क फिसलन भरी थी। इस दर्दनाक दुर्घटना में अर्जुन नगर निवासी 25 वर्षीय प्रफुल्ल अनिल ठोके और पुनीत ठाकरे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पप्पू प्रजापति (23), राजू यादव (26), अभिषेक वडिवा (26) और 14 वर्षीय संगम राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि वाहन के एयरबैग खुलने के बावजूद टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दो युवकों की जान नहीं बचाई जा सकी।

# अंडे से बाहर आते ही इस चूजे को मिल रही है जेड प्लस सिक्युरिटी



**नई दिल्ली।** कच्छ के तपते रेगिस्तान में एक नन्हे 'राजकुमार' की आमद हुई है, जिसकी एक मुस्कान (चहचहाहट) की खातिर 50 जांबाजों ने वहां दिन-रात का सख्त पहरा लगा दिया है। गुजरात के कच्छ में एक नन्हे मेहमान के स्वागत में ऐसी तैयारी की गई है, जैसी किसी बड़े नेता के लिए होती है। 10 साल के लंबे इंतजार के बाद जन्मे 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' (गोडावण) के एक चूजे की सुरक्षा के लिए 50 जवानों का पहरा लगा दिया गया है। आखिर, क्यों यह चिड़िया इतनी खास है कि इसके लिए रास्ते तक बंद कर दिए गए?

**वीवीआईपी चूजे की कहानी:** गुजरात के कच्छ में इन दिनों एक नन्हे चूजे की चर्चा जोरों पर है। यह कोई आम चिड़िया नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का बच्चा है। 26 मार्च को इसके जन्म लेते ही वन विभाग ने इसे 'राजकुमार' जैसा रुतबा दे दिया है। 10 साल बाद गुजरात की धरती पर इस पंछी का कुनबा बढ़ा है, इसलिए इसकी हिफाजत में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही।

## सुरक्षा में तैनात 50 जवान और हाई-टेक दूरबीन!



### 50 जवान और 24 घंटे की हाई-टेक पहरेदारी

इस नन्हे चूजे की सुरक्षा के लिए 50 से ज्यादा वनकर्मी तैनात किए गए हैं, जो तीन शिफ्टों में दिन-रात मुस्तैद रहते हैं। आसपास के इलाके को 'नो-मेंस लैंड' बना दिया गया है और आम लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक है। दूरबीन और स्पॉटिंग स्कोप के जरिए वॉच टावर से हर पल की खबर रखी जा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि इस चूजे की पल-पल की रिपोर्ट सीधे गांधीनगर और अहमदाबाद में बैठे बड़े अफसरों को भेजी जा रही है।

### दुश्मनों से बचाने के लिए वॉटर प्रूफ चक्रव्यूह

वन विभाग ने चूजे को शिकारी जानवरों जैसे कुत्तों और लोमड़ियों से बचाने के लिए गजब का दिमाग लगाया है। इलाके के जलस्रोतों को जानबूझकर सुखा दिया गया है, ताकि कोई प्यासा जानवर वहां न आए। टूटी बाड़ ठीक कर दी गई है और गांव वालों को मवेशी चराने से भी मना किया गया है। यहां तक कि मादा गोडावण पर भी ट्रैकिंग टैग के जरिए नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी खतरे का आभास होते ही टीम मिनटों में वहां पहुंच सके। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का यह बच्चा न सिर्फ वन विभाग की मेहनत का नतीजा है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए उम्मीद की नई किरण है। 10 साल बाद आई इस खुशी को संजोने के लिए पूरा प्रशासन एक 'बॉडीगार्ड' की तरह खड़ा है, ताकि यह दुर्लभ प्रजाति एक बार फिर आसमान में ऊंची उड़ान भर सके।

## रोचक खबरें



### भारत की वो जनजाति, जो 55000 साल से रहती है आइलैंड पर

**नई दिल्ली।** इंसानी सभ्यता के विकास की दौड़ में जहां हम चांद और मंगल तक पहुंच गए हैं, तो दूसरी ओर दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां हैं, जिनके बारे में ही बहुत कम लोगों को पता है। अमेजन के घने जंगलों से लेकर अंडमान आइलैंड तक रहने वाले ये ट्राइब्स आज भी मुख्यधारा से कटे हुए हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही भारतीय जनजाति के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अंडमान निकोबार द्वीप समूह पर रहती है। इस ट्राइब का नाम जारवा है। वैज्ञानिकों और इतिहासकारों का मानना है कि यह कबीला पिछले 55,000 सालों से इन जंगलों में रह रहा है। अफ्रीका से निकली मानव सभ्यता की यह सबसे पुरानी जीवित कड़ियों में से एक है। साल 1990 के दशक तक इस जनजाति का बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं था और वे पूरी तरह से प्रकृति की गोद में अपनी शर्तों पर जी रहे थे। लेकिन, जैसे-जैसे आधुनिक दुनिया इनके करीब पहुंची, इनके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे।

### दुकानदार की एक गलती और रातों-

**न्यूयार्क।** एक कहावत है 'ऊपरवाला जब भी देता है, तो छप्पर फाड़कर देता है।' अमेरिका के ओहियो के एक व्यक्ति के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। अक्सर हम दुकानदार की गलती पर उसे टोक देते हैं, लेकिन इस शख्स के लिए दुकानदार की एक भूल उसके लिए वरदान साबित हुई। महज 10 डॉलर (यानी लगभग 950 रुपए) की एक गलत टिकट ने शख्स को एक झटके में करोड़पति बना दिया।14 मार्च को ओहियो के लेक काउंटी का रहने वाला यह शख्स पेन्सविले में स्थित चेस्टनट फूड मार्ट पर लॉटरी का टिकट खरीदने पहुंचा। उसने स्टोर क्लर्क से कहा, मुझे 1 डॉलर वाले 5 और 5 डॉलर वाला एक ईज़ीप्ले क्विक स्पॉट टिकट चाहिए।



# छोटे-से कुएं से होती है इस नदी की शुरुआत, सोना ढूंढने आते हैं लोग



रांची। झारखंड की राजधानी रांची से महज 15-16 किलोमीटर दूर नगड़ी गांव में एक छोटा सा कुआं है, जिसका नाम है रानी चुआं। इसी कुएं से निकलती है भारत की वो अनोखी नदी जिसका नाम सुनकर हर कोई हैरान रह जाता है– स्वर्णरेखा नदी। स्वर्ण यानी सोना और रेखा यानी लाइन, यानी सोने की रेखा। सचमुच इस नदी की रेत में सूक्ष्म सोने के कण मिलते हैं और आज भी लोग यहां सोना निकालकर अपनी किस्मत आजमाते हैं। स्वर्णरेखा नदी की कुल लंबाई करीब 474 किलोमीटर है। लेकिन, सबसे खास बात तो इसके उद्गम स्थल से जुड़ी है, जो है एक छोटा सा कुआं।

### मिलते हैं सोने के कण

यह नदी छोटानागपुर पठार से शुरू होकर झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से गुजरती हुई अंत में बंगाल की खाड़ी में समा जाती है। नदी का उद्गम स्थल इतना अनोखा है कि लोग दूर-दूर से इसे देखने आते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस कुएं से पहले सोना निकलता था, इसी वजह से नदी का नाम स्वर्णरेखा पड़ा है। नगड़ी गांव के आसपास और नदी के किनारे खासकर रत्नगढ़ क्षेत्र में सोने के कण सबसे ज्यादा मिलते हैं। आदिवासी समुदाय और स्थानीय मजदूर सुबह से शाम तक नदी की रेत को छानते रहते हैं। वे पारंपरिक तरीके से बाल्टी, छलनी और लकड़ी के उपकरणों की मदद से रेत धोते हैं। इसमें से छोटे-छोटे सोने के कण अलग होते हैं। एक महीने में कोई 60 से 80 कण निकाल लेता है, तो किसी की किस्मत और अच्छी चल जाती है। कई लोग बताते हैं कि अच्छे दिन में 200 से 400 रुपए तक का सोना एक दिन में मिल जाता है।



### क्या है वैज्ञानिक कारण?

वैज्ञानिकों के अनुसार, नदी भू-वैज्ञानिक रूप से खनिज समृद्ध क्षेत्र से गुजरती है। चोटानागपुर पठार में सोने वाले चट्टान हैं। नदी का बहाव इन चट्टानों को काटता है और सोने के सूक्ष्म कण पानी के साथ बहकर रेत में जमा हो जाते हैं। यह प्रक्रिया सदियों से चल रही है। महाभारत काल से भी इस नदी का जिक्र मिलता है। किंवदंती है कि अर्जुन ने तीर चलाकर पानी निकाला था और उसी के साथ सोने के कण भी आए थे। नगड़ी के पास पिस्का गांव में पहले सोने की खदान भी थी। बाद में नदी की रेत में सोना मिलने लगा। आज भी कई परिवार इस काम पर निर्भर हैं। वे नदी की रेत को घर ले जाते हैं, धोते हैं और फिर छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके स्थानीय बाजार या सुनारों को बेच देते हैं। कुछ लोग तो पूरे परिवार के साथ नदी किनारे डेरा डालकर दिन-रात मेहनत करते हैं।

# ईसा मसीह के 'कफन' में मिला भारतीय कनेक्शन!

## रहस्यमयी कफन के डीएनए टेस्ट में बड़ा खुलासा; क्या भारत आए थे जीसस?

**नई दिल्ली।** ईसा मसीह के रहस्यमयी कफन को लेकर एक चौंकाने वाला वैज्ञानिक खुलासा हुआ है। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि इस कफन पर पाए गए डीएनए के अंश भारतीय मूल से जुड़े हुए हैं। सदियों से रहस्य बना हुआ पवित्र कपड़ा एक बार फिर चर्चा में है। ट्यूरिन का कफन को कई लोग ईसा मसीह का कफन मानते हैं। अब इसको लेकर हुई नई रिसर्च ने कई पुराने सवालों को एक बार फिर से जिंदा कर दिया है। 4.4 मीटर लंबे इस लिनन के कपड़े पर एक धुंधली आकृति बनी है, जो किसी घायल पुरुष की लगती है। अब वैज्ञानिकों ने इसके डीएनए की जांच की है, जिसमें इसके तार भारत से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। जिसके बाद अब यह मामला सिर्फ आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विज्ञान के लिए भी एक बड़ी पहेली बन गया है। यह रिसर्च इस कपड़े की हजारों साल लंबी यात्रा और इसके 'ग्लोबल' सफर की नई कहानी बयां कर रही है।

### भारत से जुड़ाव कैसे?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस कपड़े में भारत से जुड़े निशान कैसे आए। कुछ लोगों का मानना है कि पुराने समय में व्यापार के जरिए कपड़े और सामान एक जगह से दूसरी जगह भेजे जाते थे। हो सकता है यह कपड़ा भी ऐसे ही किसी रास्ते से होकर गुजरा हो। वहीं कुछ एक्सपर्ट्स यह भी कहते हैं कि सदियों तक अलग-अलग लोगों के संपर्क में रहने की वजह से भी इसमें कई जगहों के डीएनए जुड़ सकते हैं। न्यू साइंटिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में वैज्ञानिकों ने इस कपड़े से जुड़े बहुत छोटे-छोटे कणों की जांच की। ये कण आंखों से दिखाई नहीं देते, लेकिन इनमें कई तरह की जैविक जानकारी छिपी होती है।



### क्या है यह रहस्यमयी कपड़ा?

श्राउड ऑफ ट्यूरिन एक लंबा कपड़ा है, जिस पर एक इंसान की हल्की-सी छवि नजर आती है। कई लोग मानते हैं कि यह वही कपड़ा है, जिसमें सूली पर चढ़ाए जाने के बाद यीशु मसीह के शरीर को लपेटा गया था। इसी वजह से यह कपड़ा धार्मिक रूप से बेहद अहम माना जाता है। लेकिन, इसकी सच्चाई क्या है, इसे लेकर हमेशा बहस होती रही है?

# अश्लील हरकत की शिकायत पर वक्फ बोर्ड ने शहर काजी को पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन यतीमखाना बैजनाथ पारा रायपुर शहर के काजी आरिफ अली फारूकी को एक महिला के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने काजी के पद से हटा दिया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के मुताबिक यह प्रदेश का ही नहीं, देश का ऐसा पहला मामला है जिसमें किसी काजी को ऐसी शर्मनाक हरकत के कारण पद से हटाया गया है। अब जल्द शहर के मौलाना तीन नामों का पैनल बनाकर वक्फ बोर्ड को देंगे तो नए काजी की नियुक्ति की जाएगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# पहाड़ों की हवा को बोतल में किया कैद, अब दिल्ली में बेच रहा युवक

**नई दिल्ली।** आज के समय में लोग पैसा कमाने के लिए लोग नए-नए और अनोखे एक्सपेरिमेंट करते रहते हैं। लेकिन, कभी-कभी कोई साधारण सा सोच भी इतना अलग होता है कि वह सभी का ध्यान खींच लेता है। ऐसा ही एक दिलचस्प मामला सामने आया है, जहां एक लड़के ने अपनी समझदारी और थोड़ी क्रिएटिव सोच से सबके लिए उपलब्ध हवा को ही बेच दिया, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक लड़के ने लोगों से पूछा कि क्या हवा बेचा जा सकता है? वह घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश गया था। वहां की ठंडी हवा, हरियाली और शुद्ध वातावरण ने उसे बहुत प्रभावित किया। पहाड़ों की ताजी हवा का अनुभव उसके लिए बिल्कुल अलग और सुकून देने वाला था। इसी दौरान उसके मन में एक अनोखा ख्याल आया क्यों न इस ताजी हवा को किसी तरह अपने साथ ले जाया जाए और इसे बेचा जाए?

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 01/2026

निविदा सं 50265131_RC जिसके खुलने की तिथि 30/04/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/130/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं– **Tender No. & short Description:** 50265131_RC Description: सप्लाई ऑफ 5 वाट VHF डिजीटल वॉकी टॉकी सेट विथाउट कीपैड एंड विथाउट डिस्प्ले, निविदा खोलने की तिथि– **From:** 30/04/2026, **To:** 24/04/2026, अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईटी https://www.ireps.gov.in देखें

(हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामाग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- अनूपपुर (म.प्र.)**
**कार्यालय- जिला पंचायत भवन प्रथम तल अनूपपुर (म.प्र.) E-Mail- eeresanuppur@mp.gov.in**

क्रमांक/ /निविदा/ग्रायांसेवा/2026 अनूपपुर, दिनांक / /2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Cover-2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-अनूपपुर के निम्नांकित सिविल कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में अथवा अन्य राज्यों/उपक्रमों/संस्थाओं / प्राधिकरण समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र अपेंडिक्श 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर आई. डी. नम्बर | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC)(रुपए लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_RES_496035_1 | बाऊण्ड्रीवाल निर्माण सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल राजेन्द्रग्राम | राजेन्द्रग्राम | 5.65 | 11300 | 2000/- | 04 माह | प्रथम |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 08.04.2026 प्रातः समय 10:30 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 13.04.2026 समय 05:30 बजे सायं तक तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि 08.04.2026 प्रातः समय 10:30 से प्रारंभ होकर दिनांक 13.04.2026 समय 05:30 बजे सायं तक निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही अपलोड की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
G-11075/26 "स्वच्छता ही सेवा" ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- अनूपपुर (म.प्र.)

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें मेहनत से सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**वृष** — आज स्थिरता और व्यावहारिक सोच का दिन है। करियर में प्रगति के अवसर आएंगे। परिवार के साथ समय बिताने से शांति मिलेगी। पाचन का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज संचार और बुद्धिमत्ता से सफलता मिलेगी। नौकरी या व्यापार में अच्छे प्रस्ताव आएंगे। छोटी यात्रा लाभदायक साबित होगी।

**कर्क** — भावनाओं पर नियंत्रण रखें। घरेलू मामलों में सुधार होगा, परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन तनाव न लें।

**सिंह** — नेतृत्व क्षमता दिखाने का उत्तम दिन। कार्यक्षेत्र में तरक्की और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**कन्या** — मेहनत और जिम्मेदारियों से भरा दिन। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, सराहना मिलेगी। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला** — संतुलन और सौंदर्य का प्रभाव रहेगा। करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, नियमित व्यायाम शामिल करें।

**वृश्चिक** — गहन सोच और रहस्यमयी गतिविधियों का दिन। कार्य में गुप्त सहयोग से लाभ हो सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। स्वास्थ्य में लापरवाही न


**धनु** — भाग्यशाली दिन साबित होगा। यात्रा या नई योजनाएं सफल होंगी। करियर में उन्नति के योग हैं। आर्थिक सुधार होगा। प्रेम जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य, नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**कुंभ** — नए विचार और रचनात्मकता से लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक लाभ संभव, निवेश सोचकर करें। प्रेम में रोमांच रहेगा।

**मीन** — अंतर्मुखी और भावनात्मक दिन रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में सुधार के संकेत हैं। मानसिक संतुलन बनाए रखें।

## शब्द पहेली - 6185



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6184 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6195

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6194 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



## खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

### लाइफ Style



## दिव्या एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

### हॉलीवुड मसाला



## जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



## एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



## सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



## धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

### टीवी मसाला



## पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट



शो का नया सीजन देखने को मिलेगा। जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंडस्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

## अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान




**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

## इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

## बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

### दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

# ट्रेनिंग में लौटे चेन्नई सुपर किंग्स के दो धाकड़ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में आगाज अच्छा नहीं रहा था। टीम को राजस्थान रॉयल्स के सामने करारी हार मिली थी। अब दूसरे मुकाबले में चेन्नई का सामना पंजाब किंग्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए अच्छी खबर है। उसके दो अहम खिलाड़ी ट्रेनिंग में नज़र आए।

ये दोनों चोटों की वजह से राजस्थान के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे। ये हैं महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस। हालांकि दोनों के खेलने पर अभी तस्वीर साफ नहीं हुई लेकिन ट्रेनिंग में आने से बूस्ट मिला है। धोनी के बारे में चेन्नई ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए बाहर हुए हैं। वह अभी काफ स्ट्रेन से जूझ रहे हैं। वहीं ब्रेविस को साइड स्ट्रेन के चलते पहले मुकाबले से बाहर रहना पड़ा था। उनकी वापसी पर कोई अपडेट नहीं आई थी। इस बीच यह साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम फिजियो के साथ प्रैक्टिस करता दिखा। उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान वे किसी मुश्किल में नहीं दिखे। ोनी ने 1 अप्रैल को भी सीएसके की प्रैक्टिस में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया था। 2 अप्रैल को उन्होंने पेसर्स और थ्रोडाउन भी खेले। इस दौरान कुछ शॉट्स पर तो गेंद स्टैंड्स में जाकर गिरी। धोनी के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने हंसते हुए कहा कि उनके बारे में 13वीं दिन अपडेट दी जाएगी क्योंकि वे दो सप्ताह के लिए पहले ही बाहर हो चुके हैं।



# अभिषेक ने जताई असहमति, लगा 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सनराइजर्स हैदराबाद के उप कप्तान अभिषेक शर्मा पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। अभिषेक ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल एक के उल्लंघन का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की दी सजा को मान लिया।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।



अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन बनाकर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 65 रन से जीता, जो उसकी मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत भी है। अभिषेक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए लेकिन टीवी अंपायर नितिन मेनन के फैसले पर असहमति जताने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया।

वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डाइव लगाकर अभिषेक का कैच लिया, लेकिन इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं था कि कैच साफ तरीके से लिया गया था। लेकिन मेनन ने कैच को वैध करार दिया, जिस पर अभिषेक ने अपनी असहमति जताई थी।

## खबर संक्षेप




### मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। रहाणे ने कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है।

### पीएसबी ने की खेल बजट में बढ़ोतरी की मांग

**कराची।** पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल



प्रतियोगिताओं की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए उनका सालाना बजट 1.2 अरब रुपए से बढ़ाकर 4.9 अरब रुपए कर दिया जाए। इस हफ्ते इस्लामाबाद में पीएसबी की 36वीं सालाना बैठक में सालाना बजट बढ़ाने के संबंध में फैसला लिया गया। पड़ोसी देश भारत और एशिया के दूसरे देशों की तुलना में पाकिस्तान का खेल बजट सबसे कम माना जाता है, जिसने 1984 के बाद से ओलंपिक खेलों में सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता है।

### भविष्य का खिलाड़ी गजांफर, करेगा बेहतर प्रदर्शन : जयवर्धने

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने



अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजांफर का बचाव करते हुए उन्हें टीम का 'एक्स फैक्टर' बताया। बीस वर्ष के गजांफर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में 51 रन दिए थे। जयवर्धने ने कहा,' वह भविष्य का खिलाड़ी है।


## आईपीएल: राजस्थान और गुजरात के बीच मुकाबला आज

# 'वंडर ब्वाय' वैभव के सामने गुजरात के तेज गेंदबाजों की असली चुनौती

गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है, जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था।



**टीमें इस प्रकार**

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

मैच का समय : शाम 7:30 बजे

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, पृथ्वी राज यारा, टॉम बैंटन।

## मुंबई बनाम दिल्ली, टॉप ऑर्डर पर नजर, मैच दोपहर 3:30 बजे से



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा ने 78 रन की तूफानी पारी खेलकर पुराने दिनों की याद दिला दी और टी20 क्रिकेट में शानदार वापसी की। उनके साथी सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने भी 81 रन की आक्रामक पारी खेलकर अच्छा सहयोग दिया।

## शतरंज

# 11 साल की बोधना बनीं इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी...



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी।

### हैरो की स्कूली छात्रा की बड़ी उपलब्धि

विज्ञप्ति के अनुसार, ' यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने (2020 के कोविड19) लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे।' भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिवानंदन को बधाई दी और उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने सरकारी आवास पर उनके साथ एक मैच खेला था। सुनक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'केवल 11 साल की उम्र में इंग्लैंड की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी बनने पर बोधना शिवानंदन को बहुत-बहुत बधाई। हम एक बार डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक-दूसरे के खिलाफ खेले थे। उनकी सफलता कोई हैरानी की बात नहीं है।'

# महिला चैंपियंस लीग : बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड पर दागे 6 गोल, आठवीं बार सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार की चैंपियन टीम बार्सिलोना की तरफ से दूसरे चरण में कैरोलिन ग्राहम हैनसेन ने दो गोल जबकि एलेक्सिया पुटेलस, इरेन पारेडेस, ईवा पजोर और एस्मी ब्रुग्ट्स ने एक-एक गोल किया। बार्सिलोना सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना करेगा। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में ओलंपिक लियोनेस ने को वोल्फ्सबर्ग को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला मौजूदा चैंपियन आर्सेनल से होगा। वोल्फ्सबर्ग पहले चरण के बाद 1-0 से आगे था। इस तरह से लियोनेस ने कुल 4-1 से जीत दर्ज की।



### लिन ने तागुची को 5-0 से हराया, सेमीफाइनल में

**उलानबटोर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लिन यू टिंग ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में आसान जीत दर्ज की। विश्व में मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने उनके लिंग की पुष्टि करने के लिए जीन परीक्षण किया था, जिसमें वह सफल रही थी। इसके बाद यह उनकी पहली प्रतियोगिता है। ताइवान की पहली ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन लिन ने 60 किलोग्राम के लाइटवेट वर्ग के पहले दौर में थाईलैंड की थानन्या सोमनुएक को 5-0 से हराया था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी अयाका तागुची पर 5-0 से जीत हासिल की।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारत के तीन पदक पक्के, निकहत प्रिया और प्रीति खेलेंगी सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने अपने मुकाबले जीतकर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे भारत के लिए कम से कम तीन पदक पक्के हो गए।

निकहत ने महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पूरी तरह दबदबा बनाते हुए फिलीपींस की जियान बागुहिन पर पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से शानदार जीत हासिल की। अब सेमीफाइनल में निकहत का सामना चीन की वू यू से होगा, जिन्होंने 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।



### प्रिया ने चेंगयु यांग को 4-1 से हराया

महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में प्रिया ने संयम और समझदारी दिखाते हुए चीन की चेंगयु यांग को 4-1 से हराया। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रिया का मुकाबला मंगोलिया की नामुन मोनखोर से होगा। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में प्रीति ने पांचवें दिन शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति ने मंगोलिया की मुंगुन त्सेत्सेग को सर्वसम्मत फैसले से 5-0 से हराया, जिससे अब सेमीफाइनल में उनका सामना इम एजी से होगा। पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग में दीपक क्वार्टर फाइनल में जोर्डन के जेयाद ईशाश से 1-4 से हारकर बाहर हो गए।

## अरामको चैंपियनशिप

# अदिति का सर्वश्रेष्ठ, 58वें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| लास वेगास

अदिति अशोक ने भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह अरामको चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 58वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाया। भारत की अन्य खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत, दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।

अवनी और दीक्षा तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर, जबकि प्रणवी चार ओवर 76 के स्कोर के साथ संयुक्त 90वें स्थान पर हैं। कट दो ओवर पार पर निर्धारित किया गया है। इससे अदिति मुश्किल में पड़ गई हैं जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों पर दूसरे दौर के बाद बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। पहले दौर के बाद जापान की मियू यामाशिता और नासा हाटाओका तथा अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इन तीनों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।



## टेक्सास ओपन

# येल्लामाराजू की अंडर 69 स्कोर से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सैन एंटोनियो

भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येल्लामाराजू ने वैलेरो टेक्सास ओपन में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।

पहले दौर के बाद मार्क हबर्ड शीर्ष पर काबिज थे। उन्होंने सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। हबर्ड ने चौथे होल में बोगी की लेकिन इसके बाद उन्होंने आठ बर्डी लगाकर दिन का अच्छा समापन किया। येल्लामाराजू ने 10वें, 11वें और 12वें होल में लगातार तीन बर्डी लगाकर शुरुआत की, लेकिन 15वें और 18वें होल पर वह बोगी कर बैठे। उन्होंने 17वें होल में एक और बर्डी हासिल की। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले 9 होल की शुरुआत दो बर्डी से की, लेकिन पांचवें और सातवें होल पर शॉट गंवा दिए। उन्होंने नौवें होल पर बर्डी के साथ पहले दौर का समापन किया।



## इंटरनेशनल सीरीज

# करणदीप दूसरे स्थान पर, जीव को कट हासिल

एजेंसी ▶▶| चीबा

भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने 20 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज जापान में लगातार दूसरा बोगी मुक्त दौर खेला, जिससे वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। कोचर (67-65) छह-अंडर 65 के कार्ड से पार-71 कोर्स पर 10-अंडर के कुल स्कोर पर हैं।

कट में जगह बनाने वाले एकमात्र अन्य भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह (72-69) हैं, जिन्होंने 17वें होल पर बर्डी लगाकर एक-अंडर पर कट में जगह बनाई। कोचर ने पहले दिन तीन बर्डी लगाई थीं और कोई बोगी नहीं की थी। उन्होंने दूसरे दौर में भी कोई बोगी नहीं की और पांच बर्डी लगाई। वह जापान के शुगो इमाहारा (67-65) के साथ दूसरे स्थान पर हैं और कोरिया के होंगटेक किम (64-67) से एक स्थान पीछे हैं।






याचिका पर एक सप्ताह बाद होगी सुनवाई, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय ने दायर किया है मानहानि का केस

# मानहानि केस के खिलाफ राहुल गांधी हाईकोर्ट की शरण में

हरिभूमि जबलपुर।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन व परिवाद को निरस्त कराने की मांग की गई है। याचिका पर जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की बेंच एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगी। राहुल गांधी ने याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। कार्तिकेय सिंह ने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर कर कहा है कि 2018 में राहुल कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए मुकदमा दायर किया है। इसी मामले में राहुल गांधी को समन जारी किया गया है।



रोके गए देयक और वाद व्यय का भुगतान करने आदेश

# दिवंगत रेल कर्मचारी की पत्नी को मिली राहत

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के एक दिवंगत कर्मचारी की पत्नी को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। दस्तावेजों में नाम अलग-अलग होने के कारण रेलवे प्रशासन ने जो सेवा निवृत्ति लाभ और अंतिम भुगतान रोका था, उसे अब जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि विवाह के बाद सरनेम बदलना सामान्य बात है और ऐसे मामलों में अलग-अलग नामों को एक ही व्यक्ति माना जाएगा।

मामले के अनुसार जबलपुर मंडल में टेक्नीशियन-1 पद पर कार्यरत कर्मचारी का 15 जुलाई 2024 को निधन हो गया था। इसके बाद उनकी पत्नी ने अंतिम भुगतान और अन्य सेवा लाभों के लिए आवेदन किया। जांच के दौरान रेलवे प्रशासन ने पाया कि महिला के अलग-अलग दस्तावेजों में नाम में अंतर है। इसी आधार पर भुगतान रोक दिया गया और न्यायालय से घोषणा लाने को कहा गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान वादिनी की ओर से अधिवक्ता शिवम गुप्ता ने बताया कि नाम में अंतर विवाह के बाद सरनेम बदलने के कारण है। इसके समर्थन में शपथ पत्र और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। रेलवे की ओर से नामों की विसंगति और विवाह संबंधी दस्तावेजों की कमी का हवाला दिया गया। सभी पक्षों को सुनने के बाद तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, जबलपुर रिशा अहमद कुरैशी की अदालत ने गत दिवस को फैसला सुनाया। अदालत ने महिला के सभी नामों को एक ही व्यक्ति का घोषित करते हुए उन्हें वैधानिक मान्यता दी और रेलवे प्रशासन को शेष भुगतान प्रक्रिया जल्द पूरी करने के आदेश दिए। साथ ही प्रकरण में हुए खर्च का वहन भी रेलवे प्रशासन को करने के निर्देश दिए गए।

रेल संचालन को बनाया जा रहा है और अधिक सुरक्षित व सुगम

# पमरे कारखानों में 8725 कोच/वैगनों की ओवर हॉलिंग, रिकॉर्ड उपलब्धि

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल (पमरे) के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोचों एवं वैगनों के पीरियोडिक ओवर हॉलिंग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल 8725 कोच/वैगनों का ओवर हॉलिंग कार्य किया गया। इसमें सीआरडब्ल्यूएस भोपाल द्वारा 1336 कोचों का अनुरक्षण तथा डब्ल्यूआरएस कोटा द्वारा 7389 वैगनों की मरम्मत की गई। यह पिछले वर्ष 2024-25 के 8307 कोच/वैगनों की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। पीओएच के अंतर्गत कोच एवं वैगनों की बॉडी, अंडर गियर, बोगी, एयर ब्रेक सिस्टम, बफर, व्हील एवं एक्सल की मरम्मत कर सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। आधुनिक तकनीक एवं बेहतर अनुरक्षण प्रणाली के माध्यम से पमरे द्वारा रेल संचालन को और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाया जा रहा है।

## जबलपुर से अयोध्या के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से "गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 13-13 ट्रिप" चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन "वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों" के साथ संचालित होगी। जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन (13-13 ट्रिप)-गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से शाम 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:50 बजे, अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:28 बजे, प्रयागराज छिवकी 02:15 बजे, मिर्जापुर 04:00 बजे, वाराणसी 07:05 बजे, जौनपुर जंक्शन 08:30 बजे पहुँचकर और बुधवार को अयोध्या धाम जंक्शन 11:25 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक प्रत्येक बुधवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन अयोध्या धाम जंक्शन से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर जौनपुर जंक्शन 16:00 बजे, वाराणसी 17:10 बजे, मिर्जापुर 19:45 बजे, प्रयागराज छिवकी 21:30 बजे, पहुँचकर अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:23 बजे, सतना 01:50 बजे, मैहर 02:15 बजे, कटनी 04:35 बजे, सिहोरा रोड 05:20 बजे और गुरुवार को जबलपुर 06:45 बजे पहुंचेगी।

स्थानीय नेटवर्क की जांच तेज

# 5 अफगानी नागरिकों की हिरासत 15 अप्रैल तक बढ़ी

**जबलपुर।** शहर में फर्जी दस्तावेजों के सहारे वर्षों से रह रहे पांच अफगानी नागरिकों के मामले में जांच लगातार गहराती जा रही है। विशेष एटीएस न्यायालय ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, किसी भी आरोपी को राहत देना उचित नहीं होगा। जांच एजेंसी के अनुसार सोहबत खान, गुल अघा खान, सरदार खान, शाह वली और हमीदुल्लाह नाम के ये विदेशी नागरिक शहर के ओमती क्षेत्र में अलग-अलग नाम और पहचान के साथ रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये सभी लंबे समय से स्थानीय लोगों के बीच घुलमिलकर रह रहे थे, जिससे किसी को उन पर संदेह नहीं हुआ।

### 2015 में अवैध प्रवेश

एटीएस की जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी सोहबत खान वर्ष 2015 में अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। इसके बाद उसने स्थानीय महिला से विवाह किया और धीरे-धीरे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए दस्तावेज तैयार करवा लिए। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने राशन कार्ड, आधार कार्ड और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी हासिल कर लिया था। जांच एजेंसियों के अनुसार इतने महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवाना बिना किसी नेटवर्क के संभव नहीं है। इसी कारण अब स्थानीय स्तर पर मदद करने वालों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### स्थानीय मददगारों की तलाश

एटीएस ने अदालत में दलील दी कि इस पूरे मामले में एक संगठित गिरोह की आशंका है। कुछ स्थानीय लोगों और संभवतः सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से दस्तावेज तैयार किए गए हो सकते हैं। एजेंसी ने कहा कि बैंक खातों, संपत्ति, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच जारी है। सूत्रों के अनुसार जांच टीमें अब इन आरोपियों के बैंक लेनदेन, संदिग्ध खातों और संपर्कों की जानकारी जुटा रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनके तार कहीं और तो नहीं जुड़े हैं।

### अंतरराष्ट्रीय कड़ी की भी जांच

सुरक्षा एजेंसियां इस मामले को सिर्फ फर्जी दस्तावेज का मामला मानकर नहीं चल रही हैं। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या इनका संबंध किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से तो नहीं है। इसी कारण जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है और विभिन्न एजेंसियों से समन्वय किया जा रहा है।

### अगली सुनवाई 15 अप्रैल को

विशेष एटीएस कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब अगली सुनवाई में जांच एजेंसी नए साक्ष्य और तथ्यों को अदालत के सामने रख सकती है।

## अज्ञात वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत दीनदयाल बस स्टेंड के पास एक वृद्ध की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात लगभग 11.30 बजे दीनदयाल बस स्टेंड से एक वृद्ध को अज्ञात कारण से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध की उम्र लगभग 60 साल बताई गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।


10 लाख लाना तभी घर आना, मामला दर्ज

# दहेज लोभियों ने बहु के साथ मायके वालों से भी किया दुर्व्यवहार

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत बकरा मार्केट बड़ी खेरमाई भानतलैया में एक विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। सुसराल वालों ने 10 लाख रुपए लाने पर ही मायके से ससुराल आने की शर्त रखी है। इसके बाद पीड़िता ने बेलबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बकरा मार्केट बड़ी खेरमाई भानतलैया हनुमानताल निवासी 23 वर्षीय श्रीमती सानिया अली का निकाह दिसंबर 2023 में हनुमानताल भानतलैया निवासी फैशल खान के साथ हुआ था। निकाह में उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दो लाख रुपये नकद, फर्नीचर, एक दोपहिया वाहन, तीन तोले का सोने का हार सेट, चांदी के जेवर तथा एक सोने की अंगूठी दी थी। बताया गया कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति फैशल खान, सास मैसर खान और ससुर फिरोज खान दहेज को लेकर ताने देने लगे। 1 अगस्त 2024 को जब उसकी मां तबस्सुम बानो मिलने आईं तो सास ने उन्हें अपमानित कर भगा दिया। विरोध करने पर पति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और किसी को बताने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा दो लाख रुपये कम बताकर अतिरिक्त रुपये और टीवी लाने का दबाव बनाया गया। मांग पूरी नहीं होने पर उसके जेवर गिरवी रख दिए गए और कुछ गहने बेच दिए गए। 29 नवंबर 2025 को पुत्र फैज के जन्म के बाद 19 दिसंबर को मुंडन कार्यक्रम के लिए पति के लिए सोने की चेन और परिवार के लिए महंगे कपड़े लाने की मांग की गई। चेन नहीं देने पर मायके पक्ष का अपमान कर उन्हें घर से निकाल दिया गया। इस दौरान मारपीट भी की गई और उसे बच्चे सहित कमरे में बंद कर दिया गया।

# ट्रेन में मिले नाबालिग बालक को सुरक्षित आरपीएफ को सौंपा गया

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में यात्री सुरक्षा एवं मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ट्रेन संख्या 12167 (एलटीटी–बनारस सुपरफास्ट) में एक नाबालिग बालक को सुरक्षित बचाया गया। दिनांक 31 मार्च 2026 को जबलपुर से प्रयागराज छिवकी के मध्य ड्यूटी के दौरान उप मुख्य टिकट निरीक्षक (डिप्टी सीटीआई) अनूप कुमार बोरिया द्वारा टिकट जांच के दौरान कोच बी/3 में लगभग 15 वर्षीय एक बालक अकेले एवं असहाय अवस्था में पाया गया। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह ट्रेन संख्या 11062 से जबलपुर तक आया था तथा उसे जयनगर जाना है। बालक के पास कोई वैध टिकट या दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बालक को सुरक्षा में लिया गया तथा आरपीएफ, जीआरपी कटनी को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ टीम को बालक को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया, ताकि आगे आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसके परिजनों का पता लगाया जा सके।




पुलिस कर्मी के पक्ष में पेश की गई खात्मा रिपोर्ट, एसटीएफ की रिपोर्ट के आधार पर याचिका का निराकरण

# पूर्व महापौर प्रभात साहू सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट पेश

हरिभूमि जबलपुर।

पूर्व महापौर प्रभात साहू से जुड़े विवाद में मप्र हाईकोर्ट के समक्ष एसटीएफ द्वारा सीलबंद लिफाफे में पेश की गई रिपोर्ट को रिकार्ड पर लिया गया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने रिपोर्ट अवलोकन करने पर पाया गया कि हेलमेट चैकिंग के दौरान पुलिस कर्मी से अभद्रता और वर्दी फाड़ने के आरोपित पूर्व महापौर सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर चार्जशीट पेश कर दी गई है। जबकि पुलिस कर्मी के विरुद्ध दर्ज की गई एफआइआर में खात्मा रिपोर्ट पेश कर दी गई है। कोर्ट ने इस जानकारी पर गौर करने के साथ ही याचिका का निराकरण कर दिया।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा ने जनहित याचिका में आरोप लगाया था कि पूर्व महापौर प्रभात साहू को लार्डगंज थानान्तर्गत बल्देवबाग के समीप वाहन चेकिंग दौरान पुलिसकर्मी ने बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए रोका था। पूर्व महापौर अपना परिचय देते हुए पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता करते लगे। इसके बाद समर्थकों के हुजूम एकत्र हो गया और पुलिस कर्मी की वर्दी फाड़ दी थी। पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी के खिलाफ नामजद एफआइआर दर्ज करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया। जबकि दूसरी ओर पुलिस कर्मी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। बावजूद इसके कि वायरल वीडियो में आरोपियों की शिनाख्त स्पष्ट थी।

हाई कोर्ट ने इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि जब पुलिसकर्मी सुरक्षित नहीं तो वह आम जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान करेंगे। हाईकोर्ट ने लार्डगंज थाना प्रभारी को निर्देशित किया था कि अगली सुनवाई में दर्ज की गई दोनों एफआइआर व केस डायरी के साथ व्यक्तिगत रूप से हाजिर हों। इसके साथ ही मामले की जांच एसटीएफ को सौंपे जाने का मोड़ आया। एसटीएफ की रिपोर्ट में पुलिसकर्मियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पूरी तरह तथ्यहीन और निराधार बताया गया। जांच एजेंसी ने इस हिस्से में खात्मा रिपोर्ट पेश करते हुए स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध नहीं पाई गई, जिसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई समाप्त मानी गई है।

### पूर्व महापौर के अलावा इनके नाम

एसटीएफ रिपोर्ट में पूर्व महापौर प्रभात साहू सहित शुभम अवस्थी, महेंद्र रैकवार, विजय सोनी और अभिनंदन जायसवाल की भूमिका स्पष्ट रूप से सामने आई है। एसटीएफ ने इन सभी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पुष्ट किया है, जिससे यह साफ हो गया कि घटनाक्रम में इनकी संलिप्तता जांच में प्रमाणित हुई है। इन आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराएं 121 (1), 132, 351(2), 3(5) और मोटर वीकल एक्ट 1988 की धाराओं 3/181, 129/194-डी 5 व 180 के तहत मामला दर्ज कर चालान पेश किया जा चुका है। एसटीएफ की रिपोर्ट ने इन धाराओं के तहत दर्ज मामलों को और मजबूत आधार प्रदान किया है। यह विवाद 18 सितंबर, 2025 को हेलमेट चैकिंग के दौरान शुरू हुआ था, जब पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता और मारपीट की घटना सामने आई थी। प्रारंभिक स्तर पर पुलिसकर्मी के खिलाफ ही एफआइआर दर्ज कर आरोपितों को अज्ञात रखा गया था, लेकिन अधिवक्ता मोहित वर्मा की जनहित याचिका के बाद मामले की एसटीएफ जांच में सच्चाई सामने आई। अब यह स्पष्ट हो गया है कि शुरुआती कार्रवाई पर राजनीतिक दबाव का असर था, जो जांच के सामने टिक नहीं सका।

### पांच साल की जेल, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान

कानून के जानकारों के अनुसार, बीएनएस की धारा 121 (1) शासकीय सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन के दौरान रोकने से संबंधित है। इस अपराध के साबित होने पर पांच साल की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। धारा-132 व 351(2) में दो साल की जेल या जुर्माना का प्रावधान है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240